रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-147 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राज्यपाल ने डॉ. रवि रत्न सक्सेना को किया उद्यानिकी विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने डॉ. रवि रत्न सक्सेना को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन जिला दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति डेका ने विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 14(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डॉ. रवि रत्न सक्सेना प्रोफेसर और एसोसिएट निदेशक (अनुसंधान), अनुसंधान सेवा निदेशालय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पाटन जिला दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया है।

### ट्रम्प के शब्दों में धमकी नहीं, अवसर देखें: एरिक गार्सेटी

**नयी दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद भारत के प्रति अमेरिकी नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना को खारिज करते हुये कहा कि ट्रंप के शब्दों को धमकी नहीं, अवसर के रूप में



देखा जाना चाहिये। गार्सेटी ने कहा कि हाल ट्रंप सरकार में ध्यान आव्रजन और व्यापार के मुद्दों पर केंद्रित होगा। साथ ही उन्होंने हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नये करारों और बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार का जिक्र करते हुए विश्वास जताया है कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच सहयोग और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लिये सहयोग से काम करने पर संभावनायें असीम हैं।

### नौसेना के लिए 2960 करोड़ रूपये की लागत से खरीदी जायेंगी मिसाइल प्रणाली

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए लगभग 2,960 करोड़ रुपये की लागत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल के अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह मिसाइल प्रणाली एक मानक फिट है, जो कई भारतीय नौसेना युद्धपोतों पर लगी है और इसे भविष्य में अधिग्रहण के लिए नियोजित अधिकांश प्लेटफार्मों पर तैनात किए जाने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य तकनीक को स्वदेशी बनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति 'आत्मनिर्भर भारत' पर जोर देने के साथ बीडीएल द्वारा 'खरीदें' श्रेणी के तहत की जाएगी।

# हेलमेट लगाओ, जान बचाओ

## सीएम साय ने हेलमेट लगाकर चलायी बाईक, सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेलमेट लगाकर बाईक चलाते हुए प्रदेशवासियों को हेलमेट लगाने और यातायात के नियमों के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी रायपुर के रोहणीपुरम गोल चौक पहुँचकर बाईक रैली में हिस्सा लिया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के साथ साथ चार पहिया वाहन चालकों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान साय ने हरी झण्डी दिखाकर भव्य बाईक रैली को रवाना भी किया। रैली के दौरान स्वंयसेवी संस्थाओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है। मनुष्य के अपने परिवार और समाज के प्रति दायित्व होते हैं, जिनका उनको निर्वहन करना होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने अपने परिवार के लिए अनमोल हैं जिसकी जगह कोई अन्य कभी नहीं ले सकता। इसलिए स्वयं को और अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन चलाते समय हम सभी को यातायात नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय सिर पर हेलमेट अवश्य ही पहनना चाहिए और कार चलाते समय सीट बेल्ट भी लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए इसे देश व राज्य की क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटनाएं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से होती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा सीमित रफ्तार में वाहन चलाने से वाहन पर बेहतर नियंत्रण होने से दुर्घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि कभी भी नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए।

# एक्टर सैफ अली खान पर हमला घर में घुसकर 6 बार किया चाकू से वार

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर एक अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया। एक्टर सैफ अली खान के ऊपर चाकू से हमला करते हुए आरोपी ने लगातार 6 वार किया। जानकारी अनुसार जब वह सुकून से अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे, तो एक अज्ञात शख्स ने उनके अपार्टमेंट में घुसकर उन पर चाकू से हमला कर दिया। मामला चोरी का बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामले का सच उजागर होगा। बांद्रा पुलिस फिलहाल छानबीन में जुट गई है। हमले के बाद सैफअली खान को मुंबई के बांद्रा में स्थित लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उनकी सर्जरी की गई है। डॉक्टरों ने फिलहाल उन्हें खतरे से बाहर बताया है। बताया जा रहा है कि यह हमला गुरुवार की रात तकरीबन 2 बजे के आसपास हुआ। उनके घर में एक सख्श घुस आया था, जिसने अभिनेता पर 6 बार चाकू से हमला किया। चाकू लगने की वजह से अभिनेता को कई चोटें आई हैं। सैफ अली खान को गर्दन और रीड की हड्डी के पास सबसे ज्यादा चोट आई है। इस पूरे मामले में अब सैफअली खान की टीम ने एक बयान जारी किया और कहा, मिस्टर सैफअली खान के घर पर चोरी करने की कोशिश की गई। अभी अभिनेता अस्पताल में हैं और उनकी सर्जरी चल रही है। उनके हाथ में चोट लगी है और परिवार के अन्य सदस्य बिल्कुल सही हैं। हम मीडिया और लोगों से ये गुजारिश करते हैं कि वह शांत रहें और किसी तरह की अटकलें न लगाए। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# तेलंगाना बार्डर पर मुठभेड़, 12 नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ से सटा हुआ इलाका तेलंगाना बार्डर पर जवानों और नक्सलियों के मुठभेड़ में 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि अभी तक इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कहा जा रहा है कि यह संख्या दर्जनभर से अधिक हो सकती है। पुजारी कांकेर नक्सलियों का गढ़ माना जाता है। मारूर बांका और पुजारी कांकेर इलाके में जवानों ने साहस दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मौके पर एक हजार से अधिक जवानों ने घेराबंदी की। गुरूवार की सुबह 9 बजे से फायरिंग शुरू हुई। जो लगातार जारी है। कहा जा रहा है कि जवानों से बचने के लिए दोपहर बाद नक्सली भागने के फिराक में थे। जिसकी घेराबंदी की जा रही है। बता दे की कुछ दिन पहले नक्सलियों ने आईईडी बम विस्फोट कर बड़ी घटना को अंजाम दिया था। जिसमें 8 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद सर्चिंग अभियान में और तेजी लाई गई। एक सप्ताह के भीतर नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए यह बड़ी कार्रवाई जवानों द्वारा की गई है। बहरहाल ऑपरेशन जारी है, आधिकारिक पुष्टि के बाद वास्तविक आंकड़ों का खुलासा होगा।

# पीएम मोदी ने स्वदेशी उपग्रह मिलन प्रौद्योगिकी सिद्ध करने के लिए इसरो को दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग (मिलन) कराने के सफल प्रदर्शन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को बधाई दी। मोदी ने इसे आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडएक्स) के तहत अपना पहला अंतरिक्ष डॉकिंग मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया और इसके साथ ही वह ऐसी तकनीकी उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इससे पहले यह उपलब्धि अमेरिका, रूस और चीन ने हासिल की थी। इसरो ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, अंतरिक्ष यान की डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। एक ऐतिहासिक क्षण। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता हासिल करने वाला चौथा देश बन गया। माना जा रहा है कि स्पैडेक्स मिशन उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों में इसरो की बढ़ती विशेषज्ञता को रेखांकित करता है और भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों और अंतरिक्ष स्टेशन सहयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

### इसरो के लिए तीसरे उपग्रह लांच पैड को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में 3985 करोड़ रूपये की लागत से तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी दे दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददता सम्मेलन में यह जानकारी दी। तीसरी लॉन्च पैड परियोजना में इसरो के अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यानों के लिए श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में प्रक्षेपण संबंधी बुनियादी ढांचे की स्थापना और श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैड के लिए स्टैंडबाय लॉन्च पैड के रूप में सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। इससे भविष्य के भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए प्रक्षेपण क्षमता में भी वृद्धि होगी। इस लांच पैड को यथासंभव सार्वभौमिक और अनुकूल विन्यास के लिए डिज़ाइन किया गया है जो न केवल एनजीएलवी बल्कि सेमीक्रायोजेनिक चरण के साथ एलवीएम3 वाहनों के साथ-साथ एनजीएलवी के बढ़े हुए विन्यास के भी अनुरूप होगा। इसे अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ साकार किया जाएगा। इसमें पहले के लॉन्च पैड स्थापित करने में इसरो के अनुभव का पूरा उपयोग किया जाएगा और मौजूदा लॉन्च कॉम्प्लेक्स सुविधाओं को अधिकतम साझा किया जाएगा। इस लांच पैड को 48 महीने या 4 साल की अवधि में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर 3984.86 करोड़ रुपये की लागत आयेगी और इसमें लॉन्च पैड तथा संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है।

### कर्तव्य पथ पर नहीं सुनाई देगी ध्रुव हेलिकॉप्टर और तेजस विमान की गर्जना



**नयी दिल्ली।** इस वर्ष 76 वें गणतंत्र दिवस की परेड के अवसर पर स्वदेशी उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर ध्रुव और लड़ाकू विमान तेजस की गर्जना नहीं सुनाई देगी क्योंकि ये दोनों ही प्लेटफार्म इस बार के फ्लाई पास्ट में शामिल नहीं हो रहे हैं। वायु सेना की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर किये जाने वाले फ्लाई पास्ट के बारे में जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि देश में ही बना उन्नत हल्का हेलिकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस फ्लाई पास्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि गत पांच जनवरी को भारतीय तटरक्षक के एक ध्रुव हेलिकॉप्टर की दुर्घटना के बाद इनकी उडान पर रोक लगाई गयी है। भारतीय सशस्त्र बलों के पास अभी 330 ध्रुव हेलिकॉप्टर हैं और इस दुर्घटना के बाद से ये सभी 'ग्राउंडेड' हैं। तेजस विमान को फ्लाई पास्ट में इसलिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि यह एक इंजन का विमान है।

# रेगुलेटरी एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट में छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी को सर्वाधिक पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 25वें रेगुलेटरी एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट में सीएसपीजीसीएल (छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी) को एक श्रेणी में विजेता तथा 2 श्रेणियों में उप-विजेता का खिताब प्राप्त हुआ। विभिन्न श्रेणियों के लिए दिए गए लगभग 50 पुरस्कारों में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव भी छत्तीसगढ़ को मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रमुख सचिव ऊर्जा, सुबोध कुमार सिंह ने इन उपलब्धियों के लिए राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि सुशासन की अवधारणा को जमीनी हकीकत बनाने में कंपनी कर्मियों का योगदान सराहनीय है। यह सिलसिला नई उपलब्धियों के साथ लगातार जारी रहना चाहिए। सुबोध सिंह के हाथों से जनरेशन कंपनी के एमडी एसके कटियार ने पुरस्कार ग्रहण किया। कर्नाटक राज्य के बेलगाम शहर में यह आयोजन 8 से 11 जनवरी के मध्य किया गया था। जिसमें देश के पॉवर सेक्टर में कार्यरत कई केंद्रीय एवं राज्य उपक्रमों के साथ ही विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। रिट्रीट में 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य के संदर्भ में वैश्विक राजनीतिक समीकरणों, पानी अनाज और ऊर्जा के परस्पर संबंध, आपदा प्रबंधन, पॉवर सेक्टर एवं साइबर सिक्युरिटी, रिन्यूएबल एनर्जी की संभावनाएं एवं चुनौतियां, 2047 तक विद्युत ऊर्जा के विकास की योजना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारियां दी गई। रिट्रीट में 2023-24 के प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न संवर्गों में 'पॉवर अवाड्र्स 2025' दिए गए। पारंपरिक स्त्रोतों से पॉवर जनरेशन में दो संवर्ग थे - 2012 के पूर्व स्थापित संयंत्र एवं 2012 के बाद स्थापित संयंत्र। छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र कोरबा को 2012 के पूर्व स्थापित संयंत्रों की श्रेणी में देश मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं 2012 के बाद स्थापित संयंत्रों के वर्ग में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम स्थित 500 मेगावॉट संयंत्र को फर्स्ट रनर-अप एवं अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा को सेकंड रनर-अप के रूप में सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद जी द्वारा किया गया।

**50 करोड़ की सड़क और लागत बढ़कर 142 करोड़ हो गया, इसी मामले में पत्रकार की हत्या कर दी गई**

# भूपेश बघेल ने कहा- लखमा की गिरफ्तारी बदले की भावना से की गई

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी बदले की भावना में की गयी क्योंकि उन्होंने (लखमा ने) विधानसभा में विष्णु देव सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। बघेल ने कहा कि राज्य में इस बदर स्थित खराब हो चुकी है कि भ्रष्टाचार उजागर करेंगे तो ईडी गिरफ्तार कर लेगी या मौत की नींद सुला दिया जायेगा। बघेल ने नयी दिल्ली स्थित कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ईडी ने 2021-22 में कार्रवाई शुरू की। तीन साल बाद लखमा की गिरफ्तारी हुई। लखमा ने विधानसभा में विष्णु देव सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था इसलिये बदले की भावना में उन पर कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि लखमा ने पीडब्ल्यूडी विभाग के भ्रष्टाचार पर विधानसभा में सवाल पूछा था। तारांकित प्रश्न था, उसका लिखित जवाब भी आया, मंत्री ने खुद स्वीकार किया प्रदेश में जब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी थी उस समय बिना विभाग की स्वीकृति के बिना टेंडर के पुल निर्माण करवा लिया गया। टेंडर उस दिन खुला जिस दिन लखमा ने सवाल लगाया था। बिना टेंडर के बिना स्वीकृति के आचार संहिता के समय पुल बन रहा था। बघेल ने कहा कि इस मामले को लखमा ने प्रमुखता से उठाया। सरकार, दोषी अधिकारी और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय आठ दिन के भीतर ईडी ने लखमा और उनके परिवार के लोगों के यहां छापे मारे। छापे में लखमा यहां एक रुपया भी नहीं मिला और कोई कागजात भी नहीं मिला जबकि उसके बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कवासी लखमा ने भारतीय जनता पार्टी सरकार और विष्णुदेव सुशासन वाली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया और बात यही तक नहीं रूकी कुछ दिन पहले पत्रकार मुकेश चंद्रकार ने भी सड़क मामले को उजागर किया। सड़क की स्वीकृति जो 50 करोड़ की सड़क है और लागत बढ़कर 142 करोड़ हो गया। सड़क बनी नहीं और 90 प्रतिशत भुगतान हो गया। तब पत्रकार की हत्या कर दी गई। मतलब यह है कि भ्रष्टाचार उजागर करेंगे तो ईडी गिरफ्तार कर लेगी या मौत की नींद सुला दिया जायेगा यह स्थिति है। गौरतलब है कि लखमा बघेल के करीबी माने जाते हैं। यही कारण है कि बघेल सरकार में लखमा आबकारी मंत्री थे।

# बिरला ने मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का किया शुभारम्भ

वार्ता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में विद्यार्थियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का शुभारंभ किया हैं। बिरला ने श्रीनाथपुरम स्थित लॉरेंस मेयो स्कूल से 'स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम' के तहत मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का शुभारंभ किया, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज में ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल के माध्यम से शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों को पासपोर्ट के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया को भी सरल और सुलभ बनाया जाएगा, इस अवसर पर बिरला ने कहा कि हमारे देश की युवा शक्ति ही हमारे उज्जवल भविष्य का निर्धारण करेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम विद्यार्थियों को हर संभव अवसर प्रदान करें। इस सुविधा से अब छात्र-छात्राएं पासपोर्ट बनाने के लिए पासपोर्ट कार्यालय जाने की बजाय अपने विद्यालय या कॉलेज में ही आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय बच सकेगा और उन्हें भविष्य में यात्रा, उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी
आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन** एवं ICU में भर्ती
सारी जांच प्रचिलित दरो से आधी कीमत (50%) पर



नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए
नि:शुल्क डिलीवरी*
(नॉर्मल एवं सिजेरियन)
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842
7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# शिवकुमार ने जारकीहोली की टिप्पणी को खारिज किया

एजेंसी बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) नेतृत्व में बदलाव का सुझाव देने वाले मंत्री सतीश जारकीहोली की टिप्पणी को खारिज कर दिया। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, क्या कोई मीडिया के माध्यम से या किसी दुकान से यह पद प्राप्त कर सकता है? यह हमारे द्वारा किए गए काम के लिए पुरस्कार के रूप में अर्जित किया जाता है। ऐसी धारणाएं एक नयी और गुमराह करने वाली प्रवृत्ति का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि जारकीहोली ने पहले कहा था कि पार्टी मामलों पर समर्पित ध्यान सुनिश्चित करने के लिए केपीसीसी को एक पूर्णकालिक नेता की आवश्यकता है। उन्होंने हालांकि बाद में स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा, मैंने कभी भी डीके शिवकुमार की जगह लेने की बात नहीं की। मेरी टिप्पणियों का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आगामी चुनावों की तैयारी करना था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मीडिया के एक वर्ग ने उनकी टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुये कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मंजूनाथ भंडारी ने वरिष्ठ नेताओं को संवेदनशील मामलों पर सार्वजनिक बयान देने के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा, केपीसीसी अध्यक्ष पद में बदलाव सहित नेतृत्व संबंधी फैसले पार्टी आलाकमान का विशेषाधिकार है और इस पर सार्वजनिक मंचों पर चर्चा नहीं की जानी चाहिए। ऐसे मामलों को आंतरिक रूप से रखा जाना चाहिए। भंडारी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अधिकार को दोहराया और पार्टी सदस्यों के बीच अनुशासन का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस आलाकमान ने जारकीहोली और अन्य द्वारा दिए गए बयानों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# ओडिशा के मुख्यमंत्री ने सफल अंतरिक्ष डॉकिंग के लिए इसरो को दी बधाई



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सफल अंतरिक्ष डॉकिंग के लिए इसरो को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'भारत ने सफल अंतरिक्ष डॉकिंग हासिल करने वाला चौथा देश बनकर इतिहास रच दिया है। यह स्मारकीय उपलब्धि पूरी इसरो टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और नवीनता का प्रमाण है। उन्होंने कहा, 'इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे प्रत्येक वैज्ञानिक, इंजीनियर और दूरदर्शी को बहुत-बहुत बधाई।

# गोदरेज कैपिटल ने राजस्थान में 70 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की हासिल

**जयपुर।** गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की वित्तीय सेवा संबंधी इकाई गोदरेज कैपिटल ने राजस्थान में 70 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हासिल की है, जिससे राज्य में इसके एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का मूल्य 270 करोड़ रुपये हो गया है। जयपुर इस सफलता का केंद्र बना हुआ है, जिसने राजस्थान के कुल एयूएम में 80 प्रतिशत का योगदान दिया है जो 220 करोड़ रुपये है। इस वार्षिक वृद्धि से एमएसएमई ऋण संबंधी पहलों के लिए एक प्रमुख फाइनेंस कंपनी के तौर पर गोदरेज कैपिटल की स्थिति और मजबूत हुई है। गोदरेज कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ मनीष शाह ने गुरुवार को यहां बताया कि एमएसएमई को मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए गोदरेज कैपिटल ने जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और अलवर में कार्यालयों के साथ राजस्थान में अपनी मौजूदगी को और बेहतर बनाया है और आज कंपनी राजस्थान के 17 सेवा योग्य लोकेशन को कवर करती है।

# कर्मियों की हड़ताल से न्यायिक कार्य ठप

एजेंसी बक्सर
www.dailypioneer.com



बिहार के बक्सर न्यायमण्डल के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से विभिन्न न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप हो गया। जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों की हड़ताल से बक्सर और डुमरांव स्थित किसी भी न्यायालय में कोई कार्य संपादित नहीं हो सका है। उन्होंने कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पटना उच्च न्यायालय को उनकी वाजिब मांगों पर शीघ्र विचार किया करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल से कोई भी कैदी जेल से उपस्थापित नहीं हो सका है और न जमानत आवेदनों पर सुनवाई हो सकी है। न्यायलीय कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर में अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया और अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल पर डटे रहने का संकल्प लिया। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अखौरी राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे राज्य में न्यायालयों के कर्मचारी अपनी चार सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। उन्होंने कहा कि स्नातक वेतनमान व प्रोन्नति, शत प्रतिशत अनुकम्पा नियुक्ति, चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की कालबद्ध प्रोन्नति एवं राज्य कैडर की मांगों के लिए हड़ताल पर है। न्यायालयों में हड़ताल की वजह से नित्य तीन लाख न्याय शुल्क व 50 हजार रुपये की उत्पाद अधिनियम में जुर्माना राशि की उगाही नहीं हो सकी है और किसी भी न्यायालय में कोई कैदी प्रस्तुत नहीं हो सका है। जमानत आवेदनों पर सुनवाई नहीं हो सकी है और नहीं किसी न्यायालय से कैदियों की रिहाई आदेश निर्गत हो सका है। धरनास्थल पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बबन ओझा व महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडेय ने भी संबोधित किया और आश्चर्य व्यक्त किया कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर अबतक पटना उच्च न्यायालय ने कोई कार्रवाई क्यों की है। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने न्यायलीय कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

धरनास्थल पर दिवंगत कर्मचारी इंद्रजीत गुप्ता के पिता बाँके बिहारी गुप्ता ने जब संबोधित किया तो माहौल कारुणिक हो गया है। धरनास्थल पर अजय कुमार, कमर आलम, संजय कुमार, संतोष कुमार द्विवेदी, सीमा रंजन,विनय सिंह, संतोष कुमार, जीशान खान, अफरोज आलम ने भी संबोधित किया।

# बिहार में कानून का राज नीतीश की सर्वोच्च प्राथमिकता: अंजुम आरा

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा है कि बिहार में कानून का राज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अंजुम ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित करना कुमार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि साल 2005 में राज्य की सत्ता संभालते ही कुमार ने राज्य में कानून व्यवस्था की हालत सुधारने के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिये, जिसकी वजह से बिहार में अमन चैन का माहौल कायम है और सैंकड़ों अपराधियों को जेल भेजने का काम किया गया है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कुमार की सरकार ने राज्य में संगठित अपराध को खत्म करने में बहुत हद तक सफलता पायी है और अब जिलों में गठित विशेष सेल की मदद से संगीन अपराध करने वाले अपराधियों को जेल पहुंचाने का काम किया जाएगा। साथ ही स्पीडी ट्रायल के माध्यम से जो भी बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई हैं उसके दोषियों को सजा दिलायी जाएगी। जिलों में विशेष सेल का गठन और उसकी जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अधिकारी को देना ये साफ दर्शाता है कि कुमार की सरकार अपराध पर लगाम लगाने को लेकर कृत संकल्पित है। अंजुम ने कहा कि इससे पहले भी साल 2006 में कुमार की सरकार में अपराधियों के खिलाफस्पीडी ट्रायल की शुरुआत हुई थी और उस दौरान दो से तीन सालों में ही राज्य सरकार ने 20 हजार से अधिक अपराधियों को जेल की सलाखों के अंदर पहुंचाने का काम किया था। राज्य में अपराध पर लगाम लगाने के मकसद से पुलिस महकमे में भी बड़े पैमाने पर भर्तियां जारी है। डायल 112 की मदद से लोगों को मिनटों में ही किसी भी आपदा में पुलिस सहायता आसानी से मिल पा रही है।

# शहडोल संभाग में निवेश के लिए 32 हजार करोड़ रुपयों से अधिक के प्रस्ताव

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहडोल में संपन्न रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 32 हजार करोड़ रुपयों से अधिक के निवेश संबंधी प्रस्ताव मिले हैं, जो शहडोल संभाग के लिए हैं। कॉन्क्लेव संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों में लगभग 31 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना व्यक्त की गयी है। उन्होंने औद्योगिक समूहों के नाम भी बताए, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश संबंधी प्रस्ताव पेश किए। डॉ यादव ने कहा कि इस तरह अब तक राज्य में सात रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो चुकी हैं। अब फरवरी माह में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट भोपाल में होगी, जिसमें देश विदेश के उद्योगपति शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सातों रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अब तक लाखों करोड़ रुपयों के निवेश संबंधी प्रस्ताव आए हैं। सरकार का प्रयास है कि राज्य में औद्योगिक विकास के साथ ही लोगों को रोजगार और रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। इसके पहले डॉ यादव ने रीजनल इडस्ट्री कॉन्क्लेव में सिंगल क्लिक के माध्यम से 30 औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इन इकाइयों में 572 करोड़ रुपयों से अधिक का निवेश प्रस्तावित है।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर कार्रवाई हो: भाकपा

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान की तीखी निन्दा की है कि भारत को आजादी राम मंदिर के निर्माण के बाद ही मिली है। पांडेय ने कहा कि भागवत का बयान अपमानजनक, राष्ट्र विरोधी और भारतीय संविधान पर हमला है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। भागवत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के लिए शहीद होने वाले वीरों का भी अपमान किया है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि देश की आजादी के संग्राम में आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कोई योगदान नहीं था। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से आरएसएस-भाजपा का कोई लेना देना नहीं है। इन्होंने कुछ खोया नहीं है। इसलिए ये लोग आजादी को समझ नहीं सकते और इन्हें आजादी के अलग-अलग दिन दिखाई देते हैं। आरएसएस ने आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी है, उनके कोई भी लोग शहीद नहीं हुए,इसलिए ये लोग आजादी को मानने को राजी नहीं हैं और भागवत कह रहें हैं देश को आजादी 2024 में मिली है।

आरएसएस मुख्यालय पर 2014 तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी नहीं फहराया जाता था।

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लगायी फटकार



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर नकली सलाइन चढ़ाने से एक महिला की मौत पर गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगायी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम और न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य की पीठ ने संबंधित मामले में दायर जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को शोक संतप्त परिवार को सहायता राशि देने का निर्देश भी दिया तथा स्वास्थ्य विभाग से घटना की समय-सीमा तथा दवा दिए जाने वालों के नामों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी। राज्य के मेदिनीपुर अस्पताल में कथित तौर पर नकली सलाइन चढ़ाने के बाद चार अन्य गर्भवती महिलाओं को भी गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। उनमें से तीन को एसएसकेएम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया और आईसीयू में भर्ती कराया गया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने बताया कि 22 मार्च-2024 को कर्नाटक सरकार ने दूषित सलाइन की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया था और पश्चिम बंगाल सरकार को सूचित करते हुए उस कंपनी को उस राज्य में इसकी आपूर्ति करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद बंगाल सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की और सरकारी अस्पतालों के लिए सलाइन की आपूर्ति के लिए ब्लैक लिस्टेड (काली सूची वाली कंपनी) कंपनी को ऑर्डर दे दिया।

## नीतीश की प्रगति यात्रा नहीं दुर्गति यात्रा है : तेजस्वी



**गया।** बिहार विधानसभ में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह प्रगति यात्रा नहीं बल्कि दुर्गति यात्रा है। यादव ने बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लियेगया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, बिहार एक गरीब राज्य है, बावजूद इसके कुमार की प्रगति यात्रा पर अरबो रुपए की राशि खर्च हो रही है और इसका कोई फलाफल देखने को नहीं मिल रहा। इस. यात्रा के दौरान वे जनता से नहीं मिल रहे हैं, सिर्फ सरकार के सेवानिवृत अधिकारी ही उनकी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। पूरी तरह से लूट की छूट मिली हुई है।

# समस्तीपुर की अदालतों में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से कार्य बाधित

एजेंसी समस्तीपुर
www.dailypioneer.com

बिहार में समस्तीपुर अदालत समेत जिले के सभी अदालतों के न्यायिक कर्मचारियों ने वेतन विसंगति को दूर करने समेत चार सत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाने से न्यायिक कार्य बाधित हो गया है। बिहार राज्य कर्मचारी संघ के जिला प्रवक्ता परमानंद झा ने यहां बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बाद भी बिहार सरकार द्वारा न्यायालय कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने समेत अन्य चार सूत्री मांगों को अब-तक पूरा नहीं किया गया है। जिसके कारण आज से जिले के तीन सौ से अधिक न्यायिक कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। इधर, कर्मचारियों के हड़ताल का अधिवक्ताओं ने भी समर्थन करते हुए सरकार से जल्द इनकी मांगों को पूरा करने की मांग की। समस्तीपुर अदालत के वरिष्ठ अधिवक्ता परमेश्वरी प्रसाद सिंह ने सरकार से जल्द कर्मचारियों के मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है ताकि बाधित न्यायिक कार्य शुरू हो सकें।

# कंकाली मंदिर पुजारी के हत्या मामले में तीन दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास

एजेंसी दरभंगा
www.dailypioneer.com



बिहार में दरभंगा जिले की एक अदालत ने दरभंगा राज परिवार की कुलदेवी के मंदिर कंकाली मंदिर के पुजारी की हत्या के दोषी तीन युवकों को आज सश्रम आजीवन कारावास के साथ ही अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक रेणू झा ने बताया कि जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के लक्ष्मीसागर निवासी अरुणेश कुमार वास्तव के पुत्र अभिजीत श्रीवास्तव, मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के लखनपुर निवासी मनोज ठाकुर के पुत्र आशू ठाकुर और नगर थाना क्षेत्र के शुभंकरपुर मुहल्ला निवासी अमर कुमार यादव के पुत्र अभिषेक राज को भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 302, 307/34 में दोषी पाकर उन्हें सश्रम आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड की सजा सुनायी है। झा ने बताया कि विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 अक्टूबर 2021 को अहले सुबह चार बजे कंकाली मंदिर परिसर में नवरात्र के निशा पूजा के बाद कंकाली मंदिर में घुसकर पुजारी राजीव कुमार झा की गोली मारकर हत्या कर दी थी एवं एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने दो हमलावरों को पकड़ लिया और एक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुजारी राजीव कुमार झा की हत्या के मामले में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (तृतीय) सुमन कुमार दोषियों को भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास एवं एक-एक लाख रुपया का अर्थ दंड एवं भारतीय दंड विधान की धारा 307 के तहत सश्रम आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रूपया अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। झा ने बताया कि इसके अतिरिक्त शस्त्र अधिनियम की धारा 27 में दोषी पाकर आशू ठाकुर को सश्रम आजीवन कारावास और एक लाख रूपया अर्थ दंड की भी सजा सुनाई गयी है। उन्होंने बताया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। उन्होंने बताया कि पुजारी राजीव कुमार झा की हत्या के मामले में सूचक बने उनके पुत्र और वर्तमान पुजारी आयुष वैभव उर्फ गोलू पर 13 दिसंबर 2024 को अपने पैतृक गांव सीतामढ़ी जिला के कोरियाही गांव से वापस लौटने के क्रम में सीतामढ़ी जिला के पुपरी थाना क्षेत्र के चोरौत गांव के समीप बाइक सवार दो अपराधकर्मियों ने गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया था।

# लालू यादव की दागदार छवि से राजद को लग रहा है डर : मंगल



**पटना।** भाजपा के नेता और बिहार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि भ्रष्टाचार के कई मामलों में सजायाफ्ता राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दागदार छवि से अब राजद को डर लगने लगा है। पांडेय ने कहा कि लालू के जंगल राज वाली याद को बिहारी जनमानस से मिटाने की असफल कोशिश के तहत बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजद ने अपने हेड क्वार्टर के मेन पोस्टर से लालू की फोटो को हटा दिया है। कुछ दिन पहले तक पोस्टर पर एक तरफ तेजस्वी और दूसरी तरफ लालू की फोटो थी। पांडेय ने कहा है कि नए पोस्टर में तेजस्वी हैं, लेकिन लालू की जगह लालटेन ने ले लिया है। यह राजद की बिहार की जनता को झांसा देने की राजनीति है, लेकिन बिहार की जनता 15 वर्षों तक के राजद शासनकाल की उन भय, दहशत और सिहरन भरी यादों को आज तक नहीं भूली है। उन्होंने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव के समय भी लालू को पोस्टर से हटा दिया गया था,लेकिन राजद बेशर्मी से आज भी लालू को अपना स्वयंभू सुप्रीमो बनाये हुए है।

# राजस्थान मंडपम होगा विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त: भजनलाल



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान मंडपम विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय होगा। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय पर जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम एवं यूनिटी मॉल की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की पुख्ता कार्ययोजना बनाई जाए ताकि यहां पर बड़े आयोजन सुगमता से हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम स्थानीय कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरेगा।

# केंद्र, कर्नाटक में रेलवे परियोजनाओं को पूरी तरह से करेगा वित्तपोषित: सोमन्ना

एजेंसी बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने घोषणा की कि केंद्र सरकार ने उपनगरीय सेवाओं और भूमि अधिग्रहण के मुद्दों को छोड़कर कर्नाटक में रेलवे परियोजनाओं के लिए शत-प्रतिशत वित्त पोषण प्रदान करने का निर्णय लिया है। सोमन्ना ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, केंद्र सरकार ने उपनगरीय परियोजनाओं और भूमि से संबंधित मुद्दों को छोड़कर, राज्य सरकार के योगदान पर निर्भर रहे बिना कर्नाटक में रेलवे परियोजनाओं को पूरी तरह से वित्तपोषित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय एक साल पहले लिया गया था। इस पहल का उद्देश्य राज्य में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाना, राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ को कम करना और साथ ही कनेक्टिविटी और परिवहन दक्षता को बढ़ाना है। केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री ने हुडी हॉल्ट स्टेशन, व्हाइटफील्ड स्टेशन और कार्मेलराम सहित बेंगलुरु में प्रमुख रेलवे सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पनत्तूर रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी), डोड्डानेक्कुंडी ब्रिज और कार्मेलराम ब्रिज जैसी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी समीक्षा की। इससे पहले 14 जनवरी को मंत्री ने कोप्पल में लेवल क्रॉसिंग (एलसी) 66 की जगह 44.28 करोड़ रुपये की लागत से बने रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया। वर्ष 2018-19 में शुरू की गई इस परियोजना के पूरे होने से कुष्टगी-कोप्पल क्षेत्र में परिवहन में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। सोमन्ना ने कर्नाटक में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेलवे के प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें गडग-वाडी रेलवे लाइन की कमीशनिंग और सिंधनूर तक गिनिगेरा-रायचूर लाइन का पूरा होना शामिल है। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरओबी और आरयूबी का निर्माण करके चरणों में सभी लेवल क्रॉसिंग गेटों को खत्म करने की योजना की भी घोषणा की। वर्तमान में चल रही परियोजनाओं में कोप्पल के एलसी नंबर 63, 72, 77 और 79 पर पुल और गंगावती को बागलकोट और दारोजी से जोड़ने वाली नई रेलवे लाइनें शामिल हैं। कोप्पल आरओबी उद्घाटन के दौरान स्थानीय विधायक जी. जनार्दन रेड्डी ने अंजनाद्री (गंगावती) और अयोध्या के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नई ट्रेन सेवा, अंजनाद्री एक्सप्रेस शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने गंगावती रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अंजनाद्री रेलवे स्टेशन रखने का भी सुझाव दिया।

# बिहार में राजग मजबूत, नीतीश के नेतृत्व में लड़ेगें विधानसभा चुनाव : शाहनवाज



**सुपौल।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एकजुटता को लेकर जारी अटकलों को विराम लगाते हुए आज कहा कि प्रदेश में राजग काफी मजबूत है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। हुसैन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में चुनावी माहौल का आगाज हो गया है। प्रदेश में राजग का गठबंधन बहुत ही मजबूत है। मुख्यमंत्री बिहार में प्रगति यात्रा पर है और बिहार प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा और चुनाव के बाद फिर से नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री होंगे।

# नीतीश कुमार ने बदहाल बिहार को विकास के शिखर पर पहुंचाया: डा. निहोरा

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com




बिहार जनता दल यूनाईटेड प्रवक्ता डा. निहोरा प्रसाद यादव ने कहा कि बदहाल बिहार को आबाद करने का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। डा. निहोरा ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों से संवाद करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान बेपटरी हो चुकी बिहार की कानून व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सामाजिक सौहार्द्र को पटरी पर लाने का काम नीतीश कुमार ने किया है। उन्होंने कहा कि जिस बिहार में शाम होते ही लोग घरों में डर के चलते कैद हो जाते थे, वहां आज रात के समय भी लोग घूम फिर रहे हैं, अपना रोजगार कर रहे हैं और आत्मसम्मान की जिंदगी जी रहे हैं। बिहार के विकास को कृत संकल्पित कुमार ने राज्य भर की 15 यात्राएं की है, जिसका मकसद जिलों में जाकर प्रत्यक्ष तौर पर विकास कार्यों की समीक्षा करना है और जहां भी काम लंबित है उनका जल्द से जल्द क्रियान्वयन कराना है। डा. निहोरा ने खगड़िया जिले में विकास कामों की चर्चा करते हुए कहा कि सात बड़ी नदियों से घिरे इस जिले में लोगों को कभी जिंदगी जीने के लिए जद्दोजहद करना पड़ता था। आय का सुनिश्चित साधन नहीं होने के चलते बड़े पैमाने पर इस इलाके के लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्यों पलायन कर जाया करते थे, लेकिन आज कुमार के शासनकाल में जिले में विकास के कई काम हुए हैं। खेती की सुविधाओं को उन्नत किया गया, जिसकी बदौलत खगड़िया जिला मक्के के उत्पादन में एशिया में नंबर वन माना जाता है। हजारों एकड़ में मक्के की खेती ने इस इलाके के किसानों की तकदीर बदल दी और आज वो खुशहाल हैं। उन्होंने कहा कि कुमार की सरकार में किसानों को फसलों का उचित दाम मिला, किसानों को खेती की लागत कम करने के मकसद से डीजल सब्सिडी दी गई।

# लखपति दीदी पहल कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी सचिव भीम सिंह

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने ग्राम संबलपुर में लखपति दीदी पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रूबरू हुए। साथ ही उन्होंने धान खरीदी कार्य का जायजा लिया और नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई भी उपस्थित थे। सचिव भीम सिंह ने सबसे पहले बनियागांव के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अब तक की गई धान खरीदी, टोकन की संख्या और माइक्रो एटीएम से किसानों को भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही खरीदी गए धान की बोरी का तौल कराया। उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए उनके परेशानियों से भी अवगत हुए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसानों को धान खरीदी के राशि भुगतान में परेशानी नहीं होना चाहिए। सचिव सिंह ने जिले के प्रवास के दौरान ग्राम संबलपुर के बैंक सखी सुंशिता कश्यप से उनके कार्यों के बारे में जाना। बैंक सखी ने बताया कि कई ग्राहक उनके केंद्र पर एलआईसी प्रीमियम भुगतान, टीवी और मोबाइल रिचार्ज, खाता खोलने, पैसे निकालने, पैसे जमा करने, मनी ट्रांसफर एसएचजी लेनदेन के लिए आते हैं। वे बिजली बिलों का भुगतान, आयुष्मान कार्ड बनाना और पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई योजना पीएम किसान केवाईसी में पंजीकरण का कार्य करती हैं। साथ ही महतारी वंदन भुगतान, पेंशन भुगतान, मनरेगा मजदूरों को पेंशन देना हो या बुजुर्गों को पेंशन देना हो, वे उनके घर जाकर उन्हें बैंकिंग सेवा प्रदान करती हैं। इस कार्य से उन्हें 08 से 09 हजार रुपए तक प्रतिमाह कमीशन प्राप्त होती हैं। इसके बाद उन्होंने सिलाई सेंटर चलाने वाली संगीता पटेल से उनके कार्यों की जानकारी ली। संगीता पटेल ने बताया कि उन्होंने 70 हजार रूपए का बैंक लिंकेज का लोन लेकर 15 हजार रूपए का सिलाई मशीन खरीद कर शेष पैसे का कपड़ा खरीद कर सिलाई का कार्य कर रही हैं और उनके पति द्वारा भी सिलाई का कार्य किया जाता है और वह कोण्डागांव से बड़े दुकानों से आर्डर लेकर के घर पर ही सिलाई का कार्य करते हैं और हाट बाजार में भी जगह-जगह उसको बेचते हैं। इस कार्य से महीने में उन्हें 12 से 15 हजार रुपए तक की आमदनी होती है। सचिव सिंह ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि यह अच्छा एक संदेश है कि बाजार में लेकर कपड़े को बेचकर आजीविका चला रहे हैं। ग्राम संबलपुर में लखपति दीदीयों के कार्यक्रम में समूह की दीदीयों ने आजीविका के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में एक एक करके जानकारी दी। इस दौरान कृषि सखी एवं पशु सखी भी उपस्थित रही। सचिव सिंह ने दीदीयों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा बिहान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयास किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि हर गांव गरीबी मुक्त गांव बने, जिसमें आप सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांव की महिलाओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपए या अधिक की आमदनी होना चाहिए। उन्होंने लखपति दीदीयों से कहा कि वे अन्य महिलाओं को भी बिहान से जोड़ें और उन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आगे बढ़ाने में मदद करें।

कलेक्टर ने उपस्थित दीदीयों से कहा कि लखपति दीदीयों के कार्यों से अन्य महिलाएं भी सीखते हुए कृषि एवं अन्य आजीविका संबंधी गतिविधियां शुरू करें। अपने गांव को गरीबी मुक्त गांव बनाने में सभी महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें। ग्राम संबलपुर की दीदी ने बताया कि समूह से लोन लेकर खेत में बोर करवाई, जिससे साल में वह दो फसल ले रही हैं। पहले बारिश पर निर्भर रहती थी, लेकिन अब वह बोर कर साल में दो फसल लेकर अपनी आय को बढ़ा रही हैं, जिससे वह आजीविका के क्षेत्र में आगे बढ़कर लखपति दीदी बन गई हैं। प्रभारी सचिव ने कहा कि यह सभी महिलाओं के लिए एक आदर्श है कि समूह से लोन लेकर खुद के खेत में बोर कर अपनी फसल को दुगनी करने का एक नया संदेश दे रही है। इसी प्रकार से दूसरे दीदी भी अपने खेत में बोर कर करके साल में दो-तीन फसल लेना चाहिए और सब्जी भी लगाना चाहिए, जिससे उनका इनकम बढ़ सके और वे लखपति दीदी बन सके।

# किसकोडो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया उद्घाटन





पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत किसकोडो में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय सांसद भोजराज नाग एवं स्थानीय विधायक पूर्व मंत्री विक्रमदेव उसेंडी द्वारा किया गया।अस्पताल उद्घाटन पश्चात जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल निर्माण की तारीफ की। ज्ञात हो कि गांव में अस्पताल प्रबंधन का खुद का भवन ना होने के कारण स्कूल भवन में अस्पताल संचालित हो रहा था जिससे स्थानीय मरीजों एवं ग्रामीणों को करना पड़ रहा था। किसकोडो गांव एवं आसपास का क्षेत्र अतिसंवेदनशील होने के कारण यह अस्पताल काफी महत्वपूर्ण है। अस्पताल का निर्माण करने वाले फर्म सादिक टाइल्स के प्रोपराइटर मोहम्मद फिरोज ने बताया कि अस्पताल निर्माण में गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखा गया है जिसमें सीजी एम.एस.सी. डिपार्टमेंट का पूर्ण सहयोग रहा।

गांव किसकोडो, क्रोबेड़ा, देवगांव, बंदापाल के ग्रामीणों के साथ ही सरपंच, गायता,गांव के वरिष्ठजन का भी अस्पताल निर्माण में आशीर्वाद प्राप्त हुआ।ठेकेदार ने बतलाया की गांव में अस्पताल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए विषम परिस्थिति में भी तय समयसीमा में बिना रुके कार्य पूर्ण किया गया। अस्पताल निर्माण में लेंटर व छज्जा ढलाई वाटरप्रुफ किया गया है। खिड़की दरवाजों के साथ टायलेट में भी एल्युमिनियम डोर लगवाया गया है।

ग्रेनाइट से लेकर लेबोट्री सिंक, लेबोट्री नल लगाया गया है। निर्माण कार्य बिजली विभाग द्वारा टी सी कनेक्शन ले कर करवाया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवीन भवन में अस्पताल प्रबंधक द्वारा संचालित किया जा चुका है। नवनिर्मित अस्पताल के प्रारंभ होने से किसकोडो, मतला, क्रो बेड़ा, देवगांव, बंधा पाल, अलनार के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्थानीय विधायक विक्रम उसेंडी, सांसद भोजराज नाग एवं शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# नालंदा परिसर की तर्ज पर नारायणपुर में बनेगी लाइब्रेरी

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार का उद्देश्य है कि नारायणपुर को नॉलेज बेस्ट सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाए, ताकि ये युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके। लाइब्रेरी का निर्माण उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। नगर पालिका नारायणपुर के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी आशीष कोर्राम ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है। नारायणपुर मे 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। युवाओं के अध्ययन के लिए नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी निर्माण किया जाएगा। नारायणपुर जिले के छात्रों एवं युवाओं ने नारायणपुर जिला मुख्यालय में नालंदा परिसर की तर्ज पर सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी की सौगात देने पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव एवं नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री केदार कश्यप का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण में हुई कटौती को लेकर कांग्रेस ने दिया एक दिवसीय धरना

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ मे पिछड़ा वर्ग आरक्षण कटौती को लेकर लगातार समाज हित मे आगे आ रही है जैसे ही नगरीय निकाय की आरक्षण मे कटौती हुई कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण रोस्टर आते ही पिछड़ा वर्ग समाज को शुन्य प्रतिशत आरक्षण मिलता देख और आक्रामक हो गया है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज लगातार ओबीसी समाज के समर्थन मे प्रेस वार्ता कर सरकार को आड़े हांथों लिया है यहाँ तक सभी जिलाध्यक्षो को प्रेस वार्ता आयोजित करने निर्देशित किया। बस्तर संभाग मे समाज के महाबंद को खुला समर्थन दिया और अब जाकर प्रदेश के सभी जिलों मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजन का निर्देशित किया हैं जिसके चलते कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय स्थित गाँधी चौक के पास एक दिवसीय धरना देकर सरकार को जमकर कोसा है बताया की छत्तीसगढ़ की साय सरकार और केंद्र मे बैठी मोदी सरकार पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व को खत्म करना चाहती है इसलिए पंच सरपंच जिला जनपद मे शुन्य प्रतिशत आरक्षण दिया है। सरकार की मंशा साफ है पिछड़ों को और पीछे करना है और अपनी राजनितिक रोटी सेंकनी है, पिछड़ा वर्ग समाज से भाजपा को कोई सरोकार नहीं है अगर पिछड़ा वर्ग का उत्थान चाहती तो आज ऐसा होने नहीं देती। झूमूकलाल दीवान ने कहा जो पिछड़ों की बात करेगा वही देश व प्रदेश मे राज करेगा भारत देश मे हमारी आबादी बाहुल्य हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश मे हमारी आबादी बाहुल्य हैं फिर भी हमें शुन्य प्रतिशत आरक्षण मिल रहा हैं यह पिछड़ा वर्ग समाज के साथ सरासर अन्याय हैं डबल इंजन की सरकार हैं के बावजूद पिछ्ली सरकार मे मिल रही आरक्षण मे सेंधमारी करके उसे भी खत्म करना सरकार की चाल चरित्र और चेहरा को उजागर करती है भाजपा और विष्णुदेव साय इसकी खामियाजा भुगतने तैयार रहें जनता समझ चुकी हैं। नगरीय निकाय चुनावों मे त्रिस्तरीय चुनावों मे भाजपा के खिलाफ वोटिंग कर इसका करारा जवाब देगी। छत्तीसगढ़ मे 33 जिले हैं जिसमे से एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष सीट पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित नहीं है यह कहाँ तक उचित हैं हमारे कोंडागांव जिले मे बस्तर संभाग मे पिछड़ा वर्ग के कोटे से पंच तक बनने के अधिकार को भाजपा सरकार ने छिना हैं जबकि छत्तीसगढ़ मे ज़ब भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली हमारी कांग्रेस की सरकार थीं तब हमें 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने सरकार द्वारा पहल की गयी।

# कलेक्टर ने सुलेंगा के विशेष बौद्धिक मन्द बालिकाओं के विद्यालय का दौरा किया




पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के बौद्धिक मन्द बालिकाओं के विशेष विद्यालय सुलेंगा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए रसोई कक्ष, भण्डार कक्ष, शयन कक्ष और बच्चों के अध्ययन कक्षाओं का अवलोकन किया। इस विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षा और बच्चों के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा और देखभाल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक समाज कल्याण वैशाली मरड़वार, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सीता माता की धरती मिथिला दरभंगा में समर्पण मिथिला ने बचेली के समाज सेवी रक्तवीर फिरोज नवाब को दिया राष्ट्रीय सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ बचेली
www.dailypioneer.com




लौह नगरी बचेली के पार्षद और समाजसेवी फिरोज नवाब ने मिथिला की पावन धरा पे अपना 44 वा रक्तदान किया जैसा कि आपको विदित मिथिला की धरती जहां सीता माता का मायका कहा जाता है उस पावन भूमि दरभंगा के द दालान रिसोर्ट्स में समर्पण मिथिला राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारत के 20 राज्य से लगभग 700 समाजसेवी रक्तवीर और रक्तविरंगनाओ को आमंत्रित किया गया था और दालान रिसोर्ट्स लगभग 5 एकड़ में बना हुआ बेहद अत्याधुनिक रिसोर्ट्स 5 स्टार युक्त है जिसमें सभी आगंतुक के लिए बेहतरीन इंतजाम किया गया था दो दिन चले इस भव्य कार्यक्रम का सभी भारतवासी समाजसेवियों ने जमकर तारीफ किया और डॉ मृदुल कुमार शुक्ला और दीपक मेहता जी का सभी ने आभार व्यक्त किया। बचेली के समाज सेवी रक्तवीर फिरोज नवाब को एम्स हॉस्पिटल पटना की ब्लड बैंक की सीएमओ डॉ नेहा और निरामया ब्लड बैंक के चेयर मेन राकेश रंजन के हाथों सम्मानित किया गया। इस समर्पण मिथिला कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फिरोज नवाब ने भी अपना 44 वा रक्तदान किया जिसके लिए अलग से सम्मान पत्र मोमेंटो और गिफ्ट हैम्पर भी प्रदान किया गया।

# बचेली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया जिला स्तरीय पथ संचलन



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त जिला दंतेवाड़ा द्वारा मंगलवार शाम 05 बजे जिला स्तरीय पथ संचलन बचेली नगर में किया गया।प्रति वर्ष की भांति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने प्रारम्भ वर्ष 1925 से प्रमुख पर्व एवं उत्सवों के अवसर पर संघ शक्ति प्रकटीकरण हेतु संचलन आयोजित करता आ रहा है।इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दंतेवाड़ा जिले के बचेली नगर में वृहद् पथ संचलन का आयोजन आरएसएस द्वारा किया गया। प्रमुख वक्ता पूर्णेन्दु सक्सेन ने बौद्धिक में समस्त श्रोताओं को संबोधित करते हुए एकजुट रहकर राष्ट्रहित के कार्य करने को प्रेरित किया। राष्ट्र विरोधी विघटन कारी शक्तियों की चाल में ना आकर सनातनीयों को एकजुट रहने की बात कही।उन्होंने उदाहरण देकर समझाया की कभी दांतों के मध्य जिव्हा आ जाए तो हम गुस्से में दांत को उखाड़ नहीं लेते ।उसी प्रकार सम्पूर्ण राष्ट्र एक शरीर के समान हैं ।सभी के सांझा हित हैं । अतः जाती, पंथ, अमीर, गरीब, लिंग में विभक्त ना होकर एकजुट होकर राष्ट्र की उन्नति में योगदान करने का परामर्श दिया।

# माता शाकंभरी शाकाहार व संगठित होने का संदेश देती है

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




मरार समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी की जयंती बड़े ही धूमधाम से शामपुर के स्थानीय शाकंभरी में मनाया गया जिसमें मरार समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्व प्रथम मां शाकंभरी की पूजा अर्चना एवं ज्योति बा फुले सावित्रीबाई फुले को नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई संगीतमय धार्मिक जस एवं प्रेरणा गानों का साथ वक्ताओं का उद्बोधन चलता रहा। जिसमें मुख्य रूप से महाप्राण पुरोहित मुख्य ट्रस्टी दण्डकारण्य प्रकल्प चिखलपुटी कोंडागांव, गजेन्द्र राठौर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, यज्ञ प्रसाद पटेल अध्यक्ष मरार समाज, शंभू पटेल, हरेन्द्र पटेल, अंगद पटेल, गंगा राम देवांगन, मंगुराम मरकाम, हर्षवर्धन पांडे ने सभा को संबोधित किया सभी ने माता की महिमा का वर्णन करते हुए समाज को समाज को शाकाहार के साथ व्यसनों से दूर रहने की बातें कही। जो समाज या परिवार शाकाहार अपनाकर दुर्व्यसनों से दूर रहता है उनका सामाजिक, आर्थिक, और मानसिक विकास अन्य की तुलना में अधिक होती है जो हम व्यावहारिक जीवन में अनुभव करते हैं। सभा के बाद विशाल शोभायात्रा हुआ जिसमें महिलाएं सिर पर कलश लिए आकर्षक झांकी के साथ झुमते हुए गांव का परिक्रमा किया।

## वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा व नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया

# लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वाले विपक्ष के नेताओं को भाजपा की मोदी सरकार जेल में डालने का काम कर रही है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में पूर्व मंत्री व बस्तर के वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा ईडी द्वारा गिरफ़्तार किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया है। इस दौरान एक सवाल के जवाब में बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वाले विपक्ष के नेताओं को भाजपा की मोदी सरकार देश के संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए निराधार आरोप लगा कर लगातार जेल में डालने का काम कर रही है पूर्व मंत्री व बस्तर के वरिष्ठ आदिवासी नेता पर ईडी की कार्यवाही इनमें से एक है जिसकी हम निंदा करते हैं। पुतला दहन करने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उड़्दे, बसंत राव ताटी,जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम,जिला पंचायत सदस्या सरिता चापा,जिला पंचायत सदस्या पार्वती कश्यप,जनपद अध्यक्ष बोधि ताती, अनीता तेलम, निर्मला मरपल्ली, जनपद उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, सोनू पोटाम,जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुखदेव नाग,पार्षद प्रवीण डोंगरे,पार्षद कविता यादव,पार्षद साहिल तिग्गा,जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, कामेश मोरला, एजाज सिद्दीकी, महेश बेलसरिया, पुरुषोत्तम सल्लूर, विनोद तालुकदार, के. जी. सत्यम, लक्ष्मण कड़ती, बलराम कोरसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परिवहन विभाग की जांच में स्कूल बसों में कई खामियां उजागर, सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले में 1 से 31 जनवरी तक चल रहे 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग ने निजी स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया। जिला परिवहन अधिकारी अतुल आसैया के नेतृत्व में हुई इस जांच में कुल 37 वाहनों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई वाहनों में खामियां पाई गईं, जिनमें अनुभवहीन चालक, परमिट की अनुपस्थिति, प्रदूषण प्रमाण पत्र की वैधता की कमी और सुरक्षा उपकरणों की खामियां शामिल थीं। जांच के दौरान गिरीदीप स्कूल, केशकाल के वाहन (सीजी 27 एफ 0106 और सीजी 27 पी 6794) के चालकों के पास 5 वर्ष का आवश्यक अनुभव नहीं पाया गया। वहीं शिप्रा स्कूल केशकाल के वाहन (सीजी 27 एच 4913) में परमिट नहीं था। इसी तरह मदर टेरेसा स्कूल बोरगांव के वाहन (सीजी 27 के 5144) में अग्निशमन यंत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी। चावरा स्कूल, कोण्डागांव के वाहन (सीजी 27 एफ 0104) में वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं था, जबकि उनके अन्य वाहन (सीजी 27 पी 1438) में मानक रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे और परमिट भी नहीं था। इसके अलावा सारथी राउंड टेबल, कोण्डागांव के वाहन (सीजी 27 जे 1719) में भी परमिट की कमी पाई गई। जिला परिवहन अधिकारी ने इन सभी खामियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्कूलों और वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की। उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी की वे अपने वाहनों को नियमों के अनुसार दुरुस्त करें और भविष्य में ऐसी खामियों से बचें। उन्होंने यह भी कहा कि, सड़क सुरक्षा के लिए नियमों का पालन बेहद जरूरी है और इस तरह की जांच भविष्य में भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत कोंडागांव जिले में विभिन्न जागरूकता अभियान और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता टीम समेत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के हाई स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा आयोजित स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्लू डायमंड सुलौनी (सारंगढ़) की टीम ने खिताब पर कब्जा किया। रोमांचक मैच में ब्लू डायमंड की टीम ने ट्राई ब्रेकर से शरधापाली उड़ीसा को करारी शिकस्त दिया। इसी तरह महिला टीम में जे आर दानी की टीम ने विजय हासिल की। वहीं डी एफसी रायपुर उपविजेता रही। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने विजेता ब्लू डायमंड की टीम को 21 हजार रुपए नगद राशि और ट्राफी तथा उप विजेता शरधापाली उड़ीसा को 15 हजार रूपये नगद राशि व ट्रॉफी प्रदान किया। इसी तरह महिला वर्ग में विजेता टीम जे आर दानी को 15 हजार रुपए नगद राशि व ट्रॉफी तथा उपविजेता डी एफसी रायपुर को 7 हजार रूपये नगद राशि व ट्रॉफी विधायक नंद ने प्रदान किया। पुरुष वर्ग में मेन ऑफद सीरीज सरधापाली टीम से राहुल , मेन ऑफद मैच ब्लू डायमंड टीम के पंकज, बेस्ट गोल कीपर ब्लू डायमंड टीम के पिंटू, बेस्ट डिफेंडर युवराज, बेस्ट फॉरवर्ड



सरधापाली टीम के रोशन को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह महिला वर्ग में मेन ऑफद सीरीज यशिका देवांगन व तोशील यादव, बेस्ट गोल कीपर विद्या पाटनवार, बेस्ट डिफेंडर कुंती को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि चौहान सेना द्वारा आयोजित स्वर्गीय बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता अब सरायपाली की एक नई पहचान बन रही है। इस प्रतियोगिता में ना केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य प्रदेश के खिलाड़ी भी भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बना रहे है। सरायपाली का सौभाग्य रहा है कि इस प्रतियोगिता में सात समुंदर पार के विदेशी खिलाड़ी भी भाग लिए और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में नाइजीरिया के खिलाड़ियों ने अभनपुर की टीम की ओर से खेलते हुए इस प्रतियोगिता में रौनक ही बिखेर दी। छत्तीसगढ़ चौहान सेना की प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने नपा परिषद सरायपाली, पुलिस प्रशासन, वरिष्ठ खिलाड़ियों समेत प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले समस्त खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर प्रतियोगिता में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ी आर एस साहू, शेख समसुद्दीन, नईम भैया, वरिष्ठ पीटी डॉ शुभ्रा डड़सेना, पार्षद विकास सिंह, नरेश साहू, निर्मल भोई, मुकेश भोई, बबलू बेदी (कौवा सरदार), घुरउ चौहान, दुष्यंत साहू को शाल से सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफ्ल बनाने में छत्तीसगढ़ चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदय लाल चौहान, ब्लाक अध्यक्ष कैलाश तांडी, सतीश चौहान, हेमचंद्र हंसा, ओम चौहान, विभिषण चौहान, दयाराम चौहान, आमोस जॉन, निखिल चौहान, तौशीब, शाहिद अली का विशेष योगदान रहा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में चिरायु टीम ने किया विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में समस्त विद्यार्थियों का चिरायु टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिरायु टीम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनुपा दास,डॉ.जनक जेरी,डॉ. राजेश सिंग,डॉ मुंगावती सिदार, फार्मासिस्ट उमेश डड़सेना एवं भीष्म प्रताप राणा,लैब टेक्नीशियन परमेश्वर सेन,उसत पटेल एएनएम देवकी पटेल एवं सुनीता साव शामिल रहे। बीएमओ के निर्देशन में दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के अनुसार चिरायु टीम ने विद्यालय का भ्रमण कर पूरी शिद्दत से कुशलतापूर्वक कार्य करते हुए बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें उचित कैटेगरी में रखकर चिन्हांकन किया और शिक्षकों से स्वास्थ्य संबंधी पर चर्चा - परिचर्चा किया। नियमित बाल स्वास्थ्य जांच ,व्यापक देखभाल और प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं की परिकल्पना को साकार करने समाज में अभिनव पहल के रुप में देखा जा रहा है राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु इस कार्यक्रम में जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों में 4 डीएस - जन्म के समय दोष, रोग, कमियाँ और विकास में देरी, प्रारंभिक पहचान और तृतीयक स्तर पर सर्जरी सहित मुफ्त उपचार और प्रबंधन के लिए 44 सामान्य स्वास्थ्य स्थितियों की स्क्रीनिंग, अनुवर्ती देखभाल सेवाएं शामिल है। चिरायु टीम द्वारा स्कूल विजिट और स्क्रिनिंग बेहद ख़ास माना जाता है क्योंकि स्क्रीनिंग रिपोर्ट से निःशुल्क उपचार/ईलाज संभव हो पाता है। स्क्रीनिंग के अवसर पर स्कूल में उपस्थित सेजेस के एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ आशीष दास ने बताया कि चिरायु टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए स्वास्थ्य लाभ के लिए बच्चों को आवश्यक दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया गया है जिससे विद्यार्थी व अभिभावक काफी प्रसन्न हैं।

# 19 को अनोखी शादी, फेरे लेने से पहले दूल्हा दुल्हन करेंगे ट्रैफिक नियमों से जागरूक

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी शहर में 19 जनवरी को ट्रैफिक जागरूकता बारात निकलेगी। मंडप में 7 फेरे लेने से पहले दूल्हे हेलमेट पहनकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील करेंगे। घड़ी चौक से दिव्यांग दूल्हों की बारात निकलेगी, जो रत्नाबांधा, अंबेडकर चौक से गौरव पथ होते हुए शादी समारोह स्थल सरस्वती शिशु मंदिर आमा तालाब धमतरी पहुँचेगी। यह अनोखा आयोजन दिव्यांगों के लिए समर्पित एक्ज़ेक्ट फाउंडेशन रुद्री और जिला धमतरी पुलिस कर रही है। 5 दिव्यांग जोड़ें परिणय सूत्र में बंधेंगे। 18, 19 जनवरी को दो दिवसीय सामूहिक विवाह का आयोजन होना है। 18 जनवरी को शाम 6 बजे हल्दी, मेहँदी, संगीत कार्यक्रम होंगे। 19 जनवरी को सुबह 11 बजे घड़ी चौक से ट्रैफ्कि जागरूकता बारात निकलेगी। बारात में शहरवासियों के अलावा यातायात पुलिस की टीम भी हेलमेट पहनकर लोगों को यातायात नियमों से जागरूक करेंगे। दोपहर को हिन्दू रिवाज के साथ शादी सम्पन्न होगी।

## लगातार तीसरे साल आयोजन

एक्ज़ेक्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष लक्ष्मी सोनी ने कहा कि दिव्यांग सामूहिक विवाह का यह लगातार तीसरा वर्ष है। इस साल भी 5 जोड़े का विवाह करा रहे हैं। इस साल कुछ अलग करने की इच्छा जाहिर हुई, तब यातायात जागरूकता कॉन्सेप्ट दिमाग में आया। धमतरी जिले में भी इस साल दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। करीब 180 लोगों की जान भी चली गई। शादी समारोह के माध्यम से नए दिव्यांग कपल, संस्था और यातायात पुलिस मिलकर लोगों को ट्रैफ्कि नियमों से जागरूक करेंगे। साथ ही विवाह निमंत्रण कार्ड के माध्यम से जिले के मतदाताओं को आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील कर रही है। संस्था शहर के सभी सेवाभावी नागरिकों को इस अनोखे बारात और शादी समारोह में शामिल होने की अपील करती है।

## ये दिव्यांग बंधेंगे दाम्पत्य सूत्र में

इस ऐतिहासिक आयोजन में ओमप्रकाश मांझी संग सावित्री मांझी, चेतन निर्मलकर संग पूर्णिमा साहू, नागेश प्रसाद संग जागेश्वरी पॉल, हेमकुमार बंजारे संग सीता मांडले, गौतम कंवर संग रुकमणी का विवाह संपन्न होगा।

# भाजपा से अमित जैन को उम्मीदवार बनाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिये तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसे लेकर राजनीतिक पार्टी के नेताओं द्वारा समीक्षा, बैठकें आयोजित हैं। किसे टिकिट देना है, किसे नहीं देना है, किसकी पकड़ कहां है, यह देखकर ही वरिष्ठ नेताओं को निर्णय लिया जाना है। लेकिन कुछ ऐसे छुपे रूस्तम भी हैं जो जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से जुड़कर अब तक चुनाव के महासमर में नहीं कूद पाये हैं। अब इस चुनाव में नये-नये युवाओं के द्वारा अपने अपने वार्डों से दावेदारी की जा रही है। इस दावेदारी में सदर उत्तर वार्ड के युवा अमित जैन जो कि संघ परिवार से उनका पूरा परिवार जुड़ा हुआ है, उनके द्वारा भी पार्षद पद के लिये चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी गई है।नगर पालिक निगम के 40 वार्डों में से एक सदर उत्तर वार्ड में उनकी अच्छी लोकप्रियता है। शुरू से ही अपने शिक्षा अध्ययन काल में उन्होंने वार्डवासियों की काफी सेवाएं की है। समय समय पर इनके द्वारा वार्ड में समस्याओं के निराकरण के लिये भी आवाज उठाई जा रही है। यहां तक कोई व्यक्ति इनके पास अर्द्धरात्रि को पहुंचता है, तो भी वे हर संभव उनकी समस्या के निराकरण के लिये प्रयास करते हैं जिससे वार्डवासियों में इनके प्रति सहानुभूति है और वार्डवासियों ने इन्हें अब चुनाव लड़ने की समझाईश दी है जिसे लेकर वे वार्डवासियों की मांग पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से वार्डवासियों ने मांग की है कि सदर उत्तर वार्ड से सिर्फ और सिर्फ अमित जैन को ही अपना उम्मीदवार घोषित करे तो इस क्षेत्र से भाजपा को पुनः प्रतिनिधित्व प्राप्त हो सकता है।

# शिशुपाल पर्वत पर मकर संक्रांति के अवसर पर लगा मेला

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



मकर संक्रांति के अवसर पर शिशुपाल पर्वत पर मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। ज्ञात हो कि यहाँ प्रति वर्ष मकर संक्रांति पर मेला का आयोजन किया जाता है। मेला को लेकर सुबह से ही यहाँ बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ने लगी थी, जो शाम तक जारी रही। सरायपाली अंचल के पिकनिक स्पॉट में शिशुपाल पर्वत का महत्वपूर्ण स्थान है। न केवल सरायपाली बल्कि आस पास के ओडिशा क्षेत्र के साथ बसना और सारंगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों से भी लोग पिकनिक के लिए शिशुपाल पर्वत आते हैं। कोई तीज-त्यौहार हो या छुट्टियों का अवसर, पिकनिक मनाने के लिए लोगों की काफी भीड़ यहाँ पहुँचती है। पर्वत के ऊपर से गिरने वाला झरना लोगों को बरबस ही आकर्षित करता है। इसलिए कई लोग इसका आनंद लेने के लिए यहाँ पहुँचते हैं। अनेक युवा वर्ग तो पर्वत ऊपर चढ़कर वहाँ पिकनिक का ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा ग्राम बलौदा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिशुपाल पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से घोषणा किया गया था पर्यटन स्थल विकसित करने की बात कही गई थी। लेकिन उसके बाद इस दिशा में कोई विशेष पहल नहीं हो पाई है। पर्वत के ऊपर तक जाने के लिए मार्ग अभी भी अत्यंत दुर्गम है, जिसके कारण युवा वर्ग तो किसी तरह ऊपर तक जाते हैं, लेकिन बड़े बुजुर्ग नीचे से ही भ्रमण कर वापस आ जाते हैं। यदि शासन के द्वारा शिशुपाल पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये और पर्वत के ऊपर जाने के लिए सीढ़ी का निर्माण कर दिया जाये, तो इस पर्वत की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाएगी। साथ ही पर्यटकों की संख्या में भी काफी वृद्धि होगी। आनंद लेते हैं, तो वहीं कुछ लोग नीचे से ही प्राकृतिक दृश्यों का लुफ्त उठाते हैं। शिशुपाल पर्वत आने वालों के लिए मकर संक्रांति का पर्व विशेष होता है, क्योंकि इस दिन प्रतिवर्ष यहाँ मेला का आयोजन किया जाता है। मेले को लेकर सुबह 9 बजे से ही शिशुपाल पर्वत के पास लोगों का जमावड़ा दिखने लगा था। बड़ी संख्या में युवा वर्ग यहाँ के मेला व प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए पहुँचे हुए थे। सवा लाख बिंझवार समाज शिशुपाल राज घोड़ाधार पुजारीपाली के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज मकर संक्रांति पर शिशुपाल पर्वत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जय मां सम्लाई महिला दल एम जामपाली मेलछामुड़ा ओडिशा के द्वारा दंड नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं भजन कीर्तन के लिए नील माधव संकीर्तन मंडली गेर्रा, संतोषी महिला संकीर्तन मंडली कापूकुंडा, कृष्णा महिला संकीर्तन मंडली सलडीह, दाड़ीडीपा महिला संकीर्तन मंडली बनोभांठा एवं महिला संकीर्तन मंडली कोकड़ी को भी आमंत्रित किया गया था ।

# कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु लक्ष्मण मिश्रा प्रबल दावेदार

पायनियर संवाददाता ◂ कसडोल
www.dailypioneer.com



आगामी नगर पंचायत चुनाव के लिए लक्ष्मण मिश्रा(लक्की) प्रबल दावेदार के रूप में सामने आए हैं,उन्होंने पूर्व में भी कसडोल नगर पंचायत से पार्षद का चुनाव लड़ा था और कड़ी टक्कर भी दी थी,उनका कहना है पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के बजाय निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरने को तैयार हैं,कसडोल की जनता का आशीर्वाद हमेशा उनके ऊपर बना रहा है तथा वे भी जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी से टिकट की मांग वे लगातार करते आए हैं पर पार्टी के द्वारा टिकट नहीं मिलने पर अब वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। इनका जन्म कसडोल में ही हुआ है,दादा जी, पिताजी,दो भाई एवं उनका पूरा परिवार कसडोल में चार पीढ़ियों से निवासरत है। पार्टी से टिकट मिलने तथा चुनाव सम्पन्न होने तक ही सारे दावेदार जनता के बीच पाए जाते हैं। लक्ष्मण मिश्रा(लक्की) ने कहा कि जैसे ही चुनावों का ऐलान होता है तब ही सारी पार्टी के दावेदार जनता को अपनी ओर खींचना शुरू कर देते हैं और यह तत्कालीन चुनाव सम्पन्न होने तक का ही दिखावा मात्र रहता है बाद में जनता से दूरी बना ली जाती है तथा व्यक्तिगत उद्देश्यों की पूर्ति करना ही एकमात्र ध्येय बना लिया जाता है, वहीं जनता जब किसी निर्दलीय उम्मीदवार को चुनती है तब वह जनता के हित में काम करने के लिए ही प्रतिबद्ध रहता है। आगे उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार कसडोल नगर की जनता समझदारी से काम लेते हुए पार्टी प्रत्याशियों के बजाय निर्दलीय उम्मीदवार को ही चुनेगी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छग प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन एवं स्वागत कार्यक्रम आज

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के पधाधिकारी एवं सदस्यों को सूचना दी गई है कि भाजपा छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन एवं स्वागत कार्यक्रम 17 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर आयोजित की गई है। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के अपेक्षित श्रेणी के सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है। निर्वाचन में अपेक्षित श्रेणी प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी/सह प्रभारी, जिला प्रभारी/सह प्रभारी, प्रदेश कार्यसमिति, स्थाई आमंत्रित, विशेष आमंत्रित सदस्य, जिला अध्यक्ष/जिला महामंत्री आदि शामिल है। उक्त जानकारी शाहिद खान, मखमूर इकबाल खान प्रदेश महामंत्री, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई।

# भोथली में आयोजित हुई ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



नेहरू युवा केंद्र धमतरी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार सौजन्य जतन युवा संगठन भोथली के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा के मार्गदर्शन में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हाई स्कूल मैदान भोथली में आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत भोथली घनश्याम साहू, विशिष्ट अतिथि गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता, गजानंद साहू बाल अधिकारी, बालमुकुंद साहू उप सरपंच, बसदेव साहू ग्रामीण रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया जिसमें पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम दोनर एवं द्वितीय संकरा रही। रिलेरेस में प्रथम दोनर, द्वितीय सांकरा, तृतीय सेहराडबरी, गोला फेंक में प्रथम खिलेश्वर सांकरा, द्वितीय अमन कुमारा सांकरा, तृतीय सुमन कुमार सांकरा रहे। वही महिला वर्ग में रस्सा कस्सी में प्रथम सांकरा की टीम, द्वितीय भोथली, 100 मी दौड़ में प्रथम ललिता, द्वितीय शैल कुमारी, तृतीय द्रोपति, तवा फेंक प्रथम ऐश्वर्य यादव भोथली, द्वितीय एंद्री यादव भोथली, तृतीय द्रोपति भोथली रही। उपरोक्त खेलो में रेफ्री और निर्णायक की भूमिका में रामानंद साहू व गौकरण रहे। सभी विजय प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित कर जिला स्तर पर भेजा गया। आयोजक युवाओं द्वारा ग्रामीण को नशा मुक्त कराने और समाज को सही दिशा में ले जाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में जतन युवा संगठन के छबि साहू, अर्जुन सिंह, ओमन लाल, चिराग, रामखिलावन, सत्यम, टेमन लाल, सेवक, तपेश, डोमार, डेमन सोनकर, खोमलाल, विनय, चंदू, तुलसी, योगेश, जगेंद्र, जिज्ञासा, मुस्कान, वेदिका, नेहा, भाग्यश्री और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन युवा साथी उपस्थित रहे।

# तत्कालीन कलेक्टर ने बिना क्रेता के नाम आदिवासी जमीन को दी बेचने की अनुमति

## कार्यकाल के दौरान दिये गये आदेश की उच्च स्तरीय जांच की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में खास धमतरी जिले में आदिवासियों की अनुमति पश्चात बिक्री को लेकर निकाले गये दस्तावेज में ऐसे-ऐसे तथ्य उभरकर सामने आये हैं जिसके चलते तत्कालीन कलेक्टर ने अपने कार्यकाल के दौरान अनेक ऐसे आदेश आदिवासी जमीन को सामान्य वर्ग के व्यक्ति को बेचने की अनुमति दी है। उसमें भारी पैमाने पर गफलत की गई है। इस गल्ती को बिना अधिकारी के मिलीभगत के संभव ही नहीं होता। सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेज में एक अनुमति ऐसी है जिसमें क्रेता, विक्रेता का बयान ही नहीं हुआ है और उसमें आदेश कर दिया गया है। आश्चर्य यह कि इनके द्वारा दी गई अनुमति में क्रेता का नाम ही नहीं है। बिना क्रेता के नाम के जमीन बेचने की अनुमति दे दी गई है। यह अपने आप में एक मिसाल है। इनके पूरे कार्यकाल के दौरान आदिवासियों की भूमि को सामान्य वर्ग को बेचे जाने की दी गई अनुमति की यदि जांच की जाती है तो एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नियमानुसार कोई भी आदिवासी समुदाय का व्यक्ति यदि जमीन बिक्री करता है तो उसके पास बिक्री के पश्चात 5 एकड़ भूमि रहना अनिवार्य है और 5 एकड़ से कम भूमि जिनके पास है, उसे विक्रय की अनुमति नहीं दी जा सकती। लेकिन इनके द्वारा इसका भी पालन नहीं किया गया है। सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार तत्कालीन कलेक्टर द्वारा आदिवासियों की भूमि को सामान्य व्यक्ति को बेचे जाने के अनेक प्रकरण निराकृत किये हैं। इसमें घोर लापरवाही बरती गई है। धमतरी जिले के चारों विकासखंड के व्यक्तियों को आदिवासियों की जमीन बेचे जाने की अनुमति देकर शासन के निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया है। प्राप्त दस्तावेज के अनुसार कुरूद क्षेत्र की एक भूमि को लेकर बिना आदिवासी के बयान एवं गवाहों के बयान के बिना उसका नामांतरण स्वीकार कर लिया गया जिसने नामांतरण पश्चात उक्त भूमि को सामान्य व्यक्ति को बेच दिया। इसी तरह तत्कालीन कलेक्टर ने 5 एकड़ से कम रकबा वाले आदिवासी की जमीन को बेचने का




भी आदेश कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस तरह की कार्यवाही से समूचे जिले में इसकी चर्चा लोगों की जुबान पर है। उक्त कलेक्टर पर पूर्व में भी अनेक गंभीर आरोप लगे हैं जिसकी जांच प्रधानमंत्री कार्यालय से चीफ सेक्रेटरी छग को भेजी गई। लेकिन अभी तक यह जांच जान बूझकर लंबित रखी गई है। खबर तो यह भी है कि उक्त अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान अनेक ऐसे कार्य किये हैं जो आज भी जिले में चर्चित है। तत्कालीन कलेक्टर ने जो आदिवासियों को अनुमति दी है, वह नियमानुसार गलत तरीके से शासन के आदेशों को दरकिनार कर दी गई है। इस खेल में भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही ऐसे नामांतरण आदेश जारी किये गये हैं जो जांच का विषय है। मिली जानकारी के अनुसार यह भी ज्ञात हुआ है कि उक्त अधिकारी ने भूमाफियाओं से सांठगांठ कर अपने रिश्तेदारों के नाम पर दो शानदार ड्यूपलेक्स के अलावा प्लॉट भी गंगरेल क्षेत्र में हथिया लिये हैं जो आज आलीशान मकान के रूप में नजर आते हैं। इस मामले को लेकर मीडिया में प्रकाशित की गई थी जिसके आधार पर उक्त भूमाफिया पर जांच एवं कार्यवाही का डर दिखाकर उससे उक्त भूमि हथियाई थी जिससे अपने कार्यकाल के दौरान उक्त भूमि आज आलीशान भवन के रूप में नजर आती है। इसके अलावा भी उक्त अधिकारी पर अनाधिकृत रूप से शासन के डीएमएफ, सीएसआर फंड का दुरूपयोग करने का भी गंभीर मामला जांच के दायरे में है। दुर्भाग्य इस बात का है कि इस आईएएस अधिकारी के विरूद्ध जांच पिछले साल से लंबित है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उक्त अपने समकक्ष अधिकारी को बचाने में पीएमओ कार्यालय से आई जांच को भी करने से गुरेज कर रहे हैं। जिला कलेक्टर के रूप में पूर्व में उक्त अधिकारी जिले में एक अन्य पद पर लगभग 3 वर्षों तक कार्यरत थे। उस वक्त भी इनके ऊपर पद में रहते हुए रायपुर से महिलाओं का भी आने-जाने की खबरें मीडिया की सुर्खियां बनीं। उस वक्त कार्यरत महिलाओं में इस अधिकारी की कार्यशैली से काफी नाराजगी देखी गई थी और वे इनके चेंबर में जाने से घबराती थी। इनका तबादला होने के कुछ वर्ष पश्चात इन्होंने अपना स्थानांतरण कलेक्टर के पद पर धमतरी करवाया और पदभार संभालते ही पद का दुरूपयोग करते हुए न सिर्फ शासकीय मदों का दुरूपयोग किया गया है वरन स्वार्थपूर्ति के चलते आदिवासियों की जमीन को भी भूमाफियाओं को विक्रय किये जाने को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी विवादित जमीन जो पांच एकड़ से कम थी, उसे भी सामान्य वर्ग को बेचने की अनुमति प्रदान कर दी जिससे उनके ऊपर गंभीर आरोप लगाये गये हैं। मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश एवं सुशासन को बरकरार रखने के उद्देश्य से इस अधिकारी के विरूद्ध उच्च स्तरीय जांच की मांग जिलेवासी कर रहे हैं।

# पुराने पेंशन योजना एवं पेंशन प्रकरण बनाए जाने के लिए संभाग स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पुराने पेंशन योजना को लागू करते हुए एक नवम्बर 2004 से लेकर 31 मार्च 2022 तक के नियुक्त कर्मचारियों को पुराने पेंशन योजना के लाभ दिए जाने हेतु विकल्प भरे जाने का प्रावधान किया गया था। जिसमें एनपीएस के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों द्वारा पुराने पेंशन योजना का विकल्प भर गया था। जिन कर्मचारियों के मृत्यु हो चुकी थी उनके नॉमिनी के द्वारा विकल्प का चयन किया गया था। विकल्प के आधार पर पुराने पेंशन योजना के लाभ दिए जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियम निर्देश जारी किया गया। इस नियम निर्देश को विस्तृत रूप से समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित कर पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। प्रत्येक बिंदु पर चर्चा की गई एवं उपस्थितों से आने वाले समस्या के संबंध में भी पूछा गया। साथ ही समस्त प्रकरणों की निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। संभागीय कोष लेख एवं पेंशन दुर्ग संयुक्त संचालक डॉ. दीवाकर सिंह राठौर ने कार्यशाला में बताया कि शासकीय सेवक/नामिनी द्वारा विकल्प का चयन कर शपथ पत्र एवं सहमति पत्र भराया जाना सुनिश्चित करें। पुरानी पेंशन योजना को स्वीकार करने हेतु शपथ पत्र एवं पुरानी पेंशन योजना स्वीकार करने पर शासन को देय राशि के समायोजन हेतु सहमति पत्र भराना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। जिस पेंशन प्रकरण में संयुक्त संचालक कार्यालय से आपत्ति कर डीडीओ को वापस किया गया है, उसके निराकरण हेतु तथा निराकृत कर तत्काल संयुक्त संचालक कार्यालय को भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। कोष लेखा एवं पेंशन उप संचालक देवेन्द्र चौबे ने पेंशन निराकरण के संबंध में बताया कि पेंशन प्रस्ताव में त्रुटियां होने के मुख्य कारण निर्धारित प्रपत्र में नामांकन नही होने तथा सर्विस बुक में पुत्र-पुत्री का नाम अंकित नही होना व जन्म प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने, पति/पत्नी की अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी जानकारी न होना, ओपीएस में ईडब्ल्यूआर/ चालान सत्यापन की प्रविष्टि सेवा पुस्तिका में नहीं किया जाना, ओपीएस विकल्प संलग्न कर सेवापुस्तिका में एंट्री नही होना, वेतन निर्धारण की जांच कराए बिनापेंशन प्रकरण प्रस्तुत किया जाना और पेंशन/उपादान की पात्रता नहीं होते हुए भी पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करना है। पेंशन प्रकरण तैयार करने के लिए अभिदाता के वेतन निर्धारण, अवकाश नगदीकरण, मेडिकल इत्यादि की जानकारी सर्विस बुक में इन्द्राज करना आवश्यक है। पुराने पेंशन योजना के तहत पेंशन प्रकरण तैयार कर पेंशन भुगतान में होने वाले विलंब को गंभीरता से लेते हुए इस पर गति लाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त डीडीओ से भी आग्रह किया कि पुरानी पेंशन योजना के तहत मिलने वाले पेंशन का लाभ अभिदाता को या उनके नामिनी को अविलंब प्राप्त हो जाए । कार्यशाला में दुर्ग संभाग के सभी जिलों के विभिन्न डीडीओ, सहायक ग्रेड एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

# समय का सदुपयोग ही सफलता का मंत्र: कलेक्टर चौधरी

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने स्कूल प्रबंधन को दिए सख्त निर्देश



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अपने धमधा विकासखण्ड प्रवास के दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, हिर्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल प्रबंधन से शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ कौशल उन्नयन और नवाचारों पर विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चौधरी ने कक्षाओं में जाकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत करते हुए गणित के कुछ महत्वपूर्ण फार्मूलों को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने बच्चों को समय प्रबंधन का महत्व बताते हुए कहा कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र समय का सदुपयोग है। यदि आप समय का सही उपयोग नहीं करते हैं, तो आपकी मेहनत कभी भी सफलता में परिवर्तित नहीं हो पाएगी। कक्षा 11वीं की छात्रा गुंजन निषाद से बातचीत करते हुए उन्होंने पूछा कि वह भविष्य में क्या बनना चाहती हैं। गुंजन ने बताया कि वह बैंक में अकाउंटेंट बनना चाहती हैं। कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सपने देखकर ही बच्चे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कक्षाओं में बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया देने पर कलेक्टर ने शिक्षकों और छात्रों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य से चर्चा करते हुए स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और इसके लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि परीक्षा परिणामों में किसी प्रकार की कमी या गड़बड़ी पाई गई तो प्रबंधन के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सोनल डेविड सहित स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए स्कूल में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आज ग्राम धौराभांठा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में लोकमणी साहू एवं चन्द्र प्रकाश पटेल द्वारा ग्राम धौराभांठा के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 भारतीय कानून के अनुसार बाल विवाह वह विवाह है जिसमें या तो महिला 18 वर्ष से कम आयु की हो या पुरुष 21 वर्ष से कम आयु का हो। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं। जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्तकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन में संपर्क किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन कर आम जनता को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज परिवहन विभाग दुर्ग द्वारा भिलाई ट्रक, ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्र्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत खुर्सीपार गेट भिलाई में आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल. लकड़ा ने आम जनता के हित एवं स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाये, वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं बिना नशा पान किए वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। परिवहन निरीक्षक विष्णु प्रसाद ठाकुर ने दुर्ग जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने वाहन चलाते समय लापरवाही नहीं बरतने पर जोर दिया। इसके साथ ही भारी माल वाहन चलाते समय छोटे वाहनों को ध्यान में रखते हुए उन्हें साईड देने, इंडिकेटर व ओवर टेक सावधानी से करने की अपील की। यूनियन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह द्वारा भी वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक निर्धारित गति पर वाहन चलाने की अपील किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपस्थित जन सामान्य व छात्र-छात्राओं को 500 हेलमेट वितरण किया गया। इस दौरान 50 से अधिक व्यक्तियों का लर्निंग लायसेंस बनाया गया। साथ उपस्थित ड्रायवर व हेल्परों को स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र जांच किया गया और लगभग 35 लोगों ने रक्त दान किया गया। जागरूकता अभियान में परिवहन निरीक्षक सुभाष बंजारे, सहायक सांख्यिकी अधिकारी लोकेश पाटिल, हितेश राव, वार्ड पार्षद एवं यूनियन अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, अनिल चौधरी, मुन्ना सिंह प्रितम, प्रभु नाथ मिश्रा, गनिखान, पंकज सिंह, दिकपाल, अभिशेख सहित बड़ी संख्या में भारी माल वाहक ड्राईवर, हेल्पर एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने तहसील कार्यालय धमधा का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने आज तहसील कार्यालय धमधा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को राजस्व मामले विशेषकर त्रुटि सुधार के प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने निर्देशित किया गया है।

## धान की खरीदी 5,00,198.84 मीट्रिक टन धान का उठाव 3,30,257.94 मीट्रिक टन

**दुर्ग।** कलेक्टर प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 98079 किसानों से 5,00,198.84 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।

# जिला दण्डाधिकारी ने बादल को किया जिला बदर, एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के दिए आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क), (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बादल सागर को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी चौधरी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर अनावेदक के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में बादल सागर पिता राजाराम सागर निवासी बिजली ऑफिस के पीछे डिपरापारा दुर्ग जिला दुर्ग को एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 06 जनवरी 2025 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना बादल सागर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी बादल सागर पिता राजाराम सागर थाना क्षेत्र नेवई का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना दुर्ग में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 05 प्रकरण दर्ज है। आरोपी अत्यंत क्रुर प्रवृत्ति के है एवं इनके आतंक से लोग भयभीत होकर दहशत में है। इनके विरूद्ध लोगों के द्वारा गवाही देने में जान का खतरा बना रहता है। इनके द्वारा लोगों को मारना, पीटना जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त होने का कार्य करते है। इनके कृत्यों में आस-पास के अपराधिक प्रवृति के लोग भी सम्मिलित होते है।

# निगम भिलाई के 42 नियमित कर्मचारियो की उद्यान विभाग में लगाई गई डयूटी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सर्वप्रथम सभी विभागो, जोन कार्यालयों से कर्मचारियो की जानकारी मंगाई। उसके पश्चात पूर्व जारी आदेश में आशिक संशोधन करते हुए नगर निगम भिलाई में कार्यरत 42 नियमित सफाई कर्मचारियो को उद्यानों की साफ सफाई, रखरखाव, पानी डालने आदि कार्यो हेतु उद्यान विभाग में पदस्थापित किये गये। इसमें से 17 कर्मचारी मुख्य कार्यालय, 4 जोन-1 नेहरू नगर, 2 जोन-2 वैशाली नगर, 7 जोन-3 मदर टेरेस नगर, 2 जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार एवं 10 कर्मचारी जोन-5 सेक्टर 6 से लेकर उद्यान विभाग में पदस्थ किये गये। सभी कर्मचारियो का मूल पद सफाई कामगार है। ये मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के विभिन्न कार्यो में संलग्न थे। नगर निगम भिलाई में प्रमुख रूप से 150 से अधिक उद्यान है। जिसकी साफ -सफाई, रखरखाव, पानी डालना, व्यवस्थित रखना, खाद डालना, झाड़ियो की कटाई-छटाई करना आदि प्रमुख कार्य है। इन्ही सभी के माध्यम से ही उद्यानों को साफ-सुथरा, सुन्दर एवं हरा-भरा रखा जा सकता है। आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किये है कि इन कर्मचारियो के माध्यम से उद्यानों को व्यवस्थित किया जाए, उसकी मानिटरिंग भी की जाए। पांचो जोन आयुक्त को भी निर्देश किये है कि सभी उद्यानों में पानी, पाईप एवं लाईट की व्यवस्था सुदृढ़ किया जाए। बिना पानी के उद्यानों को हरा-भरा नहीं रखा जा सकता है। किसी प्रकार की आवश्यकता हो तो आयुक्त के संज्ञान में लाए उसे यथा संभव पूर्ण किया जाएगा। स्थानीय निवासियों का भी मांग था, कि उनके क्षेत्र के उद्यानों को हरा-भरा रखने के लिए कर्मचारी लगाया जाये। निगम भिलाई का यह भी उददेश्य है कि यदि कोई संस्था, बैंक, सोसायटी, कंपनी, स्थानीय निवासी किसी भी उद्यान को स्वयं के व्यय से रखरखाव करना चाहते है। तो निगम से अनुबंध करके ले सकते है, उसमें अपनी संस्था का प्रचार-प्रसार, विज्ञापन बोर्ड आदि भी कर सकते है। कुछ उद्यानों को दिया भी गया है।

# भिलाई निगम के अधिकारी-कर्मचारी समय पर आफिस आये : आयुक्त'



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निगम मुख्य कार्यालय के सभी विभागो में जाकर आकस्मिक निरीक्षण किये। वहां जाकर उनके द्वारा किये जा रहे आफिस कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त किये। सभी विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियो को यह भी निर्देशित किये की सब लोग सुबह 10 बजे अपने कार्यालयीन अवधि में आफिस आकर निष्ठा एप्प लागाये। 10 बज कर 10 मीनट के बाद निष्ठा ब्लाक हो जाएगा और अपने दायित्वो का निर्वहन करके समय पर अपने घर जाये। सभी कर्मचारी यह ध्यान दे कोई भी आवेदक/जनता आता है, तो उसको पुरी जानकारी दे। सर्वप्रथम उनसे अच्छी शैली में बात करें और उसको संबंधित विषय की पुरी जानकारी दें, आवेदक को बार-बार निगम न आना पड़े। भूमि आबंटन, नामंत्रण, फ्रीहोल्ड के प्रकरणो का निराकरण आवेदन जमा होने के 2 माह के अंदर कार्य पूर्ण करना होगा। इस संबंध में राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी ने बताया कि नामंत्रण, फ्रीहोल्ड के प्रकरणो का समाचार पत्रों में प्रकाशन होता है। उसमें 1 माह का समय अवधि दिया जाता है। आवेदक को किसी प्रकार का दावा आपत्ति है, तो उसक माध्यम से आफिस आकर कर सकते है। उसके बाद सभी प्रकार की फाईलिंग कार्य 1 माह के अंदर पूर्ण करके आवेदक को सूचित किया जाएगा। पुरे कार्य की समय अवधि 2 माह अधिकतम होगी। आयुक्त पाण्डेय ने यह भी कहा मेरे पास कोई भी प्रकरण 1 दिन से ज्यादा नहीं रूकेगा। फाईल जिस विषय से संबंधित है, उसके बारे मे पूरी जानकारी के साथ संक्षिप्त में लिखकर भेजें, जिससे फाईल के बारे में समझने में आसानी हो। इसी तारतम्य में योजना, संपत्तिकर, भवन अनुज्ञा, काउन्टर शाखा, कैश काउन्टर, राजस्व विभाग, जनसूचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग में जाकर फाइलो को जांच किये। कितने दिन में आवेदन आया, कितने दिन में निराकरण किया गया, यदि विलम्ब हुआ तो क्यों हुआ। इसके बारे में विभागीय अधिकारी से जानकारी प्राप्त किये। यह भी कहा की कार्य पूर्ण हो जाए तो संबंधित आवेदक को मोबाईल नम्बर पर सूचित करे। सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वो का निर्वहन करेगे।

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित लिटिया, उपार्जन केन्द्र शाखा नगपुरा व हिर्री का किया अवलोकन

# धान उपार्जन और संग्रहण व्यवस्था का निरीक्षण करने धमधा विकासखण्ड पहुंची कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने धमधा विकासखण्ड के विभिन्न धान उपार्जन और संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत बोरी शाखा के सेवा सहकारी समिति मर्यादित लिटिया के धान संग्रहण केन्द्र का दौरा किया। केन्द्र में अब तक 29,498 मीट्रिक टन धान का भंडारण किया जा चुका है, जो लिटिया, सेमरिया, जोगीगुफा, पुरदा, गाडाडीह और करेली ग्राम पंचायतों से लाया गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबंधक और किसानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने भंडारित धान को सुरक्षित रखने के लिए उसे ढँककर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**संग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के निर्देश**-कलेक्टर सु चौधरी ने संग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के संबंध में निर्देशित किया कि प्रतिदिन आने वाले वाहनों को शीघ्रता से खाली कराया जाए और भंडारण प्रक्रिया को स्टैकिंग प्लान के अनुसार व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने किसानों से धान खरीदी प्रक्रिया का अनुभव जाना और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर समिति प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**नगपुरा और हिर्री धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण**-इसके पश्चात, कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र शाखा नगपुरा का निरीक्षण किया। इस केन्द्र के अंतर्गत हिर्री, मड़ियापार और सेवती ग्राम पंचायतों से धान लाया जा रहा है। प्रबंधक ने जानकारी दी कि अब तक 834 किसानों ने 39,226 क्विंटल धान बेचा है, और सभी धान का उठाव पूर्ण हो चुका है। हिर्री केन्द्र में निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने नए स्टॉक के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर वहां केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया कि धान की नमी और गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और इसी आधार पर खरीदी की प्रक्रिया संचालित हो। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और प्रभारी को रोजाना आने वाले धान की स्टैकिंग और उसकी गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि धान की खरीदी में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सतर्कता बरती जाए। इस दौरान कलेक्टर के साथ धमधा अनुविभागीय अधिकारी सोनल डेविड, प्रभारी खाद्य नियंत्रक टी.एस. अत्री, डीएमओ भौमिक बघेल और अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)**

निविदा क्रमांकः 46/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड/बलौदाबाजार दिनांक 02/01/2025

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

मुहरबंद निविदायें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रपत्र ''अ'' पर निर्माता/कंपनी/फर्म/अधिकृत विक्रेताओं से आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | विकासखण्ड बलौदाबाजार के धान उपार्जन केंद्र लवन एवं डोंगरीडीह में एक-एक नल कूप खनन कार्य हेतु। | 1.25 लाख | रू. 1300/- |

निविदा संबंधी अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन समय में दिनांक 20.01.2025 तक खण्ड कार्यालय बलौदाबाजार के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**नोट :-** अनुबंधित एजेंसी को उपलब्ध आबंटन एवं मांगपत्र अनुसार प्रदाय आदेश जारी किया जावेगा।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**बलौदाबाजार-भाटपारा (छ.ग.)**

G-242505366/3

## संपादकीय

### ट्रप की वापसी विवादास्पद अकांक्षाएं

**डोनाल्ड** ट्रंप ने कनाडा पर कब्जा करने, ग्रीनलैंड पर दावा करने तथा पनामा नहर पर पुन: नियंत्रण करने की योजनायें बनाई हैं। निर्वाचित अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने मार-ए-लागो में एक प्रेस कान्फ्रेंस में अपनी विवादास्पद क्षेत्रीय महत्वाकांक्षायें प्रकट की हैं और दुनिया ने आश्चर्य से इनको देखा। कनाडा पर कब्जा करने, ग्रीनलैंड पर दावा करने, पनामा नहर को पुन: अपने नियंत्रण में लेने तथा मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने के प्रस्तावों ने अमेरिकी नीति में साम्राज्यवादी प्रवृत्तियां पुन: उभरने की आशंका पर गंभीर चिन्ता प्रकट की है। हालांकि, ट्रंप की लफ्फाजी का संबंध उनकी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' विचारधारा से है, पर उसके आक्रामक विस्तार से न केवल अंतरराष्ट्रीय, बल्कि घरेलू स्तर पर काफी जोखिम पैदा किया है। ट्रंप की लफ्फाजी की जड़ें संभावित आर्थिक लाभों, रणनीतिक सैनिक दृष्टिकोण तथा राष्ट्रवादी वीरता में निहित हैं। कनाडा, ग्रीनलैंड और पनामा पर निशाना लगा कर ट्रंप पूरे उत्तरी अमेरिका और आर्कटिक में अमेरिकन प्रभुत्व स्थापित करने के साथ ही मध्य अमेरिका में चीनी प्रभाव का मुकाबला करना चाहते हैं। लेकिन उनका दृष्टिकोण जटिल भू-राजनीतिक यथार्थ का अति-सरलीकरण करता है। ट्रंप का तर्क है कि अमेरिका व्यापार और रक्षा के माध्यम से कनाडा को सब्सिडी देता है और इस प्रकार वे उस पर कब्जे को आर्थिक और सुरक्षा उपाय बताते हैं। इसके बावजूद उनके दावों में गहरे परस्पर निर्भर व्यापार संबंधों तथा नाटो में कनाडा के योगदान को अनदेखा किया गया है। आर्कटिक



में ग्रीनलैंड का रणनीतिक महत्व बहुत पहले से स्वीकार किया जाता है, खासकर इसलिए कि जलवायु परिवर्तन से नए जहाजरानी मार्ग खुल सकते हैं। ग्रीनलैंड पर कब्जे की ट्रंप की इच्छा वहां के संसाधनों के कारण है जिनका दोहन नहीं हुआ है। इसके साथ ही वह भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। चीनी प्रभुत्व का मुकाबला करने के नाम पर पनामा नहर पर पुन: कब्जा करने के ट्रंप के बयान एक पुराने युग की याद दिलाते हैं जब अमेरिका लैटिन अमेरिका में हस्तक्षेप करता रहता था।

लेकिन चीन के नियंत्रण के बारे में उनके दावे बिना प्रमाण के हैं और इससे पनामा तथा अन्य क्षेत्रीय सहयोगी उससे अलग हो सकते हैं। ट्रंप का विस्तारवादी दृष्टिकोण संभावित परिणामों के खतरों से भरा है और वह उन लक्ष्यों को ही नुकसान पहुंचा सकता है जिनकी प्राप्ति का वे दावा कर रहे हैं। कनाडा और डेनमार्क जैसे नाटो सहयोगी इन दावों को सीधे अपनी संप्रभुता के लिए खतरे की तरह देखते हैं। ऐसी कार्रवाइयों से उन गठबंधनों पर दबाव पड़ सकता है जो अमेरिकन सुरक्षा तथा उसकी वैश्विक स्थिति के लिए महत्वपूर्ण हैं। अमेरिकन हस्तक्षेप से चिन्तित मैक्सिको और पनामा अन्य विश्व शक्तियों, जैसे चीन और रूस से संबंध बढ़ा सकते हैं ताकि अमेरिकन आक्रामकता का मुकाबला कर सकें। कब्जा या आर्थिक दबाव महत्वपूर्ण व्यापार संबंधों को बाधित कर सकता है जिससे कनाडाई आयातों और निर्यातों पर आधारित उद्योगों को नुकसान पहुंच सकता है। ग्रीनलैंड के अधिग्रहण से आर्कटिक संसाधनों के लिए टकराव बढ़ सकता है जिसमें न केवल डेनमार्क, बल्कि रूस और नार्वे जैसे अन्य आर्कटिक देश शामिल हो सकते हैं। ट्रंप की योजनायें उनको कट्टर समर्थकों को एकजुट कर सकती हैं, पर इससे मध्यमार्गियों व निर्दलीयों के अलग-थलग होने का खतरा पैदा होगा। इस आक्रामकता व अलगाव वाली नीतियों से चिन्तित अमेरिकन विधि निर्माता इन विचारों का व्यावहारिक क्रियान्वयन रोक सकते हैं। संप्रभु राष्ट्रों पर कब्जे का कोई प्रयास अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन होगा जिसकी निन्दा संयुक्त राष्ट्रसंघ व अन्य वैश्विक संस्थाओं में होगी। ट्रंप के इरादे संभवत: रणनीतिक गणित तथा राजनीतिक नाटकीयता का मिश्रण हैं। राष्ट्रवादी भावनाओं को बढ़ावा दे कर वे पद पर आने के पहले अपना समर्थन आधार बढ़ाना चाहते हैं। उनको समझना चाहिए कि अब साम्राज्यवाद अतीत की चीज बन गई है।

# दिल्ली में मुफ्त बिजली का यथार्थ

दिल्ली की बिजली कंपनियों द्वारा 'पावर परचेज़ एडजस्टमेंट कास्ट' में भारी कटौती इसके समय और आयाम पर सवाल उठाती है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



26 दिसंबर, 2024 को दिल्ली बिजली नियामक आयोग-डीईआरसी ने दिल्ली की तीन बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम पर लागू 'पावर परचेज़ एडजस्टमेंट कास्ट'-पीपीएसी में कटौती की घोषणा कर दी। इन कंपनियों में बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड-बीआरपीएल, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड-बीवाईपीएल तथा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड-टीपीडीडीएल शामिल हैं। 50 से 60 प्रतिशत की इन कटौतियों की समीक्षा जरूरी है। पीपीएसी तथा दिल्ली वालों के बिजली बिलों पर इसका प्रभाव समझने के लिए हमें कुछ मूल तत्वों पर गौर करना होगा।

डिस्काम से उपभोक्ताओं को उस दर पर बिजली सप्लाई की उम्मीद की जाती है जिसे डीईआरसी की सहमति प्राप्त हो। इसका निर्धारण इस आधार पर होता है कि दरों से बिजली खरीद के खर्च के साथ व्हीलिंग व वितरण का पूरा खर्च निकल आए। बिजली कानून, 2003 के अंतर्गत यह जरूरी है, लेकिन इसे विरले ही लागू किया जाता है। एक अत्यधिक जटिल व्यवस्था में 200 यूनिट प्रति माह खर्च करने वाले परिवारों से 3 रुपये प्रति यूनिट पैसा लिया जाता है जो औसत खर्च का लगभग आधा है। इस प्रकार 3 रुपये प्रति यूनिट का घाटा होता है। 44.6 प्रतिशत लेवी को जोड़ने पर यह कमी प्रति यूनिट 4.3 रुपये हो जाती है।

201 से 400 यूनिट प्रति माह खर्च करने वाले परिवारों से 4.5 रुपये प्रति यूनिट पैसा लिया जाता है जिससे प्रति यूनिट 1.5 रुपये का घाटा होता है। लेवी को शामिल करने पर यह 2.2 रुपये प्रति यूनिट हो जाता है। इस घाटे की भरपाई उद्योगों और बिजनेसों से ज्यादा पैसा लेकर होती है जिनको 18 रुपये प्रति यूनिट तक देना पड़ता है। विडंबना है कि उद्योगों और बिजनेसों से इतनी अधिक कीमत लेने के बावजूद 400 यूनिट प्रति माह से कम खर्च करने वाले परिवारों से होने वाले घाटा पूरा नहीं होता है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार उनसे केजरीवाल की 'खैरातों' के कारण 3 रुपये प्रति यूनिट मामूली पैसा भी नहीं लेना चाहती है।

डिस्काम से 200 यूनिट तक खर्च वाले परिवारों को बिल न देने तथा 400 यूनिट तक खर्च वाले परिवारों को 50 प्रतिशत छूट देने को कहा गया है जिसकी सीमा 800 रुपये प्रति माह है। हालांकि, सरकार इन सब्सिडी की भरपाई का वादा राज्य के बजट से करती है, पर इस वादे का पालन आमतौर से नहीं होता है। इससे डिस्काम का घाटा बढ़ जाता है जो बड़े पैमाने पर बिजली चोरी से और गंभीर हो जाता है।

डिस्काम का बहुसंख्य उपभोक्ताओं से बिजली बिल तय करने का अधिकार नहीं हैं। वे बिजली चोरी रोकने के मामले में भी असहाय सिद्ध होती हैं क्योंकि बिजली चोरों को राजनेताओं का समर्थन मिलता है। डिस्काम केवल उद्योगों और बिजनेसों तथा 400 यूनिट से अधिक खर्च वाले परिवारों की बिजली दरें तय कर सकते हैं, लेकिन इसकी भी एक सीमा है। इसके परिणामस्वरूप बिजली बिक्री से प्राप्त कुल राजस्व कभी खर्च की भरपाई नहीं कर पाता है। यह समस्या अधिकांश डिस्काम के साथ है जहां राज्य बेलगाम होकर बिजली 'खैरातें' बांटते हैं तथा बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की अनुमति देते हैं। दिल्ली इस सूची में सबसे ऊपर है। डिस्काम की सहायता के लिए बिजली मंत्रालय ने 9 नवंबर, 2021 को एक आदेश दिया जिसमें डिस्काम पीपीएसी नामक सरचार्ज लगाने का प्राविधान था। इसे बिजली बिल की 'कुल ऊर्जा खर्च और फिक्स्ड चार्ज कंपोनेंट' के प्रतिशत के रूप में तय किया गया। पीपीएसी का उद्देश्य बिजली खरीद खर्च में ईंधन मूल्यों के परिवर्तन से निपटना है। डिस्काम को हर तिमाही यह चार्ज लगाने की अनुमति मिली है। बीवाईपीएल के मामले में 20 दिसंबर, 2024 तक लागू पीपीएसी 32.27 प्रतिशत था। यह दूसरी तिमाही में बिजली खरीद खर्च के आधार पर है।

इससे डिस्काम को 21 दिसंबर, 2024 से 20 मार्च, 2025 तक तीन महीनों के लिए अतिरिक्त 5.95 प्रतिशत प्राप्त करने का अधिकार मिला है। इसके परिणामस्वरूप बीवाईपीएल का वर्तमान पीपीएसी 38.12 प्रतिशत था। इसी प्रकार नियामक ने बीआरपीएल के लिए 35.83 प्रतिशत तथा टीपीडीडीएल के लिए 36.33 प्रतिशत तय किया। लेकिन 26 दिसंबर, 2024 को डीईआरसी की 'अप्रत्याशित' घोषणा के परिणामस्वरूप पीपीएसी ने बीवाईपीएल का पीपीएसी घटा कर 13.62 प्रतिशत कर दिया जो 65 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार बीआरपीएल का पीपीएसी घटा कर 18.19 प्रतिशत किया गया जो 50 प्रतिशत से ज्यादा कम है। इसके साथ ही टीपीडीडीएल का पीपीएसी 20.52 प्रतिशत किया गया जो 45 प्रतिशत कम है। डिस्काम के पीपीएसी में यह कटौती किसी तर्क से परे है। दिसंबर, 2024 में पीपीएसी 38.12 प्रतिशत था जिसमें 5.85 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। यह 30 सितंबर, 2024 तक डेटा पर आधारित था। फिर नियामक द्वारा सरचार्ज में लगभग दो तिहाई कमी करने जैसी असाधारण घोषणा का क्या औचित्य है? यह विश्वास करना मूर्खतापूर्ण है कि बिजली खरीद के खर्च में इतनी कमी आई है। वैसे भी पीपीएसी में परिवर्तन उपलब्ध डेटा में कमी के बावजूद हुआ है। इससे इस संभावना को बल मिलता है कि पीपीएसी में भारी कटौती दिल्ली चुनावों को देख कर की गई है और चुनाव समाप्त होने के बाद इस निर्णय को उल्टा जा सकता है। यह विश्वास करने का भी कारण है कि यह राहत अस्थाई और भ्रामक है।

इसका संबंध डिस्काम की बैलेंसशीट में मौजूद तथाकथित रेगुलेटरी असेट्स-आरए से है जो वर्तमान समय में 27,200 करोड़ हैं। आरए उस समय बनते हैं जब डीईआरसी यह स्वीकार करती है कि टैरिफसे खरीद का खर्च पूरा नहीं होता है, पर दरें नहीं बढ़ाई जाती हैं। इस प्रकार दरें न बदलने के कारण होने वाली राजस्व में कमी को डिस्काम से प्राप्ति योग्य माना जाता है और इसे आरए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। बिजली कानून, 2003 तथा नेशनल पावर टैरिफ पालिसी-एनपीटीपी ने कठोरता से आरए पर प्रतिबंध लगाया है। इन दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'टैरिफ से खर्च प्रकट होने चाहिए तथा नियामक असेट नहीं बनाए जाने चाहिए।' दिसंबर, 2022 में विद्युत मंत्रालय ने आरए बनाने के खिलाफ चेतावनी दी थी। लेकिर इसके बावजूद आरए बनाए गए। खातों में भारी मात्रा में आरए बनने के बाद अब डिस्काम यह पैसा वसूल करने के सारे प्रयास कर रही हैं। इसके लिए वह राजस्व में होने वाली कमी दूर करने के लिए बिजली दरें काफी अधिक बढ़ाने की अनुमति चाहती हैं। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है जिसने 2023 में ही एक आदेश से डीईआरसी को डिस्काम से उनका आरए वसूल करने को निर्देशित किया था।

यदि डीईआरसी इस पर अमल करती तो बिजली दरों में 100 प्रतिशत वृद्धि हो सकती थी। इसलिए उसने इस आदेश को चुनौती दी और वर्तमान समय में मामला अदालत में लंबित है। संक्षेप में कहा जाए तो डिस्काम अधिकांश उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी, बिजली चोरी के प्रति संवेदनहीनता तथा दरें बढ़ाने में अनियमितताओं के कारण लगागार भारी घाटे का शिकार बनती हैं। इस घाटे की भरपाई उद्योगों, बिजनेसों तथा ज्यादा बिजली खर्च करने वाले परिवारों से 'ज्यादा भुगतान के दबाव' से भी नहीं की जा सकती है। जब तक इन मूलभूत विकृतियों से निपटने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं पैदा होती है तब तक दिल्लीवासियों को भारी बिजली बिलों से कोई राहत मिलने वाली नहीं है।

# डिजिटल कनेक्टिविटी के नकारात्मक पहलू

"डूमस्क्रॉलिंग एक आधुनिक प्रघटना है जो डिजिटल कनेक्टिविटी के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है।"

शाइनी शर्मा
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



स्मार्टफोन और 24/7 सूचना तक पहुंच के निरंतर कनेक्टिविटी के युग में, लोगों द्वारा सूचना का उपभोग करने का तरीका काफी बदल गया है। हालांकि इससे कई लाभ हुए हैं, जैसे कि त्वरित संचार और ज्ञान के भंडार तक पहुँच, लेकिन इसने डूमस्क्रॉलिंग जैसे चिंताजनक व्यवहार को भी जन्म दिया है। यह शब्द नकारात्मक समाचारों को अंतहीन रूप से देखने की बाध्यकारी आदत को संदर्भित करता है, विशेष रूप से डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से। यह नकारात्मक समाचारों और सूचनाओं को अत्यधिक स्क्रॉल करने का कार्य है, जो अक्सर चिंता, निराशा और असहायता की भावनाओं को जन्म देता है। यह घटना हाल के वर्षों में, विशेष रूप से वैश्विक संकटों के दौरान, तेजी से प्रचलित हो गई है और मानसिक स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक कल्याण पर इसके प्रभाव को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता है। जबकि सूचित रहना जिम्मेदार नागरिकता का एक अनिवार्य पहलू है, डूमस्क्रॉलिंग का अभ्यास अक्सर परेशान करने वाली सामग्री के साथ अस्वस्थ व्यस्तता को जन्म देता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य, उत्पादकता और समग्र कल्याण पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। डूमस्क्रॉलिंग मानव मस्तिष्क की खतरों और नकारात्मक उत्तेजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति से उपजा है। यह विकासवादी विशेषता जिसे नकारात्मकता पूर्वाग्रह के रूप में बेहतर जाना जाता है, ऐतिहासिक रूप से अस्तित्व के लिए आवश्यक थी।

हालांकि, डिजिटल युग में, इसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और समाचार एल्गोरिदम के डिज़ाइन द्वारा बढ़ाया गया है, जो जुड़ाव को अधिकतम करने के लिए सनसनीखेज और भावनात्मक रूप से चार्ज की गई सामग्री को प्राथमिकता देते हैं। जैसे ही उपयोगकर्ता अपने फ़ीड को स्क्रॉल करते हैं, उन्हें परेशान करने वाली हेडलाइन, ग्राफ़िक इमेज और ध्रुवीकरण



करने वाली राय की एक अंतहीन धारा का सामना करना पड़ता है, जिससे एक फीडबैक लूप बनता है जो उन्हें बांधे रखता है। डूमस्क्रॉलिंग मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले प्रमुख तरीकों में से एक है डोपामाइन पर इसका प्रभाव, जो आनंद और पुरस्कार से जुड़ा एक न्यूरोट्रांसमीटर है। डिजिटल सामग्री से जुड़ने पर, नकारात्मक सामग्री भी डोपामाइन का संक्षिप्त उछाल प्रदान करती है, इसके बाद होने वाला भावनात्मक तनाव व्यक्ति को थका हुआ और असंतुष्ट महसूस करा सकता है। स्क्रॉलिंग के माध्यम से त्वरित डोपामाइन हिट की तलाश करने का यह चक्र आदत को मजबूत करता है, जिससे इसे रोकना मुश्किल होता जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य के अलावा, यह उत्पादकता और जीवन की समग्र गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इस आदत से टालमटोल की प्रवृत्ति बढ़ सकती है, क्योंकि व्यक्ति उन मुद्दों के बोझ से दब जाता है, जिनके बारे में वह पढ़ रहा होता है, जिससे उसे अपने कामों पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल होती है। समय के साथ, यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंधों को खराब कर सकता है, साथ ही व्यक्तिगत विकास में भी बाधा डाल सकता है। व्यापक स्तर पर, डूमस्क्रॉलिंग के प्रचलन का सामाजिक कल्याण पर भी प्रभाव पड़ता है। विभाजनकारी और भय पैदा करने वाली सामग्री के लगातार संपर्क में रहने से राजनीतिक और सामाजिक ध्रुवीकरण गहरा सकता है, क्योंकि लोग अपनी मौजूदा मान्यताओं को मजबूत करने वाले इको चैंबर में फंस जाते हैं। यह विखंडन सामूहिक कार्रवाई और नागरिक विमर्श को कमजोर करता है, जिससे समाज के लिए जटिल चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करना मुश्किल हो जाता है। डूमस्क्रॉलिंग को संबोधित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। व्यक्तिगत स्तर पर, डिजिटल माइंडफुलनेस का अभ्यास करना महत्वपूर्ण है।

इसमें स्क्रीन टाइम के लिए सीमाएँ निर्धारित करना, प्रतिष्ठित स्रोतों को प्राथमिकता देने के लिए अपने न्यूज़ फ़ीड को क्यूरेट करना और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में शामिल होना शामिल है, जैसे व्यायाम, ध्यान या प्रकृति में समय बिताना। सकारात्मक प्रगति और कार्रवाई योग्य कदमों को उजागर करने वाली समाधान-उन्मुख समाचार सामग्री की तलाश करने की आदत विकसित करना भी असहायता की भावनाओं को कम करने में मदद कर सकता है। सनसनीखेज सामग्री के बजाय संतुलित और रचनात्मक सामग्री को प्राथमिकता देने वाले एल्गोरिदम को डिज़ाइन करके, ये प्लेटफ़ॉर्म एक स्वस्थ डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। मीडिया साक्षरता और भावनात्मक लचीलापन सिखाने वाली शैक्षिक पहल उपयोगकर्ताओं को डिजिटल परिदृश्य को जिम्मेदारी से नेविगेट करने के लिए और अधिक सशक्त बना सकती है। जबकि यह गहरी मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों का दोहन करता है, मानसिक स्वास्थ्य, उत्पादकता और समाज पर इसके प्रभाव दूरगामी हैं। जागरूकता को बढ़ावा देने और इसके प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतियों को लागू करने से, व्यक्ति और संस्थान प्रौद्योगिकी और सूचना के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। ऐसा करने में, वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि डिजिटल युग मानव कल्याण को कम करने के बजाय बढ़ाए।

## आप की बात

### कांग्रेस की तत्परता

**सही** बात है सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को फिर से अपने आप में मंथन करने के लिए ऐसी तत्परता दिखानी चाहिए जो दिल्ली विधानसभा में इस बार दिखा रही। ऐसी मेहनत अगर वह हर एक चुनाव में करतीं तो आज विपक्ष में उसकी मजबूरी कुछ और होती। क्योंकि राजनीतिक दलों का गठबंधन की एकता कभी भी सुरक्षित रहतीं हैं क्योंकि मतभेद और आपसी खींचतान से गठजोड़ सुरक्षित नहीं रहता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अकेला ही लड़ने का फैसला किया।अब वह त्रिकोणीय मुकाबले में बहुत मज़ा आयेगा। सहयोगी दलों से मिलनसार व्यवस्थाओं से पस्त होने के कारण उसे हार का आईना देखना पड़ा। कांग्रेस के पुनर्निर्माण का व जीर्णोद्धार जो प्रयास अब कर रहे हैं इससे कांग्रेस फिर अपने पेरों पर खड़ी हो शक्ति है बस उसे अतिउत्साह व घमंड से दूर रहते हुए कांग्रेस पार्टी अपने आप को तरसने हेतु सक्रियता से कार्य करें तो दिल्ली चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बाद फिर सत्ता पर आने हेतु परिक्षम एक नई दिशा दिखा सकता है बस उसे थोडा अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए जन-जन तक अपनी सकारात्मक सोच को पहुंचना होगा। दिल्ली की सत्ता में उसे पक्ष मिलें या विपक्ष वह फिर से पूरे भारत में इसी तरह अकेले आगे बढ़े तो एक नया अध्याय शुरू हो सकता है।

– **हरिहर चौहान**, इंदौर

### मौसम विभाग में नई क्रांति

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी कड़ी में, भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस पर मिशन मौसम और मौसम विभाग विजन 2047 का शुभारंभ एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक है और भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में मजबूत आधारशिला रखती है। मौसम विभाग विजन 2047 का उद्देश्य अगले 25 वर्षों में विभाग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और प्रभावशाली बनाना है। यह नई तकनीकों को अपनाने, उन्नत अनुसंधान केंद्रों की स्थापना, और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। यह प्रयास ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सटीक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराकर किसानों, मछुआरों और आम जनता को लाभान्वित करेगा। साथ ही, मिशन मौसम आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने मौसम और वाणी जैसे एप्स की भी घोषणा की, जो मौसम से जुड़ी जानकारी तुरंत प्रदान करेंगे। यह पहल दर्शाती है कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को प्राथमिकता देकर एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रही है। मौसम विभाग विजन 2047 आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल उपहार है, और प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता की सराहना करना निस्संदेह उचित है।

– **आर के जैन**, बड़वानी, मप्र

### धर्मनगरी में शराबबंदी

**धार्मिक** नगरों में शराबबंदी की खबर सुर्खियों में आई। सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत निर्णय कई धार्मिक नगरों में शराबबंदी से देश-दुनिया से धार्मिक नगरी में आने वाले भक्तों को धार्मिक दर्ष्टि से उठाए गए निर्णय से धार्मिक नगरी को एक अच्छा संदेश जाएगा।इस तरह से मप्र सरकार द्वारा जागृति लाना ही ऐसे प्रयासों को सार्थकता प्रदान कर सकता है साथ ही आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को दूर कर एक स्वस्थ्य जीवन प्रदान कर सकता है। शराब के सेवन से होने वाला नुकसान हमारी कल्पना से कहीं अधिक घातक और जानलेवा होता है। खास तौर से युवाओं के बीच नशीले पदार्थों के सेवन का बढ़ता चलन अब एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है।किसी भी प्रदेश का भविष्य और तरक्की वहां के युवाओं पर टिकी होती है। देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चली जाए तो निश्चित तौर पर उनका जीवन अंधकारमय हो सकता है। नशे का मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी बुरा असर पड़ता है। यदि व्यक्ति अपनी,अपनों की एवं सारे संसार की खुशहाली जिंदगी चाहता है तो उसे आज से ही नशे का सेवन बंद कर देना चाहिए। दृढ़ इच्छाशक्ति के बिना इसे छोड़ा नहीं जा सकता है। अपनी व अपने परिवार की खुशहाली के लिए नशे से दूर रहने का प्रयत्न करना चाहिए। ताकि धार्मिक नगरी में अच्छे सन्देश से जागृति आ सके।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### और कितना भुगतना बाकी?

**आतंकवाद** किसी भी कीमत पर मानवता के हित में नहीं है।इसका नैतिक समर्थन भी संबोधित देश के लिए भी घातक साबित हुआ है। ओसामा बिन लादेन को बढ़ावा देने में जितना फायदा अमेरिका को नहीं मिला अल-कायदा के 9/11 जैसे हमलों में उससे कहीं अधिक उसे भुगतना पड़ा है।उस आतंकवाद से मुक्ति के लिए अमेरिका को एक लंबा और महंगा युद्ध लड़ना पड़ा जिसमें हजारों सैनिकों की जान और ट्रिलियनों डॉलर का आर्थिक नुकसान भी उसके हिस्से आया। ठीक उसी तरह तालिबान भी पाकिस्तान के गले की घंटी बन चुका है। तालिबान पाकिस्तान में उग्रवाद, अस्थिरता, और आतंकवादी हमलों का पर्याय बन कर एक गंभीर चुनौती बन गया है। इससे अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने को लेकर पाकिस्तान रसातल में जाता दिखाई दे रहा है।आतंकवाद का खुब लालन पालन पाकिस्तान के लिए बूमरैंग साबित हो रहा जो लौटकर उसी पर हमलावर है। लंबे समय तक आतंकवाद का समर्थन करने से इन दोनों देशों की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक हालत संकटों से घिरी हुई है। अमेरिका को तो बात समझ आ गई है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैः ललित चंद्राकर

## विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन





पायनियर संवाददाता ≺ उतई
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का खम्हरिया में समापन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस जेवरा, नगपुरा, पुरई, दुर्ग एवं भिलाई जोन के कुल 450 प्रतिभावान बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के साथ - साथ विकासखंड के 380 विद्यार्थियों, जिन्होंने राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृति चयन परीक्षा एवं 20 बच्चों, जिन्होंने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में चयनित होकर विकासखंड का ना केवल गौरव बढ़ाया अपितु शिक्षा के क्षेत्र में एक नए आयाम पर पहुंचकर अपने माता - पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया साथ ही नवभारत साक्षरता मिशन की केंद्र प्रवर्तित योजना उल्लास कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का मंच के माध्यम से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि जमाल सिद्धकी एवं राजेश पांडेय, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे विशेष रूप से उपस्थित थे। विभागीय अतिथि बीआरसीसी श्रवण कुमार सिन्हा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत फूलमाला,गुलदस्तों एवं आतिशबाजी के साथ किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने खेल भावना जागृत करने आसमान में रंगीन गुब्बारे छोड़े। समापन समारोह में सर्वप्रथम विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविन्द साव द्वारा आयोजन के उद्देश्य एवं इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी जनों का मंच के माध्यम से स्वागत एवं परिचय कराया तथा अतिथियों के समक्ष पूरे आयोजन का सारगर्भित प्रतिवेदन वाचन भी किया। उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़ ने कहा कि ऐसा आयोजन होना एक अच्छी परम्परा को आगे बढ़ाना है और सदैव स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजन होने चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सनातन काल से चली आ रही हैं, कंप्यूटर के आने से एवं इंटरनेट की उपयोगिता एवं आवश्यकता के चलते बच्चों को अब उन परम्परागत खेलों के लिए पर्याप्त समय नही मिल पाता, ऐसे में शाला स्तर पर बच्चों के लिए ये प्रतियोगितायें होती रहनी चाहिए जिससे ये बच्चे इन खेलों से जुड़कर अपना सर्वांगीण विकास कर निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हों।असफलता में ही सफलता की भावना को प्रमुखता से व्यक्त किये। पढ़ाई के अलावा जीवन में अति महत्व है। खेल से जीवन में मनोवैज्ञानिक विकास, मानसिक तनाव कम तथा सामाजिक भावना जागृत होती है मेजर ध्यानचंद के जीवन वृत्तांत का जिक्र कर खेल के माध्यम से जीवन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खम्हरिया और पुरई के विभिन्न खिलाड़ियों का नाम वाचन कर उपस्थित बच्चों को प्रेरित किये। अतिथि उद्बोधन के पश्चात प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता बच्चों, राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृति चयन परीक्षा में चयनित प्रतिभावान छात्रों, नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में चयनित छात्रों सुशासन सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता एवं उल्लास भारत कार्यक्रम के स्वयंसेवी शिक्षकों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। ततपश्चात् कार्यक्रम के आयोजक विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविन्द साव एवं सहयोगियों द्वारा शाल एवं स्मृति चिन्ह स्वरुप पौधा प्रदान कर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अशोक रिगरी, बालक दास डहरे खेल प्रशिक्षक, संकल्प स्पोर्ट्स एवं कल्चर एसोसिएशन खेल गांव खम्हरिया के सभी सदस्य, उत्कृष्ट शिक्षक ग्रुप विकासखंड दुर्ग, व्यायाम शिक्षकों, ग्राम धनोरा, खम्हरिया, पुरई, कोड़िया, कोकड़ी पाऊवारा हनोदा के शिक्षकों, संकुल केंद्र धनोरा, हनोदा, पुरई एवं पाऊवारा के संकुल समन्वयकों, अक्षय पात्र समूह का विशेष सहयोग रहा । दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में आरिफ खान एवं टीम ने संगीतमय वातावरण प्रदान किये। साथ ही साथ विभिन्न स्कूल से बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहनीय प्रस्तुति दिये। जिसमें उपस्थित जनसमुदाय अपने आपको संस्कृति से जोड़ पाये। कार्यक्रम में सुखीराम यादव, शेषनारायण पटेल,बी.आर. साहू, लोकनाथ साहू, जीवेश साहू, अविनाश साहू, हेमंत यादव, संजय चन्द्राकर, चन्द्रहास साहू, अशोक रिगरी, शत्रुघन साहू, किशन देशमुख, पूर्णिमा चन्द्राकर, जानार्दन साहू, दुष्यंत साहू, रीना सोनी, सुमन प्रधान, स्वाति चंद्राकर,आरिफ खान, रुस्तम सिंह, किशोर दिल्लीवार, राजेश्वर देशमुख ,पुष्पा सिंह, प्रीति पंसारी, उषा सिन्हा, शारदा खेवार आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन पोषण मार्कण्डेय, खेमलता गोस्वामी एवं आभार प्रदर्शन संगीता चंद्राकर ने किया।

# पथर्रा फ्युल्स प्लांट से कम्प्यूटर सेट चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पथर्रा फ्युल्स प्लांट से कम्प्युटर सेट चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार किया गया पुलिस ने बताया कि 13 जनवरी को प्रार्थी नीतेश शर्मा उम्र 35 साल साकिन बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पथर्रा फ्युल्स एथेनाल प्लांट प्राइवेट लिमिटेड में सुपरवाईजर हू प्लांट 19 दिसंबर से 09.01.2025 तक बंद था 10 जनवरी को प्लांट पुनः चालू करने मेन गेट का ताला खोलकर निर्माणाधीन बायलर कंट्रोल रूम का सीसीटीवी कैमरा एवं लाईट टुटा हुआ था टेबल में रखे 01 नग सीपीयु, 02 नग मानीटर, 02 की बोर्ड, 02 नग माउस, नही था दिनांक 26.12.2024 के 23:46 बजे, 28.12.2024 के 00:42 बजे दरम्यानी रात्रि में दो व्यक्ति प्लांट के अंदर घुसकर बायलर कंट्रोल रूम में घुसकर कम्प्युटर सेट चोरी कर ले गया है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण विवेचना के दौरान घटना सथल से मिले साक्ष्य के आधार आरोपी 01. पिंकु विश्वकर्मा 02. अनिल निषाद साकिनान बसनी थाना व जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना को करना स्वीकार किये। आरोपीगण के निशांदेही में चोरी गये 01 नग सीपीयु, 02 नग मानीटर, 02 की बोर्ड, 02 नग माउस कीमती करीबन 80,000/- रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25 एन 8358 कीमती करीबन 1,00,000/- रूपये, कुल जुमला 1,80,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

## जगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 21 जनवरी को

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 65 में 21 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नियोक्ता शिव शक्ति एग्रीटेक तेलीबांधा रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 140 पद, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतनमान 8300-30000 आयु 22 से 45 वर्ष, स्थल कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, खैरागढ़ हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# देवांगन समाज की नगर इकाई के निर्वाचित प्रतिनिधियों की सूची जारी



पायनियर संवाददाता ≺ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर में स्थित देवांगन समाज के भवन में हुई सामाजिक बैठक में नगर इकाई का प्रतिनिधित्व करने के लिए विचार विमर्श कर अध्यक्ष, रमेश कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष, पोषण लाल देवांगन, गिरीश कुमार देवांगन, सचिव, रोशन कुमार देवांगन, सह सचिव, शुभम् देवांगन, कोषाध्यक्ष, मंगल देवांगन, अनिल देवांगन, विशेष सलाहकार, तेजराम देवांगन, विष्णु देवांगन, संरक्षक, भेखराम देवांगन, शिव देवांगन का सर्व सहमति से निर्वाचन कर देवांगन समाज का प्रतिनिधि चुन लिया गया । साथ ही नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण भी कराया गया, बैठक में देवांगन समाज के वरिष्ठ तथा युवा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए । नव निर्वाचित पदाधिकारियों को विष्णु देवांगन, तेजराम देवांगन सहित समाज के वयोवृद्धों तथा युवाओं ने बधाइयाँ देते हुए समाज को सुदृढ़ बनाने एवं नयी उपलब्धियाँ प्राप्त करने की शुभकामनायें दी ।

# निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ≺ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका आम निर्वाचन के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रामकुमार सोनकर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र वारडेकर ने 15 जनवरी को नगरीय निकाय चुनाव के मद्दे नजर बीएसपी उच्चतर माध्यमिक क्रमांक 2 में बनाए गए मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल, सामग्री वितरण स्थल मतगणना कक्ष एवं स्ट्रांग रूम के अलावा वहां पर कार्मिकों व मतगणना एजेंटों को आने जाने की व्यवस्था से संबंधित रूट की एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग आदि की जानकारी ली । रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सोनकर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र वारडेकर ने सफाई, विद्युत पेयजल, कैमरा इत्यादि व्यवस्था एवं आवश्यक स्थलों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए । स्ट्रांग रूम स्थल निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सलीम सिद्दीकी, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, नगर पालिका निर्वाचन के मुख्य लिपिक ऐलन चंद्राकर, स्टोर प्रभारी पंकज चंद्राकर,आर आई रोहित शर्मा, पी आई यू विक्रांत साहू एवं विद्युत, पेयजल विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी रामकृष्ण साहू के पदोन्नति पर आईजी दुर्ग रेंज ने दी बधाई



**बेमेतरा ।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग कार्यालय में प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) को पदोन्नति पर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनने पर वरिष्ठ अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) को पदोन्नति पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बनने पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग महोदय राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग कार्यालय से डीएसपी शिल्पा साहू, पनिक राम कुजूर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षयरोग एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

क्षयरोग एवं कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन वार्ड क्रमांक 26 रेलवे अस्पताल में किया गया,। वार्ड वासियों को स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने टी बी रोग के लक्षण के विषय में जानकारी दिया, टी बी के लक्षण दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, खखार में खून आना, लगातार वजन घटना, छाती में दर्द होना, गर्दन में गाठ कुष्ठ के लक्षण चमडी पर दाग जो सुन्नपन हो, जो घाव भर नहीं रहा हो, चमड़ी पर तेलिया तामिया चमक हो, तंत्रिका में मोटापन सून्नपन हो, हाथ पैर में झुनझुनी सून्नपन हो, ऊंगलियों का टेडा होना, पंजे कलाई झूल जाना, आंख के पलक का बंद न होना, उक्त लक्षण वाले व्यक्तियों की खोज करने के लिए मितानिनो एवं स्वास्थ्य कर्मचारीगण के द्वारा घर घर सर्वे किया जाना है। रेलवे स्टेशन प्रबंधक जी के आर्या द्वारा कहा गया कि टी बी का इलाज संभव है व कही भी थोड़ा संभावित लक्षण दिखाई दे तुरंत स्वास्थ विभाग से संपर्क करे जिससे कि सही समय पर इलाज हो सके। वार्ड पार्षद टी ज्योति द्वारा कहा गया कि भारत ने 2025 तक तपेदिक को समाप्त करने की योजना की घोषणा की प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 तक भारत से तपेदिक को समाप्त करने की योजना की घोषणा की इसलिए वार्ड वासियों से अपील की शासन की योजनाओ का भरपूर लाभ ले, स्वास्थ्य से संबंधित कोई परेशानी हो तो अपने क्षेत्र के मितानिनो, एवं स्वास्थ्य कर्मचारीयों से संपर्क कर करके स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं, आयोजन में स्वास्थ्य विभाग से लता यादव, करूणा सोनकुंवर, संजय यादव, मितानिन ललिता, सुरजीत कौर, एवं वार्ड वासियो उपस्थित थे।

# गुंडरदेही एवं डौंडीलोहारा में लंबित कार्य अधिक होने पर तकनीकी सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश-



पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 तक के समस्त अपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। जिसमें ग्राम पंचायतवार तकनीकी सहायकों को आबंटित किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। जिसमें जनपद पंचायत गुंडरदेही एवं डौंडीलोहारा में लंबित कार्य अधिक होने पर संबंधित तकनीकी सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं।

### पीएम आवास प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश

सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने बैठक में कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधी कार्यों में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप व्यय किये जाने हेतु जनपद पंचायत गुंडरदेही को विशेष रूप से प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिक से अधिक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्य लेने निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में अमृत सरोवर में स्वीकृत निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत निकासी बैठक में पारित निर्णयों पर समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए शत-प्रतिशत वसूली किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन निर्माण की विस्तृत समीक्षा करते हुए समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण के साथ पूर्ण किये जाने तथा योजनांतर्गत संधारित की जाने वाली 7 पंजियों को अद्यतन कराने हेतु जनपद सीईओ को निर्देश दिए। डॉ. सजंय कन्नौजे ने लक्ष्य के विरूद्ध कम प्रगति होने के कारण संबंधित तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जिससे समय पर हितग्राहियों को उसका लाभ मिल सके। बैठक में एपीओ मनरेगा, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# नगर पंचायत व पंचायत चुनावों में भाजपा को जिताए, विकास कार्यो के लिए राशि की कमी नही होंने देंगे : चेमन देशमुख

## डौंडीलोहारा नगर की जनता भाजपा के साथ लोकसभा चुनावों में नगर से मिली बड़ी जीत : राकेश यादव








पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भाजपा संगठन के द्वारा बालोद जिले के 2 नगर पालिका व सभी नगर पंचायतो में चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के डौंडीलोहारा नगर के पुराने जनपद कार्यालय भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं डौंडीलोहारा नगर पंचायत चुनाव प्रभारी भाजपा नेता राकेश यादव, जिला सोशल मीडिया हरीश कटझरे की प्रमुख उपस्थित में कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। डौंडीलोहारा मंडल व रेंगाडबरी मंडल के सभी पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा की पार्टी संगठन ने तय किया है कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का नेतृत्व हो और यह आवश्यक भी है। कि हम जब बड़े चुनावों में मेहनत कर पार्टी को जीत दिलाते है। तो अब जो चुनाव हो रहे है। वो कार्यकर्ताओं के लिए है। उनको बड़े दायित्त्व पर काबिज करने को लेकर हमसभी को जनता के बीच जाना है। भाजपा ने अंत्योदय को लक्ष्य मानकर अंतिम व्यक्ति के विकास की योजना बनाया है। जिसमे गांव, गरीब, किसान, मजदूर सभी की सहभागिता से नगर व पंचायत का विकास बड़ा लक्ष्य है। इसमे सभी पार्टी नेताओ को मिलकर इस लक्ष्य को पाना है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी निकायों में हम सभी को जीत दर्ज करना है। केंद्र और राज्य में भाजपा पार्टी की सरकार है। अब निकाय व पंचायतो में भाजपा को जीत दिलाना है।

### चेमन देशमुख का हुआ भव्य स्वागत

जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद डौंडीलोहारा नगर में प्रथम आगमन पर चेमन देशमुख का जोरदार स्वागत किया गया। माँ काली मन्दिर में पूजन पश्चात नगर में स्वागत रैली निकालकर बैठक स्थल तक रैली पहुंची। जहां कार्यकर्ताओं ने चेमन देशमुख को हार माला पहनाकर फटाखे फोड़कर स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि पार्टी ने हम सभी पर नगर पंचायत व पंचायत चुनावों में जीत दर्ज करवाने को लेकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर इसमे सफल होना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नगर व पंचायतो में विकास के लिए करोड़ो रूपये की स्वीकृति हो रहा नए कार्य हो रहे है। महिला बहनों को सम्मान के साथ महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा,गरीबो के मकान बन रहे मूलभूत सुविधाओ का तेजी से विस्तार हो रहा है।यह सब भाजपा की सरकार में संभव हो रहा है। इस चुनाव में हमसभी को मिलकर डौंडीलोहारा नगर पंचायत को कांग्रेस मुक्त करना है।इसके लिए हम सभी प्रतिबद्ध है।

### 17 तक पर्यवेक्षक पार्षदों के वार्डवार नाम तय करेंगे

चुनाव प्रभारी राकेश यादव ने पर्यवेक्षको को कहा कि सभी वार्डो में जनता के बीच जाकर रायशुमारी करे। योग्य जितने वाले दावेदारों के नाम सामने लाये, ताकि पार्टी के आला नेता जल्द नामों की घोषणा कर सके।

### डौंडीलोहारा नगर को कांग्रेस के भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे : राकेश

चुनाव प्रभारी राकेश यादव ने कहा कि डौंडीलोहारा नगर की जनता ने हमेशा भाजपा संगठन के ऊपर भरोसा जताया है। लोकसभा चुनावों में मिली जीत में डौंडीलोहारा नगर की जनता का बड़ा योगदान है। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इन चुनावों में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने में मेहनत करे। पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर काम करे, गड़बड़ करने वालों को इस बार पार्टी दूसरा मौका नहीं देगी। ऐसे लोग कार्यवाही के लिए तैयार रहे। राकेश यादव ने कहा कि आप नगर पंचायत चुनावों में जीत दिलाए, विकास कार्यो के लिए पैसों की कमी नही होने देंगे। नगर की जनता जो काम चाहेगी, वो स्वीकृत कराएंगे। डौंडीलोहारा नगर को कांग्रेस के भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे और विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार है। निकाय व पंचायतो में भी भाजपा की सरकार बनने पर तेजी से काम होंगे। किसान, मजदूर, गरीब का सपना पूरा होगा। उक्त कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल,बजिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला मंत्री जयेश ठाकुर, जिला सदस्य होरीलाल रावटे, मण्डल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, रेंगाडबरी मण्डल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलराम गुप्ता, रूपेश सिन्हा जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराज शर्मा, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, पूर्व जनपद अध्यक्ष जयलाल मालेकर, दुष्यंतगिरी गोस्वामी, पूनम जैन, संजय दुबे, नरेंद्र लुंकड़,बसंदीप लोढ़ा, दिनेश जैन, धर्मेंद्र निषाद, यतेंद्र देवांगन,बसेवाराम हिरवानी, सुरेश केशरवानी, राजू भंसाली, जयेश जैन, माया ठाकुर,बसुभद्रा टांडेकर, रहिमत कोसमा, मनी बघेल,बदसोदा भुआर्य, ममता शर्मा, शोभा ठाकुर, नारायण सिन्हा, प्यारेलाल निषाद, सुरेश देशमुख, डोमेन्द देशमुख, हीरा ठाकुर, चिमन देशमुख, ढाल साहू, निखिल शर्मा, लता गुप्ता, नेहा उपाध्याय, सुरेश देवांगन डेविड बारले, लिलेंद्र सिन्हा, गेंदमल भंसाली, उत्तम मालेकर सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रो के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पत्थलगांव नगर के विकास के लिए विधायक की अध्यक्षता में जशपुर फोरम की बैठक का हुआ आयोजन

## पत्थलगांव चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आईसीयू का किया जाएगा विकास

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर फोरम की बैठक का आयोजन पत्थलगांव विधायक गोमती साय एवं कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विधायक ने कहा कि नगर पंचायत के समुचित विकास के लिए जशपुर फोरम की एक सकारात्मक पहल जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। इसके द्वारा नगर के विकास एवं विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए योजना का निर्माण किया जाना है। इसमें सभी की सहभागिता से नगर विकास सुनिश्चित किया जाना है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नगर के विकास हेतु अधोसंरचना विकास एवं समस्याओं के निदान के लिए एक मंच पर आकर सभी की सहभागिता से विकास किया जाना है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना है। बैठक में नगर की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगरवासियों एवं व्यापारियों से चर्चा की गई। जिस पर पत्थलगांव चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गहन चिकित्सा ईकाई (आईसीयू) की उत्तम व्यवस्था के लिए नवनिर्माण द्वारा अधोसंरचना विकास का जिम्मा उठाया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की। कलेक्टर ने नगर के व्यवसायियों एवं नागरिकों को अस्पताल के विकास में सहयोग के लिए आमंत्रित किया। व्यवसायियों द्वारा प्रतिदिन मरीजों के परिजनों के लिए भोजन उपलब्ध कराने पर भी अपनी सहमति दी। इसके साथ ही उन्होंने आपातकालीन व्यवस्था में लगे चिकित्सकों को पूरे समय उपस्थित रहने तथा उनका ड्यूटी रोस्टर स्वास्थ्य केंद्र के सार्वजनिक स्थान पर लगाने को कहा। उन्होंने आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम एवं तहसीलदार को निरन्तर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में उचित संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नगर में पेयजल व्यवस्था हेतु चर्चा करते हुए विधायक ने अमृत योजना के तहत जल स्त्रोत की वैकल्पिक व्यवस्था भी विकसित करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने नगर में वाटर रिचार्ज की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करने को कहा। जिसके तहत व्यवसायियों द्वारा स्व प्रेरणा से पहल करते हुए वर्षा जल संचयन के लिए कार्य करने की बात कही। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सर्वप्रथम शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, बिल्डिंगों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी के द्वारा दिये गए सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही मुक्तिधाम के विकास, सुरक्षा, प्रकाश, उचित प्रबंधन एवं मुक्तांजली वाहन की व्यवस्था पर चर्चा हुई। नगर में खेलों के विकास हेतु हाई स्कूल मैदान परिसर का उन्नयन कर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नागरिकों द्वारा होल सेल मार्केट के विकास, औद्योगिक क्षेत्र के विकास, चिकन मार्केट के व्यवस्थापन, बाईपास रोड के निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण एवं अन्य नगर विकास के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सड़क को सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने के लिए नगर व्यवसायियों से संस्थानों के समीप सामग्री के उचित प्रबंधन तथा नगर में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु हेलमेट और सीट बैल्ट लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने हेतु जनप्रतिनिधियों से अपील की।

# टेंपल सिटी शिवरीनारायण में पशु चिकित्सा भवन जर्जर, क्षेत्रवासी व किसान परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



पशु चिकित्सालय का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी भी पशु चिकित्सा का बाधक बन रहा है. नगर में पशु चिकित्सा में संसाधनों की कमी की वजह से पशुपालक काफी परेशान रहते हैं. भवन के खिड़की-टूट चुके हैं. काफी समय से भवन का रंग रोगन भी नहीं हुआ है. प्रखंड क्षेत्र के लोग अपने पशुओं के इलाज के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर हैं. इसी जर्जर भवन में अधिकारियों की बैठने और दवा रखने व पशुओं का इलाज यही से हो रहा है. बता दें कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पशुपालक नगर आते हैं. कई वर्षों से भवन की मरम्मत नहीं हुई है. हवा व पानी के कारण दवाइयां भी कभी कभी खराब हो जाती है. जर्जर भवन में बैठकर कर्मचारी काम करने मजबूर हैं. बारिश के दिनों में यहां बैठना जोखिम से कम नहीं है. नगरीय क्षेत्र में पशुपालन लोगों की रोजी-रोटी का एक बड़ा जरिया है. बड़ी संख्या में लोग शिवरीनारायण क्षेत्र में कृषि व्यवसाय के साथ पशुपालन का काम कर रहे हैं. बेजुबानों के सेहत सुधार के ढांचागत विकास पर नजर डालें तो सब कुछ सन्नाटा दिखाई देता है. संसाधनों की उपलब्धता का भले ही दावा किया जा रहा हो, लेकिन अभी भी यहां दवाओं से लेकर अन्य सुविधाओं का अभाव है, जिस कारण पशुपालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पशु चिकित्सालय का यह भवन काफी पुराना है यहां पशु चिकित्सक सर्जन और ड्रेसर की तत्काल जरूरत है। शिवरीनारायण में दो पशु कर्मी कार्यरत हैं जो गायों के इलाज के लिए है वर्तमान में यहां नाइट गार्ड एवं प्राविधिक सहायक लंबे समय से नहीं है. अस्पताल पर क्षेत्र के पशुओं के इलाज तथा टीकाकरण का जिम्मा सिर्फ दो पर है. नगर में पशु चिकित्सा भवन में दवाओं का भी अभाव बना रहता है. लोगों ने नये भवन निर्माण की मांग लगातार करते आ रहे है यहां सेटअप बढ़ाने के लिए नगर के जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे है। और शिवरीनारायण में संचालित पशु चिकित्सालय भवन जर्जर हालत में हैं. रखरखाव करना विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है. नये भवन के निर्माण और मरम्मत के लिए स्थानीय स्तर पर पशुपालन विभाग भी पत्राचार उच्च अधिकारियों को भी कर रहे है नगर में गौ सेवकों द्वारा ही समय समय पर सभी गौ माताओं का इलाज करने में मदद कर रही है गौ सेवकों द्वारा भी गौ माताओं के कई गंभीर बीमारी और दुर्घटना ग्रस्त गौ माताओं के अति आवश्यक दवाओं के लिए उन्हें भी इधर उधर भटकना पड़ता है जल्द ही इस ओर उच्च अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता हैं।

# अड़भार शहर को स्वच्छ बनाने नगर पंचायत प्रशासन की चल रही जोरदार मुहिम

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले का नगर पंचायत अड़भार धार्मिक नगरी होने के साथ-साथ यह जिले के एक प्रमुख स्थल के रूप में अपनी पहचान रखता है, तथा इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए यहां नगर पंचायत प्रशासन निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, तो वहीं वर्तमान में ठंड के बावजूद तड़के सुबह से ही नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीया इस काम में जुट जाती हैं, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय एवं उप यंत्री मुजफ्फर हुसैन के दिशा- निर्देशन में सफाई दरोगा विकास देवांगन जहां अपने अधीनस्थ स्वच्छता कर्मचारियों को निरंतर शासन की मंशानुरूप शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में अपना विशेष योगदान दे रहे हैं, तो वहीं अड़भार शहर के सभी वार्डों में सड़कों पर सड़क धूल मुक्त एवं कचरे से मुक्त हो चुकी हैं। तथा नालियों की जहां निरंतर साफ- सफाई होती है, तो वहीं ड़ोर टू डोर कचरा कलेक्शन से भी शहर वासी काफी खुश है,तथा शहर के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा जिस स्पीड से एवं नियमित रूप से कचरा उठाने का काम किया जा रहा है वह शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है,वहीं अड़भार शहर की माने तो विगत वर्षों में इस नगर पंचायत को स्वच्छता के मामले में पूरे प्रदेश में अग्रणी नगर पंचायत का दर्जा एवं सम्मान भी प्राप्त हो चुका है, तथा यह सब संभव हो सका है नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारी एवं शहर वासियों के सहयोग तथा जनप्रतिनिधियों की सजगता से जो कि इस शहर को निरंतर साफ, सुंदर एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। वह वही नगर पंचायत प्रशासन द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी पहल करते हुए जगह-जगह कचरा के डब्बे एवं सूखा कचरा तथा गीला कचरा को अलग-अलग एकत्रित कर उसे केंद्र में ले जाकर छाटा जाता है, तथा कचरे का भी उपयोग किया जाता है एवं कचरा सेंटर में दिन भर स्वच्छता कर्मचारी मेहनत कर शहर को स्वच्छ रखने की दिशा में काम कर रहे हैं, तो वहीं शहर वासी भी स्वच्छता को लेकर निरंतर जागरूक नजर आते हैं जिसके चलते शहर के तालाब भी जहां साफ सुथरे एवं चारों ओर से चकाचक बने हुए हैं तो वहीं अड़भार शहर पूरे शक्ति जिले में श्रेष्ठ नगर पंचायत के रूप में अपनी पहचान बना पाया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक एआरटी सेन्टर का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक एआरटी सेन्टर का शुभारंभ किया गया। यह उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस सेन्टर के माध्यम से एच आई वी संक्रमित मरीजों को इलाज और दवाइयाँ आसानी से मिल सकेंगी, जो पहले 200 किलोमीटर दूर स्थित लिंक एआरटी सेन्टर, अम्बिकापुर से दवाइयाँ लेने के लिए जाते थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीजों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस लिंक एआरटी सेन्टर की स्थापना की योजना बनाई थी। अब इस सेन्टर के माध्यम से जिले के एच आई वी संक्रमित मरीजों को इलाज और दवाइयाँ यहीं उपलब्ध हो सकेंगी। जिले में 2008 से नवंबर 2024 तक कुल 269 एच आई वी संक्रमित मरीज पंजीकृत हैं। इनमें से 178 मरीज मनेन्द्रगढ़, 85 मरीज चिरमिरी और 6 मरीज जनकपुर के इन्फेक्शन कण्ट्रोल टेस्टिंग सेन्टर में पंजीकृत हैं। वर्तमान में जिला एम सी बी में अप्रैल 2024 से नवम्बर 2024 तक 50 नए एच आई वी मरीजों का पंजीकरण किया गया है। इस अवसर पर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक बुलाकर लिंक एआरटी सेन्टर के संचालन और एच आई वी संक्रमित मरीजों के इलाज से संबंधित दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, तीनों विकासखण्डों के आई सी टी सी के परामर्शदाताओं को एच आई वी मरीजों के प्रबंधन और इलाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में कुछ एच आई वी संक्रमित मरीजों को औषधि वितरण और सेवन के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

# सफाई मित्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में नगर पंचायत शिवरीनारायण में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर पंचायत शिवरीनारायण के सीएमओ राकेश कुमार साहू ने निकाय में कार्यरत समस्त स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत चलित मोबाइल मेडिकल यूनिट में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वच्छता दीदियो को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाई प्रदाय किया गया एवं रक्त जांच किया गया, मेडिकल मोबाइल यूनिट के इस शिविर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश साहू, इंजीनियर विजेंद्र गुप्ता पीआईयू वीरेंद्र सोनी एपीएम अनुज कश्यप एवं मेडिकल मोबाइल यूनिट के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज द्वारा नववर्ष एवं संक्रांति के अवसर पर एक विशेष आयोजन का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

अग्रवाल समाज द्वारा नववर्ष एवं संक्रांति के अवसर पर एक विशेष आयोजन का आयोजन किया गया। इस दिन, नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों को दोपहर का भोजन कराया गया और सभी बच्चों को चॉकलेट तथा मोजे वितरित किए गए। यह एक नेक कार्य था, जिसमें समाज के सभी सदस्य बढ़चढ़कर शामिल हुए। इस प्रकार के कार्यों से न केवल बच्चों को खुशी मिलती है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग का संदेश भी जाता है। समाज के सभी सदस्य इस आयोजन में शामिल हुए और उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। यह आयोजन समाज के विभिन्न संगठनों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम था, जिसमें अग्रवाल समाज भवन समिति के पदाधिकारी, अग्रवाल नवयुवक मंडल, और अग्रसेन महिला मंडल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन का उद्देश्य बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और समाज में सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस कार्य से यह संदेश जाता है कि समाज के हर वर्ग को अपने स्तर पर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए और एकजुट होकर ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए। आयोजकः 1. अग्रवाल समाज भवन समिति 2. अग्रवाल नवयुवक मंडल 3. अग्रसेन महिला मंडल-यह आयोजन समाज के लिए एक प्रेरणा बन सकता है, जिससे अन्य लोग भी इस प्रकार के नेक कार्यों में भाग लें।

# भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा साइबर सुरक्षा पर सेमिनार दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में भारतीय स्टेट बैंक की टीम के द्वारा साइबर सुरक्षा पर सेमिनार दिया गया। साइबर सुरक्षा पर ट्रेनिंग देने के लिए राहुल देवांगन (राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर) विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित थे।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के आरम्भ में राहुल देवांगन का महाविद्यालय द्वारा स्वागत किया गया।यह सेमिनार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया ।राहुल देवांगन ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी लोग बहुत नए नए तरीकों से लोगों को फंसा रहे है जिनकी जानकारी होनी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आप सभी को कभी भी अपना ओटीपी शेयर नहीं करना है न ही किसी अपरिचित का वीडियो कॉल रिसीव करना है। किसी प्रलोभन देने वाली लिंक को भी टच नहीं करना है न ही कोई निजी जानकारी किसी संदिग्ध वेबसाइट में देना है। आजकल केवायसी पूर्ण करने के संबंध में भी कॉल आता है तो फोन पर कोई जानकारी शेयर नहीं करना है आजकल फोटो एडिट करके भी ब्लैकमेल किया जा रहा है इससे भी सतर्क रहे। डिजिटल अरेस्ट नए प्रकार का साइबर अपराध है इनसे बचे और कोई भी कॉल से आपको लगता है कि मेरे साथ फ्रोड हो रहा है तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करके जानकारी देवे।आजकल साइबर अपराध में शादी का कार्ड, फेसबुक में मित्रता फिर शादी फिर तलाक, सिम का क्लोन, किसी स्टेशन पर मोबाइल चार्ज करना, सोशल मीडिया अकाउंट हैक करना, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का दुरुपयोग करके फ्रोड करना आदि का विस्तार से जानकारी दिया गया। अंत में प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया कि साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही सभी छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने परिवार गांव में अपने दोस्तों को इनसे बचने की जा करी दे और इसके प्रचार प्रसार करे।

# क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ती में सुशासन महोत्सव का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार के गठन का एक वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रम संगोष्ठी वाद विवाद साइकिल रैली नुक्कड़ नाटक स्लोगन आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में छत्तीसगढ सरकार की योजनाओं को छात्र छात्राओं को बताया गया और छात्रों ने योजनाओं के स्लोगन बनकर नारा के माध्यम सेजनजागरुकता बढ़ाया। महाविद्यालय में सरकार की उपलब्धियों पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी प्राध्यापक और छात्र छात्राओं ने भाग लिया, छत्तीसगढ़ में सुशासन विषय पर बाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया ।शासन के निर्देशानुसार साइकिल रैली के माध्यम से योजनाओं को बताया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं को बताया गया। छात्रों ने महतारी वंदन योजना, विधवा पेंशन योजना वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, नल जल योजना,बाल हृदय सुरक्षा योजना, आयुष्मान स्वास्थ योजना,के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ डी पी पाटले ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जनहित में बहुत सारे योजनाओं को लागू किया है जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने छात्र छात्राओं को इन योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने को कहा ताकि अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ लोगों को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया उन्होंने भी योजनाओं की जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सरकारी वेबसाइट के बारे मे बताया। उन्होंने जनमन पत्रिका, रोजगार नियोजन और विभिन्न विभागों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो डॉ शकुंतला राज प्रो अजय देवांगन प्रो ललित सिंह प्रो एस अनंत प्रो हेमपुष्पा चंद्रा प्रो ऋतु पटेल प्रो महेंद्र यादव प्रो डॉ टी पी टंडन प्रो यज्ञ राठिया प्रो सीमा साहू प्रो डॉ हरिशंकर रजक प्रो संतोष जांगड़े प्रो डॉ श्रुति तिवारी प्रो विद्या सागर राय प्रो जी एस मैत्री सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## 39,100 रुपए का समन शुल्क लिया गया, ध्वनी प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए कोरबा पुलिस कर रही जनता से अपील

# मोडिफाइड सायलेंसरों और प्रेशर हॉर्न पर कुल 17 कार्यवाही की गई

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



ध्वनी प्रदूषण रोकथाम हेतु जिला कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर थाना/चौकी यातायात पुलिस द्वारा मोडिफाइड सायलेंसरो एवं प्रेशर हार्न के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत् की कार्यवाही की गई है। कोरबा पुलिस के द्वारा ध्वनि प्रदूषण वाली मोटरसाइकिलों के खिलाफ चलाई गई विशेष अभियान में कुल 17 नग साईलेंसरों एवं साथ में प्रेशर हॉर्न को पुलिस ने कब्जा में लिया। पुलिस के द्वारा इसमें एमवी एक्ट की कार्यवाही की एवं 39,100 रुपए का समन शुल्क लिया गया। इस कड़ी में वाहन चालको को समझाईस भी दिया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा विभिन्न ऑटो पाट्र्स/ गैरेज दुकानों में भी रेड कार्यवाही की जा रही है और मॉडीफ़इड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न मिलने पर उनके ऊपर भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। कोरबा पुलिस आप सभी से अनुरोध करती है कि आप सुरक्षित रहें व साथ ही साथ मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं और ध्वनी प्रदूषण वाली मोटर साइकिलों का इस्तेमाल न करें। और अगर कही मॉडीफाइड साइलेंसर बिक रहा है तो उसकी सूचना हमें दे। ड्राइविंग करते समय सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करे। इससे आप न केवल अपनी सुरक्षा की गारंटी करेंगे, बल्कि समृद्धि की दिशा में भी मदद करेंगे। हम सभी को एक सुरक्षित और शांत सड़कों की दिशा में एकजुट होकर दुर्घटना मुक्त शहर बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों के लिए ठहरने के लिए उपयुक्त आश्रय स्थल

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com




दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत नगर पालिका परिषद् चाम्पा द्वारा आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है, जो चाम्पा में गौरव पथ विवेकानंद उद्यान के पास निर्माण किया गया है, योजना के ही पंजीकृत प्रेरणा क्षेत्रीय संघ चाम्पा वार्ड क्रमांक 13 के द्वारा पूर्व में भी संचालन कार्य किया गया है, तथा वर्तमान में सितम्बर 2024 से प्रेरणा क्षेत्रीय संघ के द्वारा ही संचालन कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया की आश्रय स्थल में जरूरतमंद लोगों को न्यूनतम दर पर रूकने की व्यवस्था प्रदान की जाती है। आश्रय स्थल में सभी मूलभूत सुविधा के साथ 40 बिस्तर के बेड उपलब्ध है। आश्रय स्थल का संचालन सुचारू रूप से करने हेतु बी.पी.एल. परिवार के लोगों से न्यूनतम शुल्क प्रति दिवस 30 रूपए एवं सामान्य ठहरने वाले लोगों से प्रति दिवस 70 रूपये शुल्क रखा गया है, तथा प्रत्येक मौसम अनुसार शासन के निर्देशानुसार उचित व्यवस्थ पूर्ण की जाती है।

# युवा महोत्सव में बलौदाबाजार जिले का रहा दबदबा

## उपमुख्यमंत्री एवं खेल, युवा कल्याण मंत्री ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



साइंस कॉलेज रायपुर के मैदान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा महोत्सव का कार्यक्रम 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छ.ग. के सभी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तर पर अपनी अपनी कला, मॉडल प्रदर्शनी का प्रदर्शन किये। युवा उत्सव में आयोजित की गई विधाओं में सांस्कृतिक नृत्य लाईफ स्कील, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प एवं कृषि उत्पाद आदि विधाऐं शामिल थी। जिसमें बलौदाबाजार जिले को प्रमुख दो विधाये में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर गुरुकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल बलौदाबाजार को विज्ञान प्रदर्शनी में स्थान मिला। वहीं तृतीय स्थान प्राची पटेल एवं ग्रुप ब्लॉक पलारी को विषय कृषि उत्पाद पर मिला। प्राची पटेल ग्राम अमेरा (पलारी) की निवासी है जो कि दंतेश्वरी कॉलेज एवं हार्टोकल्चर द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा है। प्राची पटेल एवं ग्रुप ने अपनी प्रदर्शनी में ग्रीन हाउस, जैविक खेत, वर्टिकल खेती, बॉटल फार्मिंग, सोलर पैनल पर आधारित था। उल्लेखनीय है कि विजेताओं को उपमुख्यमंत्री अरूण साव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सहित अनेक जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों के हाथों सम्मानित किया गया। उक्त विजेताओं को विद्यालय परिवार, परिवारजन के अलावा जिले की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, उपाध्यक्ष नीरज बाजपेयी, जिला मुख्य आयुक्त (गाइड) वंदना तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डा. अजय राव, जिला कोषाध्यक्ष पीयुष मिश्रा सहित जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, राजू पटेल (तहसीलदार) आदि शामिल है।

# कब्बड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ में पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत देवादा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय एक दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता 2025 के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने खेल का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कब्बड्डी प्रतियोगिता न केवल एक खेल है बल्कि आपस में प्रेम व्यवहार तथा सौहार्द उत्पन्न करने वाला एक खेल भी है जहां खिलाड़ी अपने खेल से न केवल अपनी टीम भावना को मजबूत करते है बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी आगे करते है खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखते हैं साथ ही साथ इससे आपसी प्रेम भावना एवं सद्भाव भी बढ़ता है खेलने केवल लोगों को आकर्षित करता है बल्कि इस खेल के माध्यम से लोग आपस में एक दूसरे से जोड़ते हैं मैं न्यू स्टार कब्बड्डी क्लब के आयोजकों को इस खेल के आयोजन के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने इस कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया इस अवसर पर टिकेंद्र परगनिया सत्यभामा परगनिहा शुभम वर्मा द्रौपदी साहू सरपंच ग्राम पंचायत देवदा उमाकांत परगनिहा गगन परगनिहा चेतन बंजारे साकेत साहू जितेंद्र पाल अजय निषाद ओमप्रकाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत सुरहोली प्रियांशु परगनिहा चंद्र कुमार परगनिहा लालूराम साहू यशवंत वर्मा राजाराम साहू सनत साहू घनश्याम यादव राजकुमार बंजारे ठाकुर राम साहू नीलकंठ निषाद सूर्यकांत परगनिहा कमलेश पाल जितेश्वर परगनिहा दिलीप निर्मलकर इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रमा फाउंडेशन द्वारा रक्तदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

समाजसेवी संस्था प्रमा फाउंडेशन मोपर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर 13 जनवरी 2025 , सोमवार को ग्राम पंचायत मोपर में किया गया। संस्था के जिला संयोजक मुकेश कुमार साहू ने बताया शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, खासकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में आयुर्वेद चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर में भाग लिया एवं करीब 50 यूनिट रक्त संग्रहण एवं 300 लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ लिए। आयोजन को सफल बनाने में प्रमा फाउंडेशन मोपर के युवाओं ने सराहनीय योगदान दिए। कार्यक्रम में सदस्य रामानंद साहू, टीकाराम यदु, भूपेंद्र साहू, ओमप्रकाश यदु, जितेन्द्र जांगड़े, निर्मल यदु, कुशकुमार साहू, विनोद ध्रुव, बीरबल साहू, रवि यदु, सन्नी साहू, टाकेश्वर साहू, भानु साहू, सोनीत, ललित यदु, नारायण साहू, खोमेश, खेमू, प्रमोद आदि साथी उपस्थित रहे।

# जनपद क्षेत्र में विकास की बही गंगा अब जिला पंचायत सदस्य की ओर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 अनारक्षित( महिला ) के लिए आरक्षित हैं। जिला पंचायत कबीरधाम अध्यक्ष पद भी अनारक्षित (मुक्त ) हो गया है जिसके चलते सामान्य वर्ग आरक्षित सीट पर दावेदारों की होड़ मची हुई हैं। कुछ पुराने तो कुछ नए चेहरे सामने आ रहे हैं। पुराने चेहरा अपने विकास कार्यों के आधार पर मतदाताओं के सामने आ रहे है। जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति उतरा गोकुल साहू ने अपने कार्यकाल में अपने क्षेत्र में लोगो की जरूरत और आवश्यकता के अनुरूप कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मतदाताओं के मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन, पंप स्थापन , मूरमिकारण , सी सी रोड और नाली निर्माण कार्य के साथ छोटे छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनवाड़ी केंद्रों का भी मरम्मत कार्य कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब उतरा गोकुल साहू ने जनपद पंचायत क्षेत्र के विकास के साथ साथ जिला पंचायत सदस्य की चुनाव लड़कर विकास को और आगे बढ़ाने की मंशा जाहिर की है। उतरा गोकुल साहू वर्तमान में जनपद सभापति के साथ साथ सामाजिक संगठन में जिला साहु समाज की महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा में पांडातराई मंडल अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रहकर सेवाएं दे रही है ।

### कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्य

उतरा गोकुल साहू ने अपने जनपद पंचायत क्षेत्र में अपने कार्यकाल में विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी । चर्चा के दौरान उन्होंने क्षेत्र की सेवा करने के लिए मौका देने वाले मतदाताओं का आभार जताते हुए और आगे मौका देने की उम्मीद करते हुए कराए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत किया । अपने जनपद फंड से मिश्रा मेडिकल से परदेसी के घर की ओर नाली निर्माण , सुंदर निषाद के घर से भादू साहू के घर तक मुरमी करण , सोसायटी में टाइल्स एवं मरम्मत कार्य , सतनामी मोहल्ला कुतुबमिनार के पास मंच निर्माण , जगमोहन यादव के घर से जगमोहन चंद्रवंशी के फेक्ट्री तक मुरमी करण , पुनऊराम साहू के घर के पास बोर खनन एवं मोट स्थापना , जेठू साहू के घर के पास बोर में मोटर स्थापना , ग्राम पंचायत भवन के बोर में मोटर पंप स्थापना , अर्जुन निर्मलकर के घर के पास मोटर पंप स्थापना , मौली एवं मंच निर्माण बाजार चौक , पुनकरान साहू के घर के पास मंच निर्माण , रामघाट चौक के मंच में टाइल्स एवं मरम्मत कार्य , आगनबाडी केंद्र 02 में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य , बैजनाथ टण्डन के घर के पास बोर खनन , आंगनबाडी हलधर के घर से दशरथ साहू के तक नाली निर्माण कार्य , पचरी निर्माण कार्य धोबघटटी , सी.सी रोड ईश्वरी चंद्रवंशी के घर से नदी कि ओर , मंच निर्मार्ण कार्य धोबघटटी महामाया मंदिर के पास , सतनामी मोहल्ला में मोटर पंप स्थापना धोबघटटी , मोटर पंप स्थापना महामाया के पास कापा , मोटर पंप स्थापना तालाब के पास कोईलारी कापा , बोर खनन कार्य यादव पारा कोईलारी , नाली निर्माण कार्य देहान से ईश्वरी साहू के हर तरफ, सुमित्रा साहू के घर से रजन के घर तक नाली निर्माण , हनुमान मंदिर से रजन के घर तक नाली निर्माण ,रजन के घर से अमन साहू के घर तक नाली निर्माण ,बोर खनन कार्य पिपरपारा मझोली बोर में पंप मोटर स्थापना नदी किनारे मझोली ,बोर खनन कार्य ।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं को दिशा भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डो की महिला स्व सहायता समूह की 50 महिलाओं को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिला संबलपुर उड़ीसा राज्य में ''मिशन शक्ति'' अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन, भ्रमण के लिए अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भ्रमण में जाने वाली महिलाएं बहुत ही खुश व उत्साहित नजर आ रहीं थी। 50 महिलाओं के साथ महिलाओं की देखरेख हेतु परियोजना कार्यालय से प्रभारी पर्यवेक्षकों एवं भृत्य के साथ दिशा भ्रमण के लिए रवाना किया गया। भ्रमण कार्यक्रम 15 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। मिशन शक्ति के कार्यो के अवलोकन पश्चात् समूह द्वारा अपने रूचि के अनुसार व्यवसाय, स्व-रोजगार का चयन करने पर शासन द्वारा आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जायेगा। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में सभी विकासखण्डो के दस-दस महिला स्व सहायता समूहों के एक-एक सदस्य का चयन कर भ्रमण के लिए भेजा गया है।

# प्रशासन और पत्रकारों के बीच सार्थक संवाद की दिशा में जिला प्रेस क्लब की पहल सराहनीय : कलेक्टर

## एसपी भगत का दिखा अलग अंदाज, गीत गाकर बांधा शमा



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला प्रेस क्लब द्वारा 2025 का नव वर्ष मिलन समारोह बड़े उत्साह और गीत संगीत के साथ नगर के अन्नपूर्णा पैलेस में आयोजित किया गया। यह आयोजन पत्रकारिता के प्रति समर्पण, सत्य और जनहित को समर्पित रहा। बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बनी। नव वर्ष मिलन समारोह का शुभारंभ से पहले जिला प्रेस क्लब की बैठक हुई। जिसमें बीजापुर के पत्रकार साथी मुकेश चंद्रकार को भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून और अन्य कार्य योजना की विस्तृत चर्चा किया गया। उसके बाद नव वर्ष मिलन समारोह गीत संगीत के अलावा दल्लीराजहरा से आए कलाकार श्रीनिवास राव, प्रकाश साहू, रुकया बेगम ने राजकीय गीत अरपा पैरी के धार और सत्यम शिवम सुंदरम की गीत के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब के द्वारा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा भी जिला प्रेस क्लब के पत्रकारों भी को सम्मान देकर सम्मानित किया गया। वही इस पूरे कार्यक्रम में का संचालन जिला प्रेस क्लब के महासचिव राहुल भूतड़ा द्वारा किया तथा उनके द्वारा भी अपने मंच संचालन के साथ साथ पत्रकारों को प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से एसडीएओपी देवांश राठौर, बालोद तहसीलदार आशुतोष शर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय के अलावा जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू, महासचिव राहुल भूतड़ा, ओमप्रकाश टुवानी, रवि भूतड़ा, बृजेश पांडे, एमए रिजवी, अरुण उपाध्याय, संजय दुबे, सतीश रजक, लक्ष्मीकांत बंसोड़, ओम गोलछा, विकास साहू, मंजू शर्मा, विवेक वैष्णव, नितेश वर्मा, किशोर साहू (दल्लीराजहरा निवासी), बलराम गुप्ता, नरेश श्रीवास्तव, जगन्नाथ साहू, अनीश राजपूत, राज सोनी, गोरेलाल सोनी, परस साहू, संजय सोनी, देवेंद्र साहू, योगेश साहू, स्वाधीन जैन, सुप्रीत शर्मा, राकेश द्विवेदी, घनाराम साहू, मीनू साहू, विकास जोशी, आरके देवांगन, दुर्गाशंकर साहू, जागेश्वर सिन्हा,, सोनू ज्योति, देवदास, मधु देवदास, राजेश साहू, ऋषभ सिन्हा, मनीष साहू सहित अन्य पत्रकार शामिल रहें।

### चुनाव निपट जाए फिर रखेंगे एक कार्यक्रम : कलेक्टर

इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन और जिला प्रेस क्लब का इससे अच्छा संबंध नहीं हो सकता है। आप लोग बिना माइक और कैमरे के अच्छे लग रहे है। वही कलेक्टर ने मजाकिया लहजे में कहा कि जब भी ऑफिस में बैठा रहता हूं तो आप लोग माइक और कैमरा लेकर आते है, तो मेरी हालत वैसी हो जाती है जब कोई विद्यार्थी क्लास में आता है, तो टीचर बोलते है कहा थे..? तो उसकी हवाइयां उड़ जाती है. वैसी ही हालत टीब हो जाती है, जब आप लोग कैमरे लेकर आते है। उन्होंने कहा कि आप लोग जो कुछ जानकारी बताते है, इसकी सूचना नहीं होती है। आप लोगो से कुछ सीखने का मौका मिलता है। वही इस दौरान कलेक्टर ने जिला प्रेस क्लब द्वारा आयोजन की तारीफकरते हुए कहा की अब जल्द ही हम सभी चुनाव में जायेगे और चुनाव के बाद सभी लोग फिर से बैठेंगे और अगला आयोजन प्रशासन की ओर से होगा।

### सरगुजिया गीत गाकर एसपी ने खूब बटोरे ताली

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक एसआर भगत का एक अलग अंदाज देखने को मिला। अमूमन सार्वजनिक जगहों पर बहुत कम बोलने तथा अपने सहजता और सरलता का पर्याय बन चुके बालोद एसपी एस आर भगत ने सरगुजा भाषा में गीत प्रस्तुत किया। जिसका न केवल अधिकारियो ने बल्कि इस कार्यक्रम में बैठे सभी पत्रकारों ने जमकर सराहना की। एसपी भगत ने कहा कि पत्रकार और प्रशासन के बीच में अच्छा संबंध होना चाहिए। वही एसपी भगत ने कहा उनका सर्विस काल के 27 साल के बाद मीडिया वाले के साथ इस तरह बैठने का मौका मिला है और जिला प्रेस के द्वारा किए गए इस पहल से एक अच्छा माहौल देखने को मिला है। और इस परंपरा को बनाए रखने आगे भी प्रशासन और पत्रकार एकजुट होकर ऐसे पहले करते रहे।

### प्रेस और प्रशासन के बीच खबर के लिए सामंजस्य होना चाहिए- डॉ. कन्नौजे

जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कनौजे ने कहा कि अनोखा और विशेष दिन है, मीडिया वाले प्रशासन को बुलाए है। इसके लिए जिला प्रेस क्लब को धन्यवाद देता है। मैं कलेक्टर साहब को बोल रहा था कि आधे घंटे बाद चले जाएंगे। लेकिन यहां आने के बाद मधुर गीत संगीत चल रहा है। पत्रकार वास्तव में साहित्य समाज के ड्रोन होते है। पत्रकार से बहुत सारी जानकारी मिलती रहती है। प्रेस और प्रशासन के बीच में खबर के लिए सामंजस्य होना चाहिए। जो आपकी आकांक्षा होगी, उसे प्रशासन गभीरता से लेगी। उन्होंने कहा कि आप लोगो को भी बड़ी चुनौती रहती है। वही सीईओ ने बालोद जिले के पत्रकारों की तारीफकरते हुए कहा कि यहां के पत्रकार साथियों का बहुत ज्यादा सहयोग मिलता रहा है।

### सबके बीच आत्मीय और परिवारिक संबंध रहे : एएसपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने कहा कि रायगढ़ और बिलासपुर में पत्रकारों के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध रहा है। पत्रकार सकारात्मक और नकारात्मक दोनो तरह की खबर बनाते है। लेकिन इन सब के बीच पुलिस और पत्रकार एक दोनो के मजबूत कड़ी भी है। कई बार पत्रकारों के खबर से पुलिस को कई जानकारी मिल जाती है। लेकिन कई बार एक निगेटिव खबर अगर तथ्यात्मक न हो तो पुलिस के कई सालो का मेहनत भी खत्म कर देती है। इसलिए सभी पत्रकारो को खबरों में वास्तविकता और सच्चाई को प्रामाणिकता से लिखना चाहिए। जिससे समाज को एक अच्छा मैसेज पहुंचे। वही एएसपी ने पत्रकारों की पीड़ा पर भी बोलते हुए कहा कि कोई भी पत्रकार साथी मकान दिलवा दो या कुछ बड़ा कार्य करवाने की सिफारिश नहीं करते, वे तो केवल खबर दिलवाने के लिए बोलते है। इसलिए जिले में जिस तरह पत्रकारों और प्रशासन के बीच एक अच्छा संबंध है, ये बरकरार रहने की दिशा में जिला प्रेस क्लब के आयोजन की भी सराहना करते दिखे।

### पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

एएसपी मोनिका ठाकुर ने कहा कि पत्रकार और पुलिस में संबंध रहा है। आप लोगों का सहयोग मिलता रहा है। वही उन्होंने कहा की आज पुलिस को कोई बुलाते नहीं। लेकिन आप लोग बुलाए है, इसके लिए धन्यवाद। इस समारोह में शामिल गुरुर के एसडीएम प्राची ठाकुर ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। आप जो अखबार में छापते है उसे लोग पड़ते है। वही अखबार की खबरे आज सिर्फघटना की जानकारी नहीं बल्कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में अहम भूमिका होती है। वही इस दौरान प्राची ठाकुर ने पत्रकारों से अपील करते हुए बोले कि पत्रकार साथियों द्वारा जो भी खबरे प्रकाशित की जाती है उस खबर में सच्चाई रहे, ताकि आमजन पढ़े उसको ज्ञान मिले सके।

### किसी संघ संगठन से कोई प्रतिस्पर्धा नही : अध्यक्ष

जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि आज पत्रकारिता को लेकर भी कई तरह से सवाल रहती है, जिस तरह से आज पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार नए लोग जुड़ते जा रहे हैं। जिसमे कई बार यह चुनाव करना कठिन हो जाता है की वास्तव में पत्रकारिता किस दिशा में जा रही है। वही लगातार जिले में बढ़ते पत्रकार के साथ साथ कई तरह के संघ और संगठन भी बनते दिखते है। लेकिन जिला प्रेस क्लब का किसी संघ संगठन से कोई प्रतिस्पर्धा नही है। जिला प्रेस क्लब का उद्देश्य जिले के पत्रकार साथियों को एकजुट करना तथा उनके पत्रकार साथियों को फील्ड में आने वाली समस्या तथा उनके हितों की रक्षा करने की उद्देश्य से जिला प्रेस क्लब का गठन किया गया और क्लब के द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से पत्रकार और प्रशासन के बीच एक चर्चा परिचर्चा के साथ सार्थक संवाद हो और दोनो के बीच आपसी सामंजस्य बनी रहे। इन उद्देश्यों को लेकर एक छोटा पहल किया गया जो सार्थक होते भी नजर आई।

# कलेक्टर ने कार्यालयों क़ा किया औचक निरीक्षण

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी गुरुवार को अधिकारी -कर्मचारियों के द्वारा समयबद्धता अनुपालन क़ी स्थिति जानने कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले। उन्होंने प्रातः 10 बजे से 10 :30 बजे तक जनपद कार्यालय बलौदाबाजार, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला पंजीयक कार्यालय क़ा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुपस्थित एवं विलम्ब से आने वाले 21 अधिकारी - कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि समयबद्धता क़ा कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, सभी प्रातः 10 बजे कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अतिरिक्त सीईओ योगेश वर्मा, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण करारोपण अधिकारी शत्रुहन ध्रुव, विलम्ब से आने वाले पी ओ मनरेगा अविनाश पैकरा एवं 12 अन्य अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# प्रज्ञा ने जिला पंचायत सदस्य के लिए दावेदारी पेश किया



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवनियुक्त ज़िला भाजपा के अध्यक्ष अजय साहू के गृह ग्राम मरका जा के हिन्द के योगी साहित्य भेंट किया और ज़िला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से अपने दावेदारी के संबंध में अपना दावा रखा ,इस दौरान उनके साथ अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के सयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी भी उपस्थित थे ,बतौर ज़िला पंचायत सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्र में किए गए कार्यों के संबंध में ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने विस्तार से बताया ।


## न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202501140100003 /अ-21(2)/2024-25
ग्राम-भानुप्रतापपुर
प.ह.नं.-05 भानुप्रतापपुर

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक जीगनेश ठक्कर पिता गंगाराम जाति गुजराती निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी जिला धमतरी द्वारा अनावेदक क्रेता अब्दुल साजिद खान पिता मोहम्मद खान जाति मोमिन निवासी वार्ड क्रमांक 14 भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास ग्राम भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्यानी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 116/17 रकबा 0.030 हेक्टर भूमि के 2724 वर्गफीट पर स्थित एक मंजिला पक्का मकान भूमि का परिवर्तित लगान 2.50 रूपये की भूमि को स्वयं के व्यवसाय के उन्नति के लिए रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक क्रेता के पास 16,00,000.00 (सोलह लाख) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि के विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्य संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा 6ग की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 24/01/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, कार्यालय वन मंडलाधिकारी बस्तर, वन मंडल, जगदलपुर

### // संक्षिप्त निविदा सूचना आमंत्रण //

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि शासकीय स्ट्राईक फोर्स वाहनों को निविदा द्वारा निवर्तित किया जाना है। इस बाबत निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्त कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र हेतु राशि रू. 200/- का मनी रसीद परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर (सा.) से प्राप्त कर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्ते इस कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| अ.क्र. | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | मॉडल वर्ष | वर्तमान में वाहन जहां स्थित है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| अपलेखित शासकीय स्ट्राईक फोर्स वाहन | | | | |
| 1 | CG 02/ F/ 0042 | महिन्द्रा बोलेरो | 1998 | शासकीय केन्द्रीय काष्ठागार सरगीपाल |
| 2 | CG 02/ F/ 0091 | एम्बेरडर कार | 2006 | |
| 3 | CG 02/ F/ 0297 | जिप्सी | 1999 | |
| 4 | CG 02/ F/ 0220 | मारूति जिप्सी | 1996 | |

प्रथम निविदा में वाहन के विक्रय दर से प्राप्त मूल्य अवरोध मूल्य से कम तथा अधिक एवं शासकीय हित में नहीं होने पर द्वितीय एवं तृतीय च्रक की निविदा नीचे दर्शित तिथि को आमंत्रित की जावेगी।

| क्र. | विवरण | प्रथम निविदा की तिथि एवं समय सारणी | द्वितीय निविदा की तिथि एवं समय सारणी | तृतीय निविदा की तिथि एवं समय सारणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक 17.02.2025 सायंकाल 05:00 बजे तक | दिनांक 11.03.2025 सायंकाल 05:00 बजे तक | दिनांक 26.03.2025 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 18.02.2025 सायंकाल 03:00 बजे तक | दिनांक 12.03.2025 सायंकाल 03:00 बजे तक | दिनांक 27.03.2025 सायंकाल 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 18.02.2025 सायंकाल 04:00 बजे तक | दिनांक 12.03.2025 सायंकाल 04:00 बजे तक | दिनांक 27.03.2025 सायंकाल 04:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोले जाने का स्थान | कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर | कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर | कार्यालय वन मण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर |

G-242505346/3

वन मंडलाधिकारी
बस्तर वन मंडल जगदलपुर

# ऑटो एक्सपो में पहले दिन 1 हजार वाहनों की डिलीवरी ने रचा इतिहास




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित देश के सबसे बड़े ऑटो एक्सपो 2025 का गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि ग्राहकों के लिए अच्छा विकल्प हैं जहां एक ही जगह पर दोपहिया, चार पहिया, ट्रैक्टर व कमर्शियल व्हीकल्स उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रदेश के लोगों से आव्हान किया कि मनपसंद वाहन लेने के इस अवसर का लाभ उठायें, राज्य सरकार ने भी आजीवन रोड टैक्स पर यहां 50 फीसदी की छूट प्रदान की है। चूंकि इस बार फसल अच्छी हुई है और किसानों के पास पैसा भी ज्यादा जायेगा तो व्हीकल्स भी ज्यादा बिकेंगे। उन्होने राडा मेंबर्स से उम्मीद जतायी कि जब पिछली बार 10 हजार व्हीकल्स बिके थे तो इस बार 20 हजार व्हीकल्स बिकने चाहिए। ऑटो एक्सपो ने पहले दिन 1 हजार वाहनों की डिलीवरी कर रिकार्ड स्थापित कर दिया है। फोर व्हीलर खरीदी करने वाले ग्राहक संजय वाच्छानी को मुख्यमंत्री साय ने मंच से चाबी सौंपकर बधाई दी। राडा ने रोड सेफ्टी के लिए मुख्यमंत्री साय को पांच लाख का चेक भी डोनेट किया। आडी कार व होंडा मोटरसाइकिल के नए माडल की लांचिंग भी हुई। 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित ऑटो एक्सपो का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछ्ले साल एक्सपो में जब 10 हजार व्हीकल्स बिके थे तब 300 फीसदी रोड टैक्स के साथ जीएसटी में 500 फीसदी का इजाफा हुआ था और जब लाइफ टाइम रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट प्रदान कर रहे हैं तो इस साल यह 20 हजार तक पहुंचना चाहिए। इस बार बारिश भी अच्छी हुई है 145 लाख मिट्रिक टन से बढ़कर 165 लाख मिट्रिक धान की खरीदी करने जा रहे हैं इसलिए किसानों के पास पैसा भी ज्यादा जायेगा तो व्हीकल्स भी ज्यादा बिकेंगे। उन्होने राडा मेंबर्स से अपील करते हुए कहा कि रोड सेफ्टी के लिए वे वाहन बेंचते समय ग्राहकों को सचेत करें और अनिवार्य रुप से हेलमेट भी प्रदान करें। उन्होने पुराने दिनों की याद ताजा करते हुए कहा कि विधायक रहते हुए वे खुद दोपहिया चलाकर अपने क्षेत्र में भ्रमण करते थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा.रमनसिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर व्हीकल्स की बिक्री में 18 प्रतिशत का ग्रोथ कर छत्तीसगढ़ नंबर वन रहा,यह बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। जिस छत्तीसगढ़ को पहले पलायन करने वाला राज्य कहा जाता था आज वही छत्तीसगढ़ 25 सालों में अपने पैरों पर खड़े होकर दौडने लगा है। सभी सेक्टर में ग्रोथ हुआ है। 3100 रुपए कीमत पर 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ की खरीदी से किसानों के घरों में खुशहाली आई है। धान की बिक्री होती है मिलिंग होती है फिर सेंट्रल को जाता है सभी कड़ियां एक दूसरे से जुड़ती हैं। इकानामी का असर हैं कि वाहनों की बिक्री में छत्तीसगढ़ ने रिकार्ड बनाया है। उन्होन मोदी जी व गडकरी जी को छत्तीसगढ़ में शानदार सड़कों की सौगात देने के लिए धन्यवाद दिया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज का समय कनेक्टिविटी का है चाहे वह रोड कनेक्टिविटी हो या और कोई। रोड सेफ्टी के लिए जनजागरूकता काफी जरूरी है। सरकार की ओर किए गए सरलीकरण का असर है कि व्हीकल्स बिक्री में 18 फीसदी का ग्रोथ रहा। परिवहन सचिव एस प्रकाश ने कहा कि सेंकड टाइम हैं जब आटो एक्सपो में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इससे ग्राहक, डीलर्स व सरकार सभी को फायदा होता है। पिछ्ली बार 10 हजार व्हीकल्स की बिक्री हुई थी इस बार दुगुने बिक्री की उम्मीद है। रोड सेफ्टी के लिए परिवहन विभाग लगातार अभियान चलाता है। दीप प्रज्जवलन व गणेश वंदना के साथ ऑटो एक्सपो का अतिथियों ने शुभारंभ किया पश्चात स्वागत भाषण देते हुए राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने कहा कि राडा का यह आयोजन हमारे लिए गर्व व खुशी की बात है कि हम लगातार नवाचार,प्रगति व विकास की ओर बढ़ रहे हैं। ये हमारा 8 वां एडिशन है और हमारा एसोसिएशन अब एक प्रभावशाली संगठन बन चुका है। 18 फीसदी ग्रोथ हमने पिछ्ली बार हासिल किया था।

# संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एसएसपी पदोन्नत, विभाग के अन्य अधिकारियों के लिए बनेंगे प्रेरणा

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार जिला के वर्तमान संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल राज्य के अन्य पुलिस अधिकारियों की तरह पदोन्नत होकर एस एस पी बनाए गए हैं।आपको बताते चलें कि बलौदाबाजार 10 जून अग्नि कांड के बाद जिला का कमान अनुभवी सुलझे हुए संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के कंधों पर छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने सौंपी थी तब से लेकर आज तक जिला में कानून व्यवस्था में भारी कसावट देखने को मिला है। पदोन्नत एस एस पी विजय अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में जिला के सभी थाना चौकियों पर कानून व्यवस्था में बेहतर सुधार हुआ है साथ ही जनता एवं पुलिस का एकदूसरे के प्रति विश्वास भी बना हुआ है। एस एस पी विजय अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस विभाग का ऑपरेशन विश्वास सफ लता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।गुंडा बदमाश अपराधियों पर एस एस पी के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। अग्रवाल की पुलिसिंग कार्यशैली विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणा से कम नहीं है।आपको आगे बताते चलें कि राजधानी रायपुर में मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदोन्नत एस एस पी विजय अग्रवाल के कंधों पर बैच लगाकर उन्हें पदोन्नत कर बधाई शुभकामनाएं दिये साथ ही पुलिसिंग सेवा में इसी तरह बेहतर कार्यशैली का परिचय देते रहने का मार्गदर्शन दिये।

# तुरतुरिया में बीएसएनएल नेटवर्क हुआ एक्टिव

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल तुरतुरिया धाम में बीएसएनएल का नेटवर्क सक्रिय हो गया है जिससे अब वहां मोबाइल कनेक्टिविटी क़ी सुविधा लोगों को मिलना शुरू हो गया है। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुरतुरिया धाम में बीएसएनएल द्वारा मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया है जिसे अब सक्रिय कर दिया गया है। गौरतलब है कि विगत दिनो कलेक्टर दीपक सोनी ने मेले क़ी तैयारियों का जायजा लेने तुरतुरिया पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए वहां स्थापित बीएसएनएल टावर को एक्टिव करने के निर्देश दिए थे।

# हरिनाला पुलिया निर्माण की राह हुई आसान विधायक ने किया पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा वासियों की सुविधा और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए हरिनाला पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और इस सौगात के लिए जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि विगत वर्षों से पंडरिया विधानसभा वासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है बारिश के मौसम में इस नाले में पानी ओवर फ्लो होने की वजह से आवागमन बाधित हो जाता था। इस समस्या को देखते हुए हरिनाला में पुल निर्माण के लिए लगातार विधायक भावना बोहरा द्वारा भी प्रयास किया जा रहा था, जिसके लिए भाजपा सरकार द्वारा 76 लाख 29 हजार रुपए की राशि का टेंडर जारी कर दिया गया है इससे हरिनाला में 18 मीटर पुल का निर्माण होगा,जिसका विधायक भावना बोहरा ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। विगत वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार हरिनाला में पुल निर्माण हेतु मांग की जा रही थी आज उनकी यह मांग पूरा होते देख बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। इस पुल के निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को अब बारिश के मौसम में आवागमन बाधित होने की समस्या से निजात मिलेगा, वहीं बिना किसी अवरोध के वे अपने दैनिक व निजी कार्यों के लिए आवागमन कर सकेंगे।

# हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला आयोजित किया गया है, जो 17 से 19 जनवरी 2025 तक विधासभा रोड, नर्दाहा में आयोजित होगा। यह एक विशेष तीन दिवसीय आयोजन है, जो निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। इस आयोजन में आपको प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त करने का मौका मिलेगा, जो एक लक्ज़री टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं। हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का एक प्रोजेक्ट है और यह RERA पंजीकृत है (PCGRERA040123001580)। यहाँ के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और इसकी प्रारंभिक कीमत रु. 8.99 लाख से शुरू होती है। हर्षित गोल्ड सिटी में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, मंदिर, क्लब और रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, आउटडोर और इंडोर जिम, कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, यह परियोजना N.H. गोयल वर्ल्ड स्कूल, ज्ञान गंगा स्कूल, D.P.S. (दिल्ली पब्लिक स्कूल), कोलंबिया कॉलेज, एम.जी.एम. आई हॉस्पिटल, अंबुजा मॉल और हैरिटेज हॉस्पिटल जैसे प्रमुख स्थानों के पास स्थित है, जो इसके निवासियों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप 1993 से जीवनशैली का निर्माण कर रहा है और CREDAI और RERA द्वारा अनुमोदित है, जो इस परियोजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की गारंटी देता है। इस विशेष आयोजन का लाभ उठाएं और हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट में निवेश करें, जहाँ आपको लक्ज़री जीवनशैली और बेहतरीन सुविधाओं का अनुभव मिलेगा। इस सुनहरे अवसर से न चूकें और 17 से 19 जनवरी 2025 के बीच इस प्लॉट मेला में आकर अपने सपनों का घर पाएं। अधिक जानकारी के लिए आप 9827-321-321 पर संपर्क कर सकते हैं या हमारी वेबसाइट www.singhaniabuildcon.com पर विजिट कर सकते हैं।

# सभी असली दावे मंजूर किए गए : मीशो ने ज्यादा निष्पक्षता के लिए अपनी सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को मजबूत किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स बाजार, मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच, और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगे, जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने मई, 2024 से अपनी क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया है, जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70 प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं, और 3.4 मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है। इससे सभी हितधारकों के लिए एक ज्यादा प्रभावशाली एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म का निर्माण करने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। नकली रिटर्न को कम करने व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मीशो ने अपनी सप्लाई चेन में वैरिफिकेशन की एक मजबूत प्रक्रिया शुरू की है। मीशो द्वारा सप्लाई चेन ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए जेनरेटिव एआई का उपयोग किया जा रहा है। मीशो ने मई, 2024 से ही एडवांस्ड एनालिटिक्स की मदद से सप्लाई चेन में अनुपालन न करने वाले 15,000 फील्ड एग्ज़िक्यूटिव्स (एफई) की पहचान करके उन्हें हटाया है। इस प्रक्रिया में एआई-संचालित टूल्स और डेटा एनालिटिक्स की मदद से पूर्ण फील्ड ऑडिट किए गए, और जाली पैटर्न की पहचान की गई। मीशो ने एडवांस्ड रिस्क एनालिटिक्स और चुस्त उपायों की मदद से हजारों संदिग्ध यूज़र्स को हटाया है।

# सप्ताह भर में दूसरी बार 108 में हुई डिलेवरी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एक बार फिर से 108 एम्बुलेंस में बच्चे की किलकारी गुंजी एक गर्भवती महिला जिनका नाम तिलेस्वरी यादव है ,इनको प्रसव पीड़ा होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला में भर्ती कराया गया । लेकिन वहा पर प्रसव नहीं हो पाया जिसके कारण उनको रेफर कर दिया गया। रेफर में ले जाने के लिए सीएचसी बेरला की 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया फिर एम्बुलेंस में उन्हें लेकर हायर सेंटर मेकाहारा रायपुर अस्पताल ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उनका प्रसव पीड़ा बढ़ गया । ए एम टी भानेंद्र दास और पायलट सनत ने अपने सूझ बुझ से गाड़ी खड़े किए फिर ई आर सी पी को कॉल करके सुझाव लिया फिर उसके बाद महिला को सुरक्षित प्रसव कराया गया । महिला ने सुरक्षित पुत्री को जन्म दिया ।अब महिला व शिशु दोनों सुरक्षित है फिर उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में ही वापस भर्ती करा दिया गया है ।

# कोलंबिया कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया कॉलेज, रायपुर के सीनियर छात्रों ने बी.एड. प्रथम सेमेस्टर और डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत करने के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मेज़बानी बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रों श्रावणी पैकरा, रितिका पांडे, पैनोरमा वर्मा, और प्रणिता साहू ने की। इस अवसर पर जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी, रायपुर के सचिव हरजीत सिंह हुरा, एम. एल. देशमुख, कोलंबिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे, उप-प्राचार्य डॉ. आभा दुबे, साथ ही सभी स्टाफ ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा और दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चातजेपीईएस केसचिव हरजीत सिंह हुरा ने अपने भाषण में छात्रों को पाठ्यक्रम, कौशल विकास और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने, एक मजबूत समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने, और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे ने अपने प्रेरणादायक भाषण में छात्रों से ज्ञान के माध्यम से अज्ञानता को दूर करने और समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने की अपील की। उन्होंने सभी छात्रों को एक उत्कृष्ट शिक्षक बनने की कामना की। उप-प्राचार्य डॉ. आभा दुबे ने अपने प्रोत्साहनात्मक भाषण में छात्रों को कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें अच्छे शिक्षक बनने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पाठ्यक्रम आधारित गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के छात्र जीतू नायक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सीनियर छात्रों ने अपने जूनियर छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसमें मनोरंजक खेल, नृत्य प्रदर्शन और गीतों ने दिन को खुशी और उत्साह से भर दिया। परंपरा के अनुसार, मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें क्विज़ गतिविधियाँ भी शामिल थीं। डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के योगेश वर्मा को मिस्टर फ्रेशर और बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की यावंती वर्मा को मिस फ्रेशर का ताज पहनाया गया।

# किरन्दुल में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को प्राप्त हुआ विष्णु के पाती पत्र



**किरन्दुल।** किरन्दुल नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाकर अपना आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को गुरुवार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पत्र विष्णु की पाती डाक के माध्यम से प्राप्त हुआ।इस पहल के माध्यम से सरकार ने आवासहीनों से सीधे संवाद स्थापित किया है,जिससे उन्हें वह महसूस हुआ कि सरकार आवासहीनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।हितग्राहियों ने कहा कि सरकार का यह कदम आवासहीनों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग भावना को दर्शाता है।

## सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 52 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम कोलिहापुरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 52 जोड़ो का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शासन की बहुआयामी योजना है जिसके माध्यम से समाज में कन्या का विवाह को अनुकरणीय स्तर पर स्थापित करना है। विवाह में होनेवाली फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा और आडंबरों पर रोक लगाने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने की। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, योगिता चंद्राकर, माया बेलचंदन, महिला एवं बाल विकास के सभापति हीरामणि देशमुख, जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा, हरेंद्र देशलहरे, टिकेश्वरी देशमुख, दीपिका चंद्राकर, भाना बाई ठाकुर, नोहरलाल, रूपेश कुमार देशमुख, लेखन साहू, डुमेश्वरी देखमुख, भुवनेश्वरी ठाकुर, राकेश हिरवानी, कोलिहापुरी सरपंच ज्वालाप्रसाद देशमुख, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर. जांबुलकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सांसद विजय बघेल के द्वारा वर वधु को आशीर्वाद देते हुए नव विवाहित दंपतियों को शासन द्वारा प्रदाय 35000 की राशि का चेक दिया गया और इस राशि का सही उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु शपथ दिलाई गई । कन्या विवाह से लाभान्वित सभी जोड़ों के परिजनों ने हर्षपूर्वक वैवाहिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी संपन्न की। विवाह संपूर्ण वैदिक रीति रिवाज एवं अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न किया गया । विवाह समारोह में वर वधु के लिए शादी का जोड़ा, श्रृंगार सामग्री,चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया, घड़ी, सूटकेस और 35000 का चेक प्रदान किया गया। विवाह उपरांत सभी जोड़ो को प्रमाणपत्र दिया गया । सभी जोड़ो ने सेल्फी जोन में जाकर सेल्फी लिया और शासन को बहुत धन्यवाद दिया। कन्या विवाह में उपस्थित सभी माननीय अतिथियों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी ऊषा झा के द्वारा किया गया ।

# 41 प्रतिशत से कम रिजल्ट लाने वाले स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के हाई/हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक मे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के अर्ध वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे द्वारा की गई। त्रैमासिक परीक्षा के पश्चात सभी प्राचार्यो को जिला कलेक्टर द्वारा परीक्षा परिणाम उन्नयन एवं शिक्षा में गुणवत्ता सुधार हेतु विशेष दिशा निर्देश प्रदान किए गए थे, इसके बाद भी कई विद्यालयों का अर्ध वार्षिक परीक्षा परिणाम निराशा जनक है, जिन विद्यालयों का रिजल्ट 41त्नसे कम है उन्हें ÷डी÷ ग्रेड देते हुए कारण बताओ नोटिस दिया गया है इन विद्यालयों मेंकक्षा12 वीं में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेरा,छिरहा, बोरतरा, एवं सेजस हिंदी माध्यम बेमेतरा तथा कक्षा 10 वीं में खैरझिटीकला,कन्या साजा,भिलौरी, बारगॉव, एवं सेजस हिंदी माध्यम बेमेतरा शामिल हैं। साथ प्री बोर्ड परीक्षा में अपेक्षित सुधार नहीं होने की दशा में वेतन एवं वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने की चेतावनी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दी गई। जिला द्वारा परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु बनाई गई कार्य योजना का अक्षर सह पालन करने, कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष उपचारात्मक कक्षाओं का संचालन करने एवं विगत वर्षो के बोर्ड के प्रश्न पत्रों को विद्यार्थियों से पूर्ण रूप से हल करवाने का निर्देश भी दिया गया है। सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने आविष्कार अभियान अंतर्गत होने वाली विकासखंड एवं जिला स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की। सहायक संचालक एस.पी.कोसले ने पाठ्यक्रम पूर्णता,नीट एवं जे ई ई परीक्षा की कोचिंग, विभागीय दर्पण पोर्टल में अवकाश, आई पी आर की स्थिति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक पर चर्चा की। एवं आपार आई डी की अद्यतन स्थिति यू डाईस पर सहायक प्रोग्रामर चंदन देव ने जानकारी प्रदान की। इस बैठक मे डी.एम.सी. नरेंद्र वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ बांधे, अरुण खरे, जयप्रकाश करमाकर, नीलेश चंद्रवंशी सहित जिले के प्राचार्य गण उपस्थित थे।

# 20 जनवरी को शुरू होने वाले प्री बोर्ड परीक्षा की आवश्यक तैयारियां करें सुनिश्चित: कलेक्टर

**प्री बोर्ड परीक्षा में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति हो शत प्रतिशत, शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न**

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



मासिक विभागीय समीक्षा बैठक अंतर्गत कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा शिक्षा विभाग की बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्री बोर्ड परीक्षा को गंभीरता से लेते हुए 20 जनवरी को शुरू होने वाले प्री बोर्ड परीक्षा की आवश्यक तैयारियां सभी संबंधित सुनिश्चित करें, इस हेतु कलेक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बीईओ इस बात को सुनिश्चित करेंगें कि प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी बोर्ड परीक्षा के तर्ज़ पर हो, इसके साथ ही प्री बोर्ड परीक्षा मे सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम (कक्षा 10वीं एवं 12वीं) को भी लेकर चर्चा की गई। जिन स्कूलों के परिणाम कमजोर है वहां नियमित मॉनिटरिंग पर जोर देने की बात कही गई और बेहतर कार्य योजना बनाते हुए उन्हें शिघ्र लागू करने के निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिये गये। ताकि विद्यार्थियों के पढाई के स्तर सकारात्मक सुधार हो, इसके साथ ही स्कूल का परिणाम भी क्रमबद्ध बेहतर होता जाए। बैठक में आपार आई.डी. निर्माण की अद्यतन स्थिति व सभी विद्यार्थियों के अपार आईडी शत प्रतिशत बनाने के निर्देश भी दिये गए। विद्यालय में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र के संबंध में भी चर्चा की गई। सभी वांछित दस्तावेज, अच्छे क्वालिटी के अपलोड करने के निर्देश दिये गये ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रमाणपत्र बिना किसी बाधा के स्वीकृत हो सकें। बैठक में, पीएम. स्कूल का संचालन पर, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत तृतीय मूल्यांकन कार्य, मध्यान्ह भोजन योजना के क्रियान्वयन, न्योता भोजन का संचालन एवं उल्लास कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के छात्रावास/आश्रमों में स्वीकृत, भवन विहीन छात्रावास/आश्रमों की स्थिति इत्यादि के संबंध पर जानकारी ली गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, सहायक जिला परियोजना अधिकारी रविन्द्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की वन, श्रम, खनिज सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

सूरजपुर। कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा वन, श्रम, खनिज, उद्योग और अंत्यावसायी विभाग और एस ई सी एल के कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं एस ई सी एल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में खनिज विभाग अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार पूर्ण किए गए लक्ष्यों,



रॉयल्टी भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने खनिजों की जानकारी लेते हुए जिले में अवैध खनन, परिवहन, भंडारण, उत्खनन में दर्ज प्रकरणों की संख्या, वसूल की गई राशि की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले में अनुपयोगी माइंस का सर्वे कर संभावना को देखते हुए केनापारा जैसे प्रोजेक्ट के विकास के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुविधा के लिए इन माइंस के उपयोग की दिशा में कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने श्रम विभाग से जिले में श्रमिक कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

# कुनकुरी में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक दिवसीय उद्यमिता शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में चल रहे उद्यमिता जागरूकता शिविर कार्यक्रम अंतर्गत आज अशासकीय लोयला महाविद्यालय कुनकुरी में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जिला जशपुर द्वारा आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 400 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नंदजी पाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुनकुरी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र, छात्राओं को सफल उद्यमी बनने के गुण सिखाए एवं एम.एस. पैंकरा महाप्रबंधक, उद्योग विभाग द्वारा विभाग की मुख्य योजना-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं विभाग की अन्य योजनाओं के बारे जानकारी दी योगेश ध्रुव ने अंत्यावसायी योजनाओं के बारे में बताया संत महतो ने एनयूएलएम योजना एवं मनोज गौतम ने उद्योग स्थापना एवं सफल उद्यमी के गुण के बारे में जनाकरी दी साथ ही सीए ऋषभ जैन द्वारा आकाउंट एवं जीएसटी से सबंधित जानकारी प्रदान की साथ ही महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ तेलेसफर लकड़ा, प्रोफसर डी.डी. प्रसाद, प्रो. डी.के. पाठक एवं प्रो, कंचन बेक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आज के उद्यमिता जागरूता शिविर का छात्रों को विशेष महत्व बताया और इसका लाभ लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के समापन के पश्चात् शिविर के लिए आई टीम द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं 100 छात्र-छात्राओं ने किया 28 करोड़ वर्ष पुराने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



केंद्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं 100 छात्र-छात्राओं ने 28 करोड़ वर्ष पुराने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह पार्क मनेन्द्रगढ़ के पास स्थित है और यहाँ पर पाए गए समुद्री जीवाश्म प्राचीन गोंडवाना महाद्वीप के समुद्री जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। भ्रमण के दौरान, डॉ. विनोद पांडेय, जो जिला पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के नोडल अधिकारी हैं, ने छात्र-छात्राओं को जीवाश्मों के महत्व, उनकी उत्पत्ति और इस क्षेत्र के भूगर्भीय इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोंडवाना महाद्वीप, जो आज के भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और अन्य महाद्वीपों का हिस्सा था, समुद्री जीवन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। यहां के जीवाश्मों का अध्ययन वैज्ञानिकों को प्राचीन समुद्रों, जलवायु और जीवों के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। डॉ. पांडेय ने छात्रों को यह भी बताया कि ये जीवाश्म न केवल ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी तंत्र के अध्ययन के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को इस धरोहर के संरक्षण की आवश्यकता को भी समझाया और बताया कि इस तरह के जीवाश्मों का अवलोकन वैज्ञानिकों को पृथ्वी के इतिहास को समझने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, छात्रों को इस क्षेत्र के भूगर्भीय संरचनाओं, जैसे प्राचीन समुद्र के तल, जीवाश्म के प्रकार, और इनकी संरचना के बारे में भी बताया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को जीवाश्म विज्ञान, भूविज्ञान, और प्राचीन पर्यावरण के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस प्रकार का शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा के दृष्टिकोण से लाभकारी होता है, बल्कि यह उन्हें अपनी धरोहर के प्रति जागरूक भी करता है। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में प्राकृतिक धरोहर के प्रति सम्मान और संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी पैदा करना था।

# जनपद पंचायत मनोरा में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निकासी बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत मनोरा में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में संपादित हुए कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण होने के उपरांत विगत दिवस निकासी बैठक का आयोजन ओंकार यादव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान जनपद पंचायत मनोरा के 44 ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण के उपरांत ग्राम सभा द्वारा अनुशंसित निर्णयों के आधार पर प्राप्त प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक एवं सचिवों को महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत संधारित की जाने वाली 7 पंजियों के संधारण नहीं किये जाने के कारण अधिरोपित अर्थदण्ड और ग्राम पंचायत मे में पायी गयी अनियमितता की कुल राशि 89986 (शब्दों में नवासी हजार नौ सौ छियासी रुपये) को वसूली हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही भविष्य में इस प्रकार की गलतियों का दोहराव न करें एवं निकासी बैठक के दौरान अपने पक्ष में आवश्यक साक्ष्य के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। आज आयोजित निकासी बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा, जिला सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता सामाजिक अंकेक्षण इकाई जिला जशपुर, कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा सहित सभी तकनीकी सहायक एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमेजन इंडिया की 'डिब्बों से बढ़कर' पहल महाकुंभ मेले में आरामदायक रातों का करती है वादा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




अमेजन इंडिया हर 12 साल में एक बार आयोजित किये जानेवाले 2025 के महा कुंभ मेला में उपस्थितों के अनुभव को बढ़ाने के लिए एक अभिनव विचार के साथ एक चुनौती का समाधान करने के लिए तैयार है। जनवरी और फरवरी में लाखों श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस 45 दिवसीय मेले में एकत्र होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान आरामदायक विश्राम की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, अमेजन इंडिया ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसके तहत वे अपनी सिग्नेचर कार्डबोर्ड पैकेजिंग बॉक्स को पोर्टेबल बिस्तरों में बदलेंगे, जिसका उद्देश्य उपस्थितों को आरामदायक नींद प्रदान करना है। इन अपसायकल किए गए बिस्तरों को सुनिश्चित करने के लिए, ये बिस्तर उपस्थितों को मुफ्त में उपलब्ध होंगे। अमेजन ने महा कुंभ प्राधिकरण के साथ मिलकर इस मेले के मैदानों में उन प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है, जहां ये अमेजन के बिस्तर अत्यंत आवश्यक आराम प्रदान करेंगे। इन बिस्तरों का एक बड़ा हिस्सा लॉस्ट एंड फाउंड केंद्र को आवंटित किया जाएगा, जहां ये संकट में फंसे लोगों की सहायता करेंगे, जबकि कुछ बिस्तर सामान्य जनता के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, कुछ बिस्तर कुंभ पुलिस कर्मचारियों और कुंभ अस्पताल को भी प्रदान किए जाएंगे।


# आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए ऋण प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से हटे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा कि आरोहन ने सुधारात्मक कदम उठाए और अपनी विभिन्न अनुपालनों को प्रस्तुत किया। कंपनी की प्रस्तुतियों के आधार पर और उनके द्वारा अपनाई गई पुनर्गठित प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियामक दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से ऋण मूल्य निर्धारण में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, आरबीआई ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए प्रतिबंधों को तुरंत प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है, केंद्रीय बैंक ने जोड़ा। पूर्व निर्धारित गतिविधियों के तहत, आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज, एक प्रमुख एनबीएफसी एमएफआई, छत्तीसगढ के 2 स्थानों पर फरवरी 2025 में एक एनजीओ के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर रहा है, ताकि वंचित समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार हो सके। इस पहल का उद्देश्य उन लोगों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना है, जो उन समुदायों से आते हैं जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित है। आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज विभिन्न जिलों जैसे कांकेर और रायगढ़ में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई जांच आदि जैसी बुनियादी स्वास्थ्य जांच की पेशकश करेगा। सामान्य बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों को ओवर-द-काउंटर दवाइयां प्रदान की जाएंगी,जबकि विशेष उपचार की आवश्यकता वाले लोगों को आगे की देखभाल के लिए जिला सरकारी अस्पतालों में भेजा जाएगा। आगे बढ़ते हुए, आरोहन बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में 151 स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का प्रारंभिक पता लगाना और प्रबंधन करना है।

# 50 हजार के अधिक बकाया राशि वाले 25 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com




विद्युत विभाग के द्वारा 50 हजार के अधिक बकाया राशि वाले 25 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए. भाटापारा / विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय के अधीनस्थ विभिन्न स्थानों के 50 हजार से अधिक बकाया वाले विद्युत कनेक्शनो पर कार्यवाही करते हुए 25 उपभोक्ताओं के सीधे कनेक्शन काट दिए गए। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई कार्यवाही से विद्युत उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। विद्युत विभाग अब ऐसे प्रकरणों के निपटारे के लिए न्यायालय जाने की तैयारी कर रहा है। कटी हुई लाईनों के विवरण-उपभोक्ता का नाम 5. 1 जसमीन राज सिंह 2 रेनुका कुर्रे 3 नीरज चनेजा 4 मेसर्स सांई ब्रिक्स 5 फेकन बाई गंगा राम यादव 7 राम कुमार यदु 8 प्रताप सिंह टंडन 9 मती बेबी बाई सोनकर 10 मती चित्रा बाई घृतलहरे ग्राम / वार्ड भाटापारा बकाया राशि 104586.00 गुरूनानक वार्ड भाटापारा 80468.00 रविदास वार्ड भाटापारा 79049.00 ढाबाडीह 71558.00 71401.00 सेमरिया 50546.00 अमलीडीह 56429.00 सेन्दरी 62209.00 सिमगा 51644.00 चौरंगा 68765.00 बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसक कारण संभाग में बकाया राशि बढ़कर लगभग 67.61 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के पश्चात सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं फिल्ड स्टाफद्वारा बकाया राशि वसूली एवं कनेक्शन काटने में जुट गए हैं। इसके लिए अलग टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है एवं आगे भी इस तरह की कार्यवाही चालु रहेगी ।

# होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई और प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में बढ़ाया कदम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल CB 650 क्र और CBR 650 क्र लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे।

इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''हमें भारत में CB 650 क्र और CBR 650 क्र के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें भरोसा है कि ये नई बाइक्स प्रीमियम मोटरसाइकिलिंग के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, "CB650 क्र और CBR 650 क्र को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं।

# रॉयल स्टैग बूमबॉक्स-अपने तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पिछले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, सीग्राम रॉयल स्टैग अनुभवात्मक संगीत समारोह, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स को वापस लेकर आ रहा है, जो संगीत की विविध शैलियों- बॉलीवुड और हिप-हॉप- के साथ जश्न मनाता है। नई धुनें और वास्तविक संगीत बनाते हुए, इस साल की श्रृंखला में प्रख्यात कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं- अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, नीति मोहन, निकिता गांधी, रफ्तार, इक्का और डीजे योगी। मुंबई, 14 जनवरी 2025: सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के साथ वापस आ रहा है, जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा. यह अनूठा सांस्कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा, जो ब्रांड के 'लिविंग इट लार्ज' दर्शन के अनुरूप है। ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हिप-हॉप की रॉ एनर्जी के साथ बॉलीवुड की कालातीत धुनो को एक साथ लाता है, जो आज की पीढ़ी के लिए जनरेशन लार्ज की मूल ध्वनि का निर्माण करता है। त्योहार का अनूठा प्रारूप एक अलग ध्वनि बनाता है जो आज के युवाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है- एक ऐसा चलन जो रुझानों का अनुसरण करने के बजाये खुद अपने आप को बनाता है।

**दस्तावेजों की जांच में उम्र का हुआ खुलासा**

# जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा 15 वर्षीय बालिका का रोका गया बाल विवाह

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा 15 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रोका गया है। ग्रामीणों द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को सूचना दिया गया कि सूरजपुर में एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह होने जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को तत्काल टीम गठित कर बालिका के उम्र सत्यापन करने तथा वैवाहिक आयु पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में बाल विवाह रोकने की कार्यवाही करने के निर्देशित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा बाल विवाह होने की सूचना अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को दिए जाने पर नायब तहसीलदार को संयुक्त टीम के साथ विवाह स्थल पर जाने के निर्देश दिए गए। संयुक्त टीम द्वारा विवाह स्थल पर पहुँच कर बालिका का उम्र संबंधित दस्तावेज मांगने पर बालिका के परिजनों द्वारा बताया गया कि बालिका का उम्र आधार कार्ड के अनुसार 19 वर्ष हो रहा है जिस आधार पर बालिका का विवाह किया जा रहा है। उपस्थित टीम द्वारा परिजनों को समझाया की विवाह हेतु स्कूल कि अंकसूची में दर्ज जन्मतिथि ही वैध होता है। बालिका के परिजनों द्वारा बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही के दौरान स्थानीय वार्ड पार्षद को बुलाया गया। परिजनों के समर्थन में वार्ड पार्षद द्वारा आधार कार्ड को आवश्यक दस्तावेज मानते हुए विवाह सम्पन्न कराने हेतु टीम के समक्ष अपनी बात रखी। परिजनों द्वारा अंकसूची नहीं दिखाने पर शासकीय प्राथमिक शाला से बालिका का दाखिल खारिज टीम द्वारा लाया गया। जिसमें बालिका की आयु दाखिल खारिज के अनुसार 15 वर्ष हो रहा था। बालिका का वैवाहिक आयु पूरा नहीं होने के कारण परिजनों को समझाइश दिया गया कि बालिका का यदि इस आयु में विवाह किया जाता है तो वह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत अपराध है, यदि बाल विवाह होता है तो दो साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना हो सकता है। बाल विवाह में शामिल होने वाले व बाल विवाह को समर्थन करने वाले व्यक्ति को भी दो साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान है। उक्त समझाइश के बाद वार्ड पार्षद द्वारा बालिका के परिजनों को बाल विवाह नहीं करने की बात कहते हुए विवाह स्थल चले गए। जिसके बाद बालिका के परिजन व रिश्तेदार बालिका का बाल विवाह नहीं करने कही गयी तब वर पक्ष को फोन कर बताया गया कि बालिका की आयु कम है उसने वैवाहिक आयु पूर्ण नहीं की है इस स्थिति में आप लोगों के द्वारा बालिका का विवाह सम्पन्न कराया जाता है तो अपराध दर्ज कराया जाएगा। इस पर वर पक्ष द्वारा भी बाल विवाह नहीं करने को सहमत हुए तब संयुक्त टीम द्वारा विवाह स्थल पर बाल विवाह नहीं करने का पंचनामा एवं परिजनों व बालिका का कथन तैयार किया गया। बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, नायब तहसीलदार रूपाली मेश्राम, परियोजना समन्वयक कार्तिक मजुमदार, पुलिस थाना सूरजपुर से एएसआई गुरु प्रसाद यादव, एसआई बबीता यादव, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पा पैकरा, आरक्षक पुष्पेन्द्र राजवाड़े, अविधा उईके सेक्टर पर्यवेक्षक, चाइल्ड हेल्पलाइन से शीतल सिंह, रमेश साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मिशन क्लीन सिटी बगीचा में प्रतिदिन हो रहा डोर टू डोर कचरा संग्रहण

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार मिशन क्लीन सिटी योजना के तहत नगर पंचायत बगीचा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में शत प्रतिशत डोर टू डोर कलेक्शन के लिए निकाय में एक एस.एल.आर.एम. केंद्र एवं संग्रहित गीले कचरे से खाद बनाने के लिए एक कंपोस्ट शेड का संचालन किया जा रहा है। जिसमें स्व-सहायता समूह की 20 महिलाओं द्वारा शहर के सभी 15 वार्डों में प्रतिदिन सुखा एवं गीला कचरा अलग-अलग कनेक्शन करने के लिए पार्टिशन युक्त 10 ई-रिक्शा व का उपयोग किया जा रहा है। शहर को स्वच्छ रखने एवं संग्रहित कचरे को सही तरीके से निष्पादन करने में स्वच्छता दीदियों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है, साथ ही आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंक पाने के लिए भी बगीचा के सभी 15 वार्डों में सफाई व्यवस्था बेहतर होनी जरूरी है। कचरा प्रबंधन के साथ ही मिशन क्लीन सिटी में। कार्यरत समूह की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। घरों से निकलने वाले सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, टीना, डिस्पोजल सामग्री, कार्ड बोर्ड आदि को विक्रय कर अतिरिक्त आय अर्जित की जा रही है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन

## सेक्टर 6 में लक्ष्मी द्वार के पास स्थित है छत्तीसगढ़ पवेलियन

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में राज्य के स्थानीय लोगों के लिए छत्तीसगढ़ पवेलियन पूरी तरह से तैयार है। राज्य के लोगों को प्रयागराज में भी अपनेपन का अहसास मिले इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए लोगों के निःशुल्क ठहरने और भोजन करने भी व्यवस्था की है। छत्तीसगढ़ के जो भी श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। छत्तीसगढ़ पवेलियन महाकुंभ मेला के सेक्टर 6 में स्थित है। यह ठीक बघाड़ा थाना मेला के पास स्थित है जहां आने के लिए लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना है। यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन प्रयाग है। सड़क अथवा हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालु इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते दारागंज होते हुए पुराना लोहे का यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं।

## वनवासियों को वनोपज का अधिक से अधिक लाभ मिले: वन मंत्री कश्यप



**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा वनवासियों को वनोपज का अधिक से अधिक लाभ मिले यह सुनिश्चित की जा रही है। जंगल वनवासी बंधुओं के जीवन का आधार है इसका संरक्षण और संवर्धन करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार 67 प्रकार के विभिन्न लघु वनोपज की खरीदी कर रही है और इसकी संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। ताकि वनोपज खरीदी का अधिक से अधिक लाभ वनवासियों का मिल सके। यह बात वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने आज राजधानी स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण और अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि वन अतिक्रमण और तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पुरंदर मिश्रा ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.श्रीनिवास राव उपस्थित थे।

# बिजली मुख्यालय में सीई एचआर द्वारा विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित सेवा भवन मुख्यालय परिसर में मुख्य अभियंता मानव संसाधन ट्रांसमिशन कंपनी वीरेंद्र कुमार दीक्षित द्वारा विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यालय परिसर में जनसंपर्क, औद्योगिक संबंध, विधि, चिकित्सा तथा सुरक्षा संबंधित विभाग प्रमुख कार्यालय स्थित है। दीक्षित ने इन कार्यालयों तथा संबंधित सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यालयों में जाकर प्रचलित कार्यप्रणाली, लंबित प्रकरणों तथा भावी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुख्यालय परिसर में स्थित पालना घर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों की समुचित देख-रेख के साथ उन्हें रोचक ढंग से प्रशिक्षित करने की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। चिकित्सालय में मरीजों को मिलने वाली सेवाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने हेतु सुझाव दिया। चिकित्सालय में स्थित पैथोलॉजी लैब के बेहतर संचालन हेतु मार्गदर्शन दिया। जनसंपर्क कार्यालय द्वारा इस वर्ष किए जाने वाले प्रकाशनों के संबंध में जानकारी दी गई जिस पर दीक्षित ने खुले आसमान के नीचे सार्वजनिक उपयोग में आने वाली सुविधाओं तथा अधोसंरचनाओं के उचित रख-रखाव हेतु भी जन-जागरण अभियान संचालित करने की आवश्यकता बताई। औद्योगिक संबंध कार्यालय में उन्होंने कर्मचारी संगठनों से संबंधित मुद्दों की जानकारी ली तथा प्रबंधन के मार्गदर्शन अनुसार समुचित कार्यवाही करने का सुझाव दिया। दीक्षित के द्वारा विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त महाप्रबंधक जनसंपर्क उमेश कुमार मिश्र, उपमहाप्रबंधक औद्योगिक संबंध गोपाल खंडेलवाल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्रीनिवास राव, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी औद्योगिक संबंध अतुल तिवारी, प्रकाशन अधिकारी गोविंद पटेल, विधि अधिकारी सुनील पटेल भी थे।

## मत्स्य संपदा योजना के हितग्राही को मिला चार पहिया वाहन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम चंद्रगढ़ी के हितग्राही घनश्याम निषाद को चार पहिया पिकअप वाहन प्रदान किया गया। कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने हितग्राही को वाहन की चाबी सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। कलेक्टर ने इस योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मछली पालन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से मछली उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ मछुआरों के कल्याण को भी प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने हितग्राही को चार पहिया वाहन के इस्तेमाल को अपने व्यवसाय में लाभकारी बनाने और अधिक से अधिक आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार सजग : वित्त मंत्री चौधरी

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार सजग है और पिछड़े एवं दूरस्थ इलाकों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बैंकिंग सिस्टम रीढ़ की तरह है। बिना बैंकिंग सुविधा का विकास किए बिना हम प्रदेश का विकास नहीं कर सकते इसलिए हमें तेजी से बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करना होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ डीबीटी के मामले में देश में अग्रणी राज्य है। राज्य में पहले की अपेक्षा में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन अभी और विस्तार की गूंजाईश है। उन्होंने बताया कि राज्य का सीडी रेसियो राष्ट्रीय स्तर से बेहतर है और छत्तीसगढ़ देश में तीसरा सर्वाधिक सीडी रेसियो वाला राज्य है। लेकिन कुछ जिलों का सीडी अनुपात कम है, इसे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। वित्त मंत्री चौधरी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को खरीफ के साथ-साथ रबी, उद्यानिकी, मत्स्यपालन और पशुपालन के लिए भी पर्याप्त मात्रा में ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख से अधिक आवास निर्माण का वृहद अभियान चलाया जा रहा है। पीएम आवास के लाभार्थियों को यदि बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है तो लाभार्थियों के लिए व्यवस्थित और सुविधायुक्त आवास बनाने में आसानी होगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसरों के साथ-साथ आर्थिक क्रियाकलापों में भी बढ़ोतरी होगी। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नवा रायपुर में बैंकों के रीजनल और हेड ऑफिस प्रारंभ करने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में रीजनल और हेड ऑफिस बनाने के लिए सरकार द्वारा जमीन आवंटन प्राथमिकता से किया जाएगा।

# पीली सरसों की मुस्कान और मक्के की महक

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिले के ग्राम जंगलेशर में खेतों की हरियाली और पीली सरसों के फूलों की मनोहारी छटा केवल प्रकृति की खूबसूरती नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की कहानी बयां कर रही है। फसल चक्र परिवर्तन और शासन की योजनाओं के लाभ से प्रेरित होकर, यहां के किसानों ने परंपरागत खेती को छोड़कर मक्का, सरसों और गेहूं जैसी लाभदायक फसलों की ओर कदम बढ़ाए हैं। धान की परंपरागत खेती से हटकर इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं प्रगतिशील किसान अशोक रामचंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता और प्रसन्न कुमार जैन, जिन्होंने अपने कुल 50 एकड़ खेत में मक्का, 15 एकड़ में सरसों और 30 एकड़ में गेहूं की फसल लगाई है। इन किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाकर यह साबित किया है कि कम पानी और कम लागत में भी बेहतर मुनाफा कमाया जा सकता है। सरसों की खेती में प्रति एकड़ मात्र 5 हजार रुपये की लागत आती है, जबकि उत्पादन 6-7 क्विंटल तक पहुंचता है, जिससे किसानों को लगभग 40-42 हजार रुपये का शुद्ध लाभ होता है। इसी तरह, मक्का की खेती से 60 हजार रुपये और गेहूं से 30 हजार रुपये प्रति एकड़ की आय हो रही है। शासन द्वारा किसानों को मक्का और सरसों का उच्च गुणवत्ता वाला बीज निःशुल्क प्रदान किया गया है। साथ ही, कीट प्रबंधन और फसल देखभाल की तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए जरूरी : टंक राम वर्मा



पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com


खेल मंत्री टंकराम वर्मा आज तिल्दा के बी.एन.बी. स्कूल में आयोजित शाला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। शिक्षा की डिग्री लेने के साथ-साथ नैतिक, व्यवहारिक तथा खेल भी जरूरी है। विद्यालय को अच्छा बनाने की जिम्मेदारी न केवल शिक्षकों की अपितु विद्यार्थी और पालकों की भी है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने में सभी की भागीदारी जरूरी है। राजस्व मंत्री वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत कीजिए बिना वक्त देखकर, वक्त भी इंतजार करेगा मेहनत देखकर। पढ़ाई के साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। आज के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिल्दा क्षेत्र के विभिन्न शालाओं में विकास कार्यो के लिए की गई घोषणाओं में से 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिन स्कूलों के लिए राशि जारी हुई है वहाँ अब काम प्रारम्भ कर शीघ्र पूर्ण करने कहा।

## रायपुर में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन और उप संचालक खनिज के निर्देशानुसार बीती रात अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग की टीम ने सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाकर 12 हाईवा रेत को जब्त किया गया। यह कार्रवाई रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की गई, जिसमें उपरवारा, नयापारा, अभनपुर और खरोरा शामिल हैं। जब्त हाईवा वाहनों को संबंधित थानों में सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग की टीम ने रायपुर के विभिन्न मार्गों पर चल रहे जांच अभियान के दौरान यह कार्रवाई की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसी कार्रवाई निरंतर की जाए, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर मनमोहक रकसगंडा वॉटरफॉल

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के सूरजपुर जिले का रकसगंडा वॉटरफॉल प्राकृतिक सुंदरता का एक ऐसा अद्भुत उदाहरण है, जो हर किसी को अपने आकर्षण से मोहित कर लेता है। जिला मुख्यालय सूरजपुर से लगभग 120 किलोमीटर की दूरी पर, ओडगी विकासखंड के नवगई गांव में स्थित यह जलप्रपात रेण नदी पर बना हुआ है। यह क्षेत्र मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, जहां प्रकृति ने अपनी कलात्मक छवि प्रस्तुत की है। रकसगंडा वॉटरफॉल न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और उन लोगों के लिए आदर्श है, जो अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ पल सुकून के तलाश में रहते हैं। घने वनों और जलप्रपात की मधुर ध्वनि के बीच बिताए गए पल हर किसी के लिए यादगार बन जाते हैं। करीब 50 फीट की ऊंचाई से गिरता जल, जब पत्थरों के समूह के बीच से बहता है, तो उसकी कलकल ध्वनि और मनमोहक दृश्य एक अद्वितीय अनुभव कराते हैं। घने जंगलों के बीच स्थित यह वॉटरफॉल न केवल पर्यटकों के लिए एक शानदार पिकनिक स्थल है, बल्कि उनकी आत्मा को शांति और सुकून भी प्रदान करता है। रकसगंडा वॉटरफॉल की खासियत इसके आसपास की अद्भुत भू-आकृति है। यहां विभिन्न संरचनाओं में फैले विशाल पत्थरों का समूह देखने लायक है। इन पत्थरों के बीच से बहती रेण नदी की धारा ऐसा प्रतीत कराती है मानो प्रकृति ने खुद इसे अपनी कलाकारी से सजाया हो। ठंड के मौसम में यह स्थान और भी आकर्षक हो जाता है, जब यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने और प्रकृति के करीब समय बिताने पहुंचते हैं। त्यौहारों, छुट्टियों एवं नए साल के अवसर पर रकसगंडा वॉटरफॉल पर्यटकों से गुलजार रहता है। दूर-दूर से लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ यहां के मनोरम दृश्यों का आनंद लेने आते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और बहते पानी की मधुर ध्वनि हर किसी को सुकून का एहसास कराती है।

17 Jan. 2025 — Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM · POOL · FOOD
KITTY PARTY · ANNIVERSARY · BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट · चैनलिंक जाली · पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
▪ हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स
▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313, 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70% | पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403